हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • बुधवार • 18.06.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 324 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

**एक नजर**

### रांची में 19 और 20 को भारी बारिश का अलर्ट

**रांची** : जिला प्रशासन की ओर से 19 और 20 जून को भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इसे लेकर जिला प्रशासन ने लोगों से एहतियात बरतने की सलाह दी है। प्रशासन की ओर से मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया है कि मौसम विज्ञान केंद्र, रांची की ओर से इन दो दिनों तक अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी की गई है। इसलिए भारी बारिश से रांची में परिवहन और बिजली आपूर्ति में व्यवधान की आशंका है। साथ ही इससे निचले इलाकों में जलजमाव की भी आशंका है। प्रशासन की ओर से कहा गया है कि बारिश से कमजोर संरचना और कच्ची सड़कों को नुकसान का खतरा है। साथ ही भारी बारिश से जान-माल को भी खतरा हो सकता है। प्रशासन की ओर से राजधानीवासियों से अपील की गई है कि वे निचले इलाकों से दूरी बनाए रखें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। इसके अलावा गैर-जरूरी यात्रा से बचने और सड़कों पर जलभराव की स्थिति में सावधानी बरतने, बिजली उपकरणों का उपयोग सावधानी से करने और बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में स्थानीय प्रशासन से संपर्क करने को कहा गया है।

### मुख्यमंत्री से शहीद आरक्षी के परिजनों ने की मुलाकात, दी गयी 2.66 करोड़ की सहायता राशि

## राज्य सरकार सदैव शहीदों के परिजनों के साथ खड़ी रहेगी : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आरक्षी सुनील धान ने राज्यवासियों की सेवा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है, हम उनकी शहादत को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार एक शहीद परिवार की पीड़ा को गहराई से समझती है। झारखंड हमेशा अपने शहीदों का ऋणी रहेगा। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अपने आवासीय कार्यालय में झारखंड जगुआर (एसटीएफ) के बलिदानी आरक्षी सुनील धान के परिजनों से मुलाकात के दौरान ये बातें कहीं।




इस मौके पर मुख्यमंत्री सोरेन ने बलिदानी आरक्षी सुनील धान के परिजनों को सम्मान राशि के रूप में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पुलिस सेलरी पैकेज के अंतर्गत निर्गत 1 करोड़ 20 लाख रुपये की वित्तीय सहायता राशि का चेक सौंपा जबकि गृह विभाग ने 1 करोड़ 46 लाख 26 हजार 972 रुपये की राशि उनके बैंक खाते में भेजी।


मुख्यमंत्री सोरेन ने बलिदानी जवान के परिजनों से बातचीत की और उनकी पारिवारिक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बलिदानी के परिजनों के साथ सदैव खड़ी है। आरक्षी सुनील धान जी ने राज्यवासियों की सेवा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है, हम उनकी शहादत को नमन करते है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार एक शहीद परिवार की पीड़ा को गहराई से समझती है। झारखंड हमेशा अपने शहीदों का ऋणी रहेगा। उन्होंने शहीद के परिजनों का हिम्मत बढ़ाते हुए कहा कि राज्य सरकार अपने बहादुर आरक्षी सुनील धान के परिवार के साथ है। हमारी सरकार शहीद के बलिदान के सम्मान में उनके परिजनों को हरसंभव मदद करती रहेगी।

मुख्यमंत्री ने शहीद आरक्षी सुनील धान की माता फगनी उराइन, पत्नी गंदरी धान और दो पुत्र प्रियांश धान और अनिकेत धान सहित अन्य परिजनों ने संवाद कर पारिवारिक स्थिति की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने परिजनों से कहा कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने शहीद आरक्षी सुनील धान की पत्नी से कहा कि राज्य सरकार के प्रावधान के तहत आप चाहें तो अनुकंपा पर सरकारी नौकरी कर सकती हैं। शहीद की पत्नी ने मुख्यमंत्री से कहा कि उनके बच्चे अभी काफी छोटे हैं। आने वाले दिनों में वे नौकरी करने के संबंध में विचार करेंगी।

### हिम्मत और धैर्य के साथ आगे बढ़ें, सरकार आपके साथ

मुख्यमंत्री ने शहीद की पत्नी से कहा कि आप सभी परिजन हिम्मत और धैर्य के साथ आगे बढ़ें, राज्य सरकार सदैव आपके दुःख-सुख में साथ खड़ी रहेगी। मुख्यमंत्री से शहीद आरक्षी सुनील धान की माता फगनी उराइन ने कहा कि खूंटी जिला स्थित कर्रा प्रखंड के कांटी पोहरा टोली में उनका पुश्तैनी घर है, जहां आय के लिए खेतीबाड़ी के साधन उपलब्ध है। मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहीद के परिजनों को मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ उन्हें शीघ्र प्रदान किए जाएं। पेंशन सहित अन्य लाभ से परिजनों को जोड़ें।

## इजरायल-ईरान युद्ध : ट्रम्प का तेहरान के लोगों से शहर खाली करने का आग्रह



एजेंसी

**वाशिंगटन** : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच तेहरान के लोगों से शहर खाली करने का आग्रह किया है। श्री ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ' पर लिखा, ईरान को वह 'सौदा' हस्ताक्षर करना चाहिए था जो मैंने उन्हें करने के लिए कहा था। यह शर्म की बात है और मानव जीवन की बबार्दी है। मैं बार-बार कहता आया हूं कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता। हर किसी को तुरंत तेहरान खाली कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीधे शब्दों में कहें तो ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता।

श्री ट्रम्प की यह पोस्ट और घोषणा तब आई जब ईरान ने इजरायल की राजधानी तेल अवीव पर मिसाइलें दागीं जिसमें आठ लोगों की मौत हो गयी। बाद में इजरायल ने जबावी कार्रवाई की और तेहरान में ईरानी सरकारी मीडिया एजेंसी आईआरआईबी के लाइव प्रसारण के दौरान उस पर हमले किये। इसमें 227 से अधिक ईरानियों की मौत हो गयी जबकि अब तक इजरायल में कुल 24 लोगों की मौत हुयी है। इजरायली हमलों में शीर्ष ईरानी सैन्य अधिकारियों सहित नव नियुक्त आईआरजीसी कमांडर जनरल अली शादेमानी भी मारे गये हैं। इससे पहले, उनके पूर्ववर्ती गुलाम अली राशिद भी मारे जा चुके हैं। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने चेतावनी दी कि ईरानी नागरिकों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। 'टाइम' की रिपोर्ट के अनुसार श्री ट्रम्प जी7 बैठक बीच में ही छोड़कर नयी स्थिति से निपटने लौट आये। अमेरिका ने यूरोप में और विमान तैनात किये हैं ताकि वे पश्चिम एशिया के करीब रहकर अमेरिकी हितों की रक्षा कर सकें।

अमेरिकी रक्षा मंत्री ने सोमवार को 'एक्स' पर बताया था कि पश्चिमी एशिया में 'अतिरिक्त क्षमताएं' भी भेजी गयी हैं। उन्होंने कहा, 'अमेरिकी सेना की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और यहां तैनाती का उद्देश्य इस क्षेत्र में हमारी रक्षात्मक स्थिति को बढ़ाना है।'



# व्यापारी को फोन पर ब्लैकमेल कर ठगे 80 लाख, तीन गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** पैसे वालों को ठगने के लिए बाकायदा गिरोह के रूप में अपराधी काम कर रहे हैं। रामगढ़ थाना क्षेत्र के रांची रोड, मरार निवासी एक बिजनेसमैन रविंद्र साहू को ऐसे ही एक गैंग ने अपना शिकार बनाया। पहले उन्हें फोन पर ब्लैकमेल किया और फिर उनसे 80 लाख रुपए ठग लिए। घर और परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी देने के कारण रविंद्र साहू न सिर्फ डर गए, बल्कि उन्होंने खुद की जान बचाने के लिए भी पैसे देना शुरू कर दिया। जब उन्हें ठगे जाने का एहसास हुआ, तब उन्होंने रामगढ़ थाने में मामला दर्ज कराया। रविंद्र ने ठगों की ओर से उपलब्ध कराए गए बैंक खातों, क्यूआर कोड, यूपीआई कोड में उन्होंने इतनी बड़ी राशि अलग-अलग तारीख में भेजी। रामगढ़ पुलिस की सक्रियता के कारण इस गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया जा सका है। इनमें आकाश कुमार, सनी रवानी और कोमल कुमारी शामिल हैं। रामगढ़ पुलिस जब अपराधियों को पकड़ने धनबाद पहुंची तो तीन आरोपितों को कब्जे में लिया। पुलिस ने टीना गोदाम, पश्चिमी कोयरी, बांध रोड, झरिया निवासी आकाश कुमार, मंडारीडीह, कतरास निवासी सनी कुमार उर्फ सनी रवानी, उसकी पत्नी कोमल कुमारी को पुलिस ने पकड़ा तो पूरी कहानी खुलकर सामने आई। इन तीनों के बैंक खातों में लाखों रुपए का ट्रांजैक्शन हुआ था। पुलिस उनके बैंक खाते से मिले एड्रेस पर पहुंची तो अपराधी सकपका गए। सनी और उसकी पत्नी कोमल अपने मूल पते पर मौजूद नहीं थे। वे लोग बंसीलाल चौक धनबाद में किराए पर रह रहे थे। रामगढ़ पुलिस ने बेहद सटीक छापेमारी की तब यह सफलता हाथ लगी।

**पैसे ठग कर बिजनेस कर रहे थे अपराधी**

ठग गिरोह का शिकार हुए रविंद्र साहू ने बताया कि उनसे मोटी रकम ठगने के बाद अपराधी अपना बिजनेस बढ़ा रहे थे। उन्होंने बताया कि अनिकेत वर्मा, आकाश कुमार, सूरज कुमार साहू, कोमल कुमारी, सनी रवानी और नंदिनी साहू ने उनसे 80 लाख रुपए की ठगी की है। सभी छह आरोपितों के बैंक खातों, क्यूआर कोड और यूपीआई कोड में रविंद्र ने पैसे भेजे थे। उन्होंने पुलिस को यह भी बताया है कि उनसे ठगे गए पैसों का इन्वेस्टमेंट हरणा नामक अस्पताल में किया गया है। उन पैसों से गाड़ी, मोबाइल फोन, सोने-चांदी के जेवर तक खरीदे गए हैं। यहां तक की अपराधियों ने एक्सयूवी 300 ब्लैक कार जेएच 10 सीयू - 0501 भी खरीदी है। रविंद्र साहू ने पुलिस को बताया कि अनिकेत, आकाश, सूरज, कोमल, सनी और नंदिनी बेहद शातिर अपराधी हैं। उनका सरगना अनिकेत वर्मा है।उसने उनकी पत्नी और बच्चियों के अपहरण की भी धमकी दी। इसके बाद रविंद्र साहू डर गए और उन्होंने इतनी मोटी रकम का जुगाड़ शुरू किया। खुद के पैसों के अलावा उन्होंने अपने दोस्तों, परिवार के सदस्यों के खाते से भी पैसे ट्रांसफर किए।

## एक नजर

### बचे हुए नक्सलियों के खिलाफ चलेगा इंटर स्टेट अभियान : आईजी

**पलामू :** जोनल आईजी सुनील भास्कर ने मंगलवार को सर्किट हाउस में झारखंड-बिहार के सीनियर अधिकारियों के साथ अपराध और नक्सल को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में पलामू डीआईजी नौशाद आलम, सीआरपीएफ के डीआईजी पंकज कुमार, बिहार गया के एसएसबी डीआईजी मनवेंद्र नेगी, पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन, गढ़वा एसपी अमन कुमार, लातेहार कुमार गौरव सहित कई सीनियर अधिकारी शामिल हुए। बैठक में नक्सलियों के खिलाफ इंटर स्टेट अभियान और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। बचे हुए नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए इंटर स्टेट और इंटर डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टास्क फोर्स गठन किया गया। वैसे लोग जो जमानत पर जेल से बाहर निकले हैं उनपर निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। आईजी सुनील भास्कर ने बताया कि बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई है। नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाने के साथ-साथ अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई पर सहमति बनी है। बचे हुए नक्सलियों के कमांडरों को टारगेट करने के लिए कहा गया है और उनके खिलाफ विशेष रणनीति बनाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि मई माह में पलामू जोन में नक्सलियों के खिलाफ कई बड़ी कार्रवाई की गई थी। इस कार्रवाई में कई नक्सली कमांडर मारे गए थे और कई गिरफ्तार किए गए थे।

### पचास फीसदी आबादी वाले गांव होंगे योजनाओं से अच्छादित : नवीन

**खूंटी :** तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने कहा कि धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान शिविर का उद्देश्य जिन गांवों में 50 फीसदी से अधिक आबादी जनजातीय परिवार से संबंधित है, ऐसे परिवारों को विभिन्न विभागों की ओर से योजनाओं से पूर्णतः आच्छादित किया जाएगा। बीडीओ मंगलवार को तोरपा प्रखंड की ओकड़ा पंचायत में आयोजित धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करे रहे थे। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाएं। इस अभियान के अंतर्गत लाभुकों को जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मौके पर कई लाभुगों को ऑन द स्पॉट पेंशन का लाभ दिया गया।

### काम के दौरान ऊंचाई से गिरकर मजदूर की मौत

**बोकारो :** औधोगिक क्षेत्र के शिव ओम एलोयज मे काम के दौरान ऊंचाई से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक दिलीप कुमार श्रीवास्तव उम्र 27 वर्ष। एक बेटा। मृतक कुमीडीह में अपने परिवार के साथ रहता था। घर की आर्थिक स्थिति दयनीय है। माता-पिता दोनों बीमार है। बोकारो औधोगिक क्षेत्र स्थित शिव ओम इंडस्ट्री में काम कर रहा था। बताया जाता है कि इंडस्ट्री के शेड की रिपेयरिंग का काम करने के दौरान दिन के करीब बाहर बजे ऊपर से नीचे गिर गया। इस घटना मे बुरी तरह घायल दिलीप को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई ने बताया कि मुझे मेरे दोस्त के द्वारा सूचना दी गई कि आपका भाई कंपनी में काम के दौरान गिर गया है। जिसके हाथ पैर में गंभीर चोट लगी है। मैं अस्पताल जाकर देखा तो मेरी भाई की मौत हो गई थी। वही आजसू जिला अध्यक्ष सचिन महतो ने बताया कि प्रशासन प्रबंधन की घोर लापरवाही के कारण एक मजदूर की जान गई है 40-50 फीट की ऊंचाई पर मजदूर से काम कराया जा रहा था सेफ्टी बेल्ट नहीं होने के कारण मजदूर दिलीप कुमार की मौत हो ।

# हजारीबाग में युवा कांग्रेस की प्रमंडलीय बैठक संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय प्रदेश युवा कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बतौर विशिष्ट अतिथि बरही के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और आगामी चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में हजारीबाग जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, युवा जिलाध्यक्ष प्रकाश यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजय तिवारी, जिला महासचिव संजय यादव, रेवाली पासवान, संतोष यादव और संजय राय सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके अलावा कोडरमा, रामगढ़, चतरा और गिरीडीह जिलों के युवा कांग्रेस जिलाध्यक्षों ने भी बैठक में भाग लिया और अपने-अपने क्षेत्रों की संगठनात्मक स्थिति की जानकारी दी।

# कालीचरण सिंह ने झारखंड ऊर्जा निगम के अधिकारियों से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चतरा :** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने मंगलवार को रांची स्थित झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड कार्यालय में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अविनाश कुमार जी से मुलाकात की और क्षेत्र में जारी भीषण विद्युत संकट को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान सांसद ने एक लिखित पत्र सौंपते हुए चतरा लोकसभा की बिजली व्यवस्था में व्याप्त गंभीर समस्याओं को तत्काल दूर करने की मांग की। सांसद सिंह ने बताया कि पूरे चतरा लोकसभा क्षेत्र में बिजली की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 4-5 घंटे ही बिजली मिल पा रही है, वह भी बहुत ही कम वोल्टेज पर, जिससे किसानों की सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है, विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है और आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि जिले में बड़ी संख्या में 200, 100, 63 और 25 ङश्अ क्षमता के ट्रांसफॉर्मर खराब पड़े हैं, जिससे कई गांवों में पूरी तरह अंधकार पसरा हुआ है। इन ट्रांसफॉर्मरों को अविलंब बदले जाने की आवश्यकता है, ताकि लोगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। सांसद ने विशेष रूप से लावालौंग प्रखंड की स्थिति पर चिंता जताते हुए बताया कि वहाँ की सभी आठ पंचायतें अब भी अंधेरे में डूबी हुई हैं। इन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े समाज के लोग निवास करते हैं, ऐसे में वहां प्राथमिकता के आधार पर बिजली उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। सांसद सिंह ने विभागीय अधिकारियों से आग्रह किया कि वे इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्ययोजना तैयार कर लोकसभा में बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाएं।

# सांसद और विधायक ने सुनील कुमार से की मुलाकात, पांच सड़कों के निर्माण की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चतरा :** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह मंगलवार को रांची में झारखंड सरकार के पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार से मुलाकात कर चतरा और आसपास के इलाकों की खराब सड़कों को ठीक करवाने की मांग किया। सांसद ने बताया कि खासकर नक्सल प्रभावित इलाकों में सड़क की हालत बहुत ही खराब है। गांव के लोग, किसान, बच्चे, मरीज–सबको आने-जाने में बहुत दिक्कत होती है। कई जगहों पर तो एंबुलेंस और स्कूल वैन भी नहीं पहुँच पाती। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सांसद कालीचरण सिंह ने पाँच अहम सड़कों के निर्माण की माँग रखी है। उन्होंने कहा कि अगर ये सड़कें बन जाती हैं, तो न सिर्फ लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि इलाके में विकास और रोजगार के भी रास्ते खुलेंगे।

इन पांच सड़कों की माँग की गई है - बगरा मोड़ (एनएच-99) से पांकी (पलामू) तक- यह चतरा और पलामू जिले को जोड़ेगा,मनिका बकोरिया (एनएच-75) से सुरजौन मोड़ पांकी डालटनगंज रोड तक- लातेहार जिला के लोगों को फायदा होगा,जोरी पाखा मोड़ (एनएच-99) से जोलडीहा होते हुए राजपुर और कान्हाचट्टी तक झ्र चतरा जिले के कई गांवों के लिए जरूरी रास्ता,राजपुर से बाराचट्टी जीटी रोड तक - यह रास्ता बिहार और झारखंड की सीमा को जोड़ेगा एंव पांकी डालटनगंज रोड से सगालीम, आसेहार, होटाई होते हुए सालमदीरी तक- पलामू जिला का यह इलाका बहुत पिछड़ा है, यहाँ सड़क बेहद जरूरी है।सांसद ने प्रधान सचिव से माँग की कि ये सारे प्रस्ताव जल्द से जल्द केंद्र सरकार को भेजे जाएं ताकि सड़क का काम जल्द शुरू हो सके। इस मौके पर चतरा विधानसभा के विधायक जनार्दन पासवान भी मौजूद थे।

# बसरिया पंचायत के विद्यालयों में स्कूली बैग का किया गया वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र के बसरिया पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय महुआबाद, कठम्बा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय अमझर तथा नवसृजित प्राथमिक विद्यालय जागोडीह में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तत्वावधान में वर्ग एक से पाँच तक के छात्र-छात्राओं के बीच पुस्तक व बैग का वितरण किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पंचायत की मुखिया मंजू देवी उपस्थित थीं। उनके साथ वार्ड सदस्य सुनैना देवी, सुनीता देवी, जुलिता देवी एवं समाजसेवी संतोष सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक, प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने बच्चों को नियमित पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना की और बच्चों को मिलने वाले इस सहयोग को प्रेरणादायक बताया।

# पुलिस के द्वारा निकाली गई नशा के खिलाफ प्रभात फेरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव पुलिस के द्वारा नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का शुभारंभ बड़का गांव पश्चिम पंचायत भवन प्रांगण से शुरू किया गया , प्रभात फेरी बड़का गांव चौक, दैनिक बाजार बसरिया टोला ,अंबेडकर मोहल्ला, पंडित मोहल्ला ,मुस्लिम मोहल्ला, ठाकुर मोहल्ला ,रेंज ऑफिस मुख्य चौक होते हुए थाना रोड पहुंचे। कार्यक्रम का नेतृत्व बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने किया। नशा मुक्ति अभियान प्रभात फेरी में बड़कागांव मॉडर्न पब्लिक स्कूल के भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भारी संख्या में अपनी सहभागिता निभाई। लोड स्पीकर के माध्यम से लोगों को नशा के दुष्प्रभाव एवं नशा के चपेट में आए हुए युवकों को घर - परिवार बर्बाद होने से बचने की अपील की गई। इस दौरान उपस्थित बच्चों एवं लोगों ने कई नारे भी लगाए जिनमें घर परिवार बचाना है, नशा मुक्त जीवन अपनाना है इत्यादि। मौके पर थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कहा कि ब्राउन- शुगर एवं अन्य मादक पदार्थ की खरीद - बिक्री करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा, पुलिस उन लोगों पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए हैं। वहीं लाउड स्पीकर माइक का संचालन मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम ने किया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी नेमधारी रजक, एएसआई राम निवास सिंह, मुखिया संघ के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, मुखिया मो तकरीमुल्लाह, पसंस उर्मिला कुमारी, उप मुखिया सत्यदेव कुमार, मनोज गुप्ता, मो इब्राहिम, सोनू इराकी, पंचायत सचिव अशोक नारायण तिवारी, रोजगार सेवक दीपक कुमार, वार्ड सदस्य किशोर कुमार मेहता, अनीता देवी, शिला देवी, सोनी कुमारी, सुनील कुमार, सेविका बबीता देवी, मालती कुमारी, ममता देवी, तारावती देवी, जल सहिया पिंकी देवी, तिलेश्वरी देवी, चिंता कुमारी, मानित कुमारी, नूतन कुमारी, रंजीत विश्वकर्मा, पवन राम, डीलर रामेश्वर राम, जीवन कुमार, रवि कुमार के अलावा सैकड़ो छात्र उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बादम में कांदू समाज ने कोल कंपनी के खिलाफ की बैठक

**बड़कागांव :** मंगलवार को कांदू समाज के द्वारा कोल कंपनी के विरोध में बैठक की गई बैठक में कांदू समाज के भारी संख्या में सदस्य लोग उपस्थित थे। जिसमें कंपनी के खिलाफ कई महत्वपूर्ण बातें रखी गई। कंपनी के सहयोग करने वाले पर आर्थिक जुमार्ना लगाने एवं समाज से बहिष्कृत करने का भी निर्णय लिया गया है। बैठक में 5 महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुए हैं जिसमें मुख्य रूप से पहला-अपने जमीन का कोई भी कागजात अब खनन कंपनी के दलालों को या कंपनी के ऑफिस में नहीं देना है। अगर जमीन का पैसा कोई आदमी उठता है तो उसे। लाख रुपए जुर्माना जमा करना होगा। दूसरा- कंपनी के द्वारा खाने-पीने का आयोजन में किसी भी सदस्य को नहीं जाना है अगर कोई ऐसे प्रोग्राम में शामिल हुए पकड़ा गया तो उसे 51000 जुमार्ना जमा करना होगा। तीसरा - कोल कंपनियों के ऑफिस के अगल-बगल भी जाना नहीं है अगर खनन कंपनियों के ऑफिस में कोई समाज का सदस्य पकड़ा गया तो उसे 51000 जुर्माना जमा करना होगा। चौथा- उपरोक्त बातों का जो उल्लंघन करेगा उसे समाज से बहिष्कृत कर दिया जाएगा एवं उपरोक्त कार्यों में शामिल हुए लोगों की सूचना जो भी सदस्य देंगे उन्हें जुर्माने का 10प्रतिशत इनाम दिया जाएगा। पांचवा- कंपनी के विरोध में और आंदोलन में अगर कंपनी के द्वारा किसी सदस्य पर किसी भी तरह का नुकसान होता है या केस मुकदमा होता है तो उसकी भरपाई समाज करेगा।

### बिरसा हरित चेतना अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक



**बड़कागांव :** प्रखंड में संचालित जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय के सभागार में बिरसा हरित चेतना के तहत प्रधानाध्यापक राम लखन महतो के अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। वहीं बिरसा हरित चेतना के लोक शिक्षक पश्चिमी वन प्रमंडल हजारीबाग बड़कागांव के बालेश्वर महतो एवं फूलो देवी के द्वारा छात्राओं को पर्यावरण से संबंधित जानकारी दिया गया। जिसमें अधिक से अधिक मात्रा में पेड़ पौधा को लगाने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने पर जोर दिया गया। वहीं फूलो देवी ने पर्यावरण से संबंधित गीत गाकर सुनाई। वहीं लोक शिक्षक बालेश्वर महतो एवं फूलो देवी ने संयुक्त रूप से कहा कि पर्यावरण बचाने से संबंधित जहां पर भी लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता पड़े तो हम लोगों से संपर्क करें हम लोग आएंगे और लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे। मौके पर पश्चिमी वन प्रमंडल हजारीबाग के लोक शिक्षक बालेश्वर महतो सहयोगी फूलो देवी विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम लखन महतो वरिष्ठ शिक्षिका विमला कुमारी, अशोक कुमार, अख्तर हुसैन, शोभा कुमारी, कुलदीप कुमार साहू, शंकर महतो, शंकर राणा, मीना वर्मा, जितेंद्र कुमार, प्रमिला देवी, अर्जुन सिंह एवं छात्राएं उपस्थित थे।

### चौपारण की मांसी गुप्ता ने नीट परीक्षा में पाई सफलता



**चौपारण :** चौपारण की मांसी गुप्ता ने नीट परीक्षा 2025 में अपनी मेहनत और समर्पण के बल पर शानदार सफलता हासिल की है। मांसी ने ऑल इंडिया स्तर पर 13,700 रैंक प्राप्त किया है, जो उनके उत्कृष्ट परिश्रम का परिणाम है। मांसी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मुनम पब्लिक स्कूल, महराजगंज से प्राप्त की। इसके बाद, उन्होंने इंटर की पढ़ाई पेंटे कॉस्टेल पब्लिक स्कूल, बोकारो से की। नीट की तैयारी के लिए मांसी ने पटना की गोल कोचिंग का सहारा लिया। यह उनकी तीसरी कोशिश थी, जिसमें उन्होंने सफलता प्राप्त की। पिछले साल भी मांसी ने 640 अंक हासिल की थी, लेकिन इस बार उनकी कड़ी मेहनत ने उन्हें अच्छे रैंक से सफलता दिलाई। मांसी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के समर्थन और अपनी मेहनत को दिया। उन्होंने कहा, हमने कभी हार नहीं मानी और लगातार प्रयास करते रहे। यह उनके दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच का परिणाम है कि उन्होंने इस कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त की। मांसी की यह उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि उनके परिवार और क्षेत्र के लिए भी गर्व की बात है। उनके पिता, पवन बरनवाल, जो चौपारण में एक सीमेंट दुकान के व्यवसायी हैं, ने बेटी की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी। मांसी गुप्ता की सफलता यह साबित करती है कि सही मार्गदर्शन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उनकी कहानी प्रेरणा का स्रोत है, जो अन्य छात्रों को भी अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी। चौपारण का नाम रोशन करने वाली मांसी की यह उपलब्धि आने वाले समय में और भी छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी।

### चौपारण से गुजरे सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दीपांकर दत्ता, प्रशासन रहा अलर्ट

**चौपारण :** सुप्रीम कोर्ट के माननीय जस्टिस दीपांकर दत्ता मंगलवार को विशेष यात्रा पर बिहार के डोभी से झारखंड के धनबाद की ओर रवाना हुए। इस दौरान उनका काफिला चौपारण, बरही, बरकट्ठा होते हुए बगोदर की ओर निकला। यात्रा के मद्देनजर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रहा। जस्टिस दत्ता की निर्बाध और सुरक्षित आवाजाही के लिए पायलट और स्कॉर्ट वाहनों के साथ उच्चस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई थी। पूरे मार्ग में पुलिस बल, यातायात नियंत्रण दल, और वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। संवेदनशील और सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई। हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, डीएसपी अजीत कुमार विमल, सीओ संजय यादव और चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश समेत अन्य वरीय अधिकारियों ने एक दिन पूर्व सोमवार को रूट का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्रॉसिंग प्वाइंटों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सुरक्षा के निर्देश दिए गए। ट्रैफिक कंट्रोल यूनिट को निर्देश दिया गया कि आम जनता को अनावश्यक परेशानी न हो, लेकिन सुरक्षा में कोई ढिलाई न बरती जाए। पूरे मार्ग में मजिस्ट्रेट तैनात किए गए जो रियल टाइम निगरानी में लगे हुए थे, साथ ही प्रशासन की विशेष निगरानी टीम भी पूरे रूट पर नजर बनाए हुए दिखे। उद्देश्य यह है कि यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

## एक नजर

### राज्यपाल से वित्त मंत्री ने की मुलाकात



रांची : राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मंगलवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मंत्री ने झारखंड सरकार के वित्त विभाग द्वारा तैयार मेमोरेंडम टू द 16वां फाइनेंस कमीशनर की एक प्रति राज्यपाल को औपचारिक रूप से सौंपी। इस ज्ञापन में राज्य की वित्तीय आवश्यकताओं, संसाधनों के न्यायसंगत बंटवारे, केंद्र-राज्य संबंधों में वित्तीय संतुलन की मांग शामिल है। साथ ही झारखंड को विशेष आर्थिक सहयोग की सिफारिशों को रेखांकित किया गया है। मंत्री ने बताया कि राज्यपाल गंगवार ने ज्ञापन को स्वीकार करते हुए कहा कि यह दस्तावेज राज्य की भावी वित्तीय दिशा और विकास नीति में सहायक साबित होगी। उन्होंने इस पहल की सराहना की।

### झारखंड सरकार के खेल विभाग में स्पोर्ट्सकिट खरीद में छह करोड़ का घोटाला : बाबूलाल



रांची: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार के खेल विभाग में हुए छह करोड़ के घोटाले पर बड़ा निशाना साधा है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को लिखा है कि झारखंड सरकार में लूट मची हुई है। सारे नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। रोज नए-नए घोटाले उजागर हो रहे। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा में डीजल भरवाने जैसे हास्यास्पद घोटालों के बाद, हेमंत सरकार के खेल विभाग ने अब करीब छह करोड़ रुपये का नया घोटाला कर दिया है। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स किट की खरीद में विभाग ने सबसे कम बोली लगाने वाली (एल-1) कंपनी को दरकिनार कर, ऊंची दर पर सामान देने वाली (एल-2) कंपनी को ठेका दे दिया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी और कमीशन आधारित फैसले की बात आम हो चुकी है। पारदर्शिता की जगह अब साठगांठ और लूट का बोलबाला है।

### दो दिवसीय दौरे पर 18 को रांची आएंगे के राजू

रांची: कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को रांची पहुंचेंगे। इसके बाद कांग्रेस प्रभारी हरमू रोड स्थित कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में अयोजित रांची नगर निगम के कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ बैठक कर निगम चुनाव पर चर्चा करेंगे। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि 19 जून को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस रांची प्रेस क्लब में अयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अयोजित जिला पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में संवाद करेंगे और रामगढ़ जिला के अध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्षों के साथ संगठन सृजन अभियान पर बैठक कर कार्यकताओं को दिशा निर्देश देंगे।

# सरकार ने उच्च न्यायालय के लिए घटिया सुरक्षा उपकरण की खरीदारी की, सुरक्षा से किया खिलवाड़ : प्रतुल शाहदेव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने हेमंत सरकार पर उच्च न्यायालय की सुरक्षा से बड़ा खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि अब जमीन घोटाला, टेंडर घोटाला और खनन घोटाला के बाद सुरक्षा घोटाला भी हो गया। प्रतुल मंगलवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बिना टेंडर के हेमंत सोरेन सरकार ने हाई कोर्ट के लिए सुरक्षा उपकरणों की खरीदारी की । खरीदने के पहले उपकरणों की जांच नहीं हुई। लेकिन खरीद के बाद स्पेशल ब्रांच के डीआईजी की अध्यक्षता में टेक्निकल टीम का गठन हुआ। इस टेक्निकल टीम ने 18 जून, 2024 को अपनी रिपोर्ट सौंपी। प्रतुल ने कहा कि जानकारी के अनुसार रिपोर्ट में बताया गया कि खरीदे गए चार उपकरणों में से तीन उपकरण टेस्ट में बिल्कुल फेल कर गए। जमीन के अंदर गाड़े डेटोनरेटर को डिटेक्ट करने वाला डीप सर्च माइन ,मेटल डिटेक्टर को बेकार पाया गया और वह जमीन के अंदर आईईडी और बम को डिटेक्ट नहीं कर पाया। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के लिए खरीदे गए अंडर व्हीकल सर्च मिरर ,जिससे शीशे के जरिए गाड़ी के चेसिस के नीचे लगे बम की जांच होती है, उसे भी बेकार पाया गया। यह उपकरण भी गाड़ी के नीचे आईईडी और बम को डिटेक्ट नहीं कर पाया। उन्होंने कहा कि हाई एक्सप्लोसिव, टीएनटी को डिटेक्ट करने वाला एक्सप्लोसिव वेपर डिटेक्टर भी पूरे तरीके से रिपोर्ट में गड़बड़ पाया गया और यह कुछ भी डिटेक्ट नहीं कर पाया। प्रतुल ने कहा कि राज्य की सर्वोच्च संस्था उच्च न्यायालय में सुरक्षा के साथ कहीं ना कहीं खिलवाड़ हो रहा है। टेक्नोलॉजी हमेशा समय के साथ बदलती रहती है। इसलिए सुरक्षा उपकरण को भी अपडेट किया जाता है। लेकिन यहां तो एक वर्ष पूर्व खरीदे गए सुरक्षा उपकरण ही फेल पाए गए। उन्होंने कहा कि मामला जून 2024 में प्रकाश में आया। लेकिन राज्य सरकार 1 वर्ष से इसको दबा कर बैठी है। अभी तक संबंधित कंपनी और अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**राज्य सरकार अविलंब उच्च न्यायालय की सुरक्षा को दुरुस्त करे-**

प्रतुल ने मुख्यमंत्री से मांग की कि वह अविलंब उच्च न्यायालय की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाएं। अगर आवश्यकता पड़ी तो केंद्रीय गृह मंत्रालय या सम्बंधित केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी से संपर्क कर उच्च न्यायालय में अत्यधुनिक सुरक्षा उपकरण लगाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसी संवैधानिक संस्था की सुरक्षा को हल्के में ना ले। घटिया उपकरण सप्लाई करने वाले एजेंसी पर भी कार्रवाई करे।

## 158 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 158 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। जय जय जय हनुमान गोसाई कृपा करहूं गुरुदेव की नाही के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। राजेश सिंह शशि सिंह ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया । राजेश सिंह ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया । सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। राजेश सिंह शशि सिंह स्मृति शनाया ने पंचमेवा भोग सेवा श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की।


## डॉ. कहकशां परवीन की पहली पुण्यतिथि पर पत्रिका का लोकार्पण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** अंजुमन फरोग ए उर्दू के तत्वाधान में मंगलवार को "एक शाम डॉ कहकशां परवीन के नाम साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध उर्दू अफसाना निगार डॉ कहकशां परवीन को उनकी पहली पुण्यतिथि पर याद किया गया। ज्ञात हो कि डॉ साहिबा का निधन 17 जून 2024 को दिल्ली के एक अस्पताल में हुआ था। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत कारी मुहम्मद आरिफ द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। इसके बाद मुहम्मद गालिब निश्तार ने डॉ कहकशां परवीन का परिच पेश किया। कार्यक्रम में त्रैमासिक पत्रिका "अदबी दुनिया" का भी लोकार्पण किया गया। इस पत्रिका के संपादक दानिश अयाज हैं। लोकार्पण के बाद डॉ आलमगीर साहिल, मुहम्मद इकबाल, मुहम्मद दानिश अयाज, उजैर हमजा पुरी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इसके बाद विशिष्ट अतिथि नाटखट अजीमाबादी ने डॉ कहकशां परवीन को याद करते हुए कई महत्वपूर्ण बातें कहीं। हजारीबाग से आए मुख्य अतिथि डॉ जैन रामिश ने पुरानी यादों पर विचारपूर्ण बातें कीं और कहा कि डॉ साहिबा को लंबे समय तक याद किया जाएगा। यह बहुत खुशी की बात है कि आज शोध छात्र किसी न किसी कारण से अपने शिक्षकों को याद कर रहे हैं। कार्यक्रम के अध्यक्षत अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से आए डॉ सरवर साजिद ने अध्यक्षीय भाषण दिया। उन्होंने रांची विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग की यादों और उनकी रचनाओं के आधार पर कई महत्वपूर्ण बातें कहीं। कार्यक्रम के अंत में मुकर्रम हयात ने अंजुमन फरोग ए उर्दू का तराना पढ़ा। कार्यक्रम का संचालन डॉ अब्दुल बासित ने किया।

## मंत्री के जनता दरबार में पहुंचे 97 फरियादी सबसे अधिक मिली सीओ की शिकायतें



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कांग्रेस भवन में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मंगलवार को जनता दरबार लगाया। मंत्री ने मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को संबंधित समस्याओं के निष्पादन के लिए निर्देश दिया। मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी के समक्ष कुल 97 लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा जिस पर उन्होंने तत्काल पहल करते हुए अधिकारियों से समाधान का रास्ता निकालने को कहा। जनता दरबार में आए कुल मामलों में स्वास्थ्य केंद्र निर्माण संबंधित पांच, आपूर्ति विभाग से 12, चिकित्सा से संबंधित 13, रोजगार से संबंधित सात, आपदा प्रबंधन के आठ, राशन कार्ड के 13, स्थानांतरण से संबंधित सात और जमीन संबंधित 22 मामलों के अलावा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं मंत्री के समक्ष लोगों ने रखा। जनता दरबार में कई मामलों में मंत्री ने अधिकारियों को सीधे निर्देश दिया गया और कई समस्याओं के समाधान के लिए प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कार्य की प्रगति से अवगत कराने का भी निर्देश दिया।

**इन जिलों से पहुंचे फरियादी**

जनता दरबार में रांची, गुमला, धनबाद, पलामू, चतरा, गिरिडीह, हजारीबाग और खूंटी सहित विभिन्न जिलों के फरियादियों ने अपनी समस्याओं को रखा। जनता दरबार के दौरान मीडिया से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि सैकड़ों की संख्या में शिकायतें समस्याएं आई हैं। उन्होंने कहा कि जमीन की समस्याएं अधिक हैं।

**सीओ से संबंधित मिली सबसे अधिक शिकायतें**

मंत्री ने बताया कि सबसे अधिक प्रखंडों के सीओ से संबंधित शिकायतें मिली हैं। सीओ जमीन माफियाओं प्रश्रय दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से स्पष्ट रूप से जनहित में कार्रवाई करने को कहा है।

## शराब घोटाला मामले में एसीबी ने पूर्व उत्पाद कमिश्नर अमित प्रकाश को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। एसीबी की टीम ने पूर्व उत्पाद कमिश्नर अमित प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। अमित प्रकाश से एसीबी मुख्यालय में पूछताछ की जा रही है। इससे पूर्व एसीबी ने शराब घोटाले की जांच के दौरान रिटायर्ड उत्पाद आयुक्त को पूछताछ के लिए बुलाया था। अमित प्रकाश दिसंबर 2024 में उत्पाद आयुक्त के पद से रिटायर हुए थे। सूत्रों के अनुसार इस अधिकारी पर ओम साईं नामक शराब के थोक व्यापारी के करीब 12 करोड़ रुपये विमुक्त करने का आरोप है। राज्य में लागू की गयी शराब नीति में शराब के थोक व्यापार का काम ओम साईं और दिशिता वेंचर नामक कंपनियों को मिला था। शराब की आपूर्ति में गड़बड़ी के आरोप में ओम साईं के खिलाफ जांच चल रही थी। इन पर लगे आरोपों के मद्देनजर सरकार ने उसके बकाये के भुगतान पर रोक लगा रखी थी। इसके बावजूद रिटायरमेंट से पहले अमित प्रकाश ने इस कंपनी का बकाया करीब 12 करोड़ रुपये विमुक्त कर दिया था। इससे पहले एसीबी की टीम ने राज्य में 38 करोड़ रुपए से अधिक के शराब घोटाले से जुड़े मामले में वरीय आईएएस अधिकारी तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे, संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, झारखंड राज्य बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के वित्त महाप्रबंधक सुधीर कुमार दास, पूर्व महाप्रबंधक सुधीर कुमार और मेसर्स मार्शन इनोवेटिव सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड प्लेसमेंट एजेंसी के स्थानीय प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह को गिरफ्तार किया था।

# डीसी ने किया औचक निरीक्षक, मची हडकंप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची के उपायुक्त (डीसी) मंजूनाथ भजंत्री ने मंगलवार को रांची समाहरणालय के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षक किया। इस दौरान उपायुक्त ने पदाधिकारी- कर्मियों की कार्यशैली का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने जिला कल्याण शाखा को कार्यालय से अनुपस्थित पाया। नलिता कुमारी महतो एवं विकास जायसवाल (कार्यालय लिपिक) को शो कॉज करने का निर्देश दिया। कार्यालय के मुख्य लिपिक दिलीप कुमार को आईडी कार्ड नहीं पहनने के कारण और दिनेश कुमार पासवान क्लर्क को अपने टेबल पर नेम प्लेट नहीं लगाने पर शो कॉज करते हुए जल्द जवाब देने के निर्देश दिया। डीसी के औचक निरिक्षण के क्रम में सभी पदाधिकारी कर्मियों में काम करने की ललक और भय दोनो दिखी। डीसी ने सख़्त लहजे में कहा की सभी पदाधिकारी-कर्मी ससमय कार्यालय आए। देर से कार्यालय आने वालें और बिना जानकारी दिए अपने कार्यालय से अनुपस्थित पाए जाने वालें पदाधिकारी-कर्मी पर सुनिश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उन्होंने कार्यालयों में व्यवस्थित रूप से काम करने वाले पदाधिकारी कमियों के कार्यों का सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के औचक निरीक्षण भविष्य में भी जारी रहेंगे, ताकि जिला प्रशासन के कार्यालयों में अनुशासन, स्वच्छता और कार्यकुशलता बनी रहे। इसे हर अधिकारी पदाधिकारी और कर्मियों का आत्मसात करने की आवश्यकता है। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य आम जनता को बेहतर और समयबद्ध सेवाएं प्रदान करना है। कार्यालयों की स्वच्छता और कर्मचारियों की उपस्थिति इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। हमारी प्राथमिकता है कि सभी कार्यालय सुव्यवस्थित और कार्यकुशल हों, ताकि जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।


## संक्षिप्त खबरें

### यूनेस्को की को-चेयरपर्सन ने मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से की मुलाकात



रांची : यूनेस्को की को-चेयरपर्सन और सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका की पूर्व कुलपति डॉ सोनाझारिया मिंज ने मंगलवार को कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से उनके आवास पर जाकर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच झारखंड के आदिवासी समाज से जुड़े मुद्दों, भाषा-संस्कृति और समृद्ध विरासत को लेकर कई सार्थक और विस्तृत चर्चाएं हुई। मुलाकात के बाद मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि डॉ मिंज का यूनेस्को के को-चेयरपर्सन जैसे वैश्विक संस्था में चयन होना, न केवल झारखंड बल्कि सम्पूर्ण आदिवासी समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सोनाझारिया मिंज की सामाजिक समझ, उनकी व्यवहार कुशलता और आदिवासी समाज के प्रति समर्पण हमें अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मजबूत पहचान दिलाने में मदद करेगा। मंत्री ने आशा जताया कि डॉ मिंज की नई भूमिका से झारखंड की आदिवासी भाषाओं, परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक स्तर पर मजबूती मिलेगी और इससे राज्य को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यूनेस्को का उद्देश्य शिक्षा, विज्ञान, संस्कृति और संचार के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना है। नि:संदेह डॉ सोनाझारिया मिंज इस भूमिका को निभाने में शत प्रतिशत सफल होंगी।

### ट्रैफिक सुधार के लिए रांची पुलिस ने किया हेल्पलाइन नंबर जारी




रांची: राजधानी रांची के ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर सोमवार देर रात हेल्पलाइन नंबर 8987790601 जारी किया गया है। इस नंबर पर लोग फोन या वाट्सएप के माध्यम से जाम की सूचना देने के अलावा सुझाव भी दे सकते हैं, ताकि ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार किया जा सके। रांची पुलिस की ओर से जारी किए गए नंबर पर जैसे ही लोगों से सूचना - मिलेगी, जवान तुरंत उक्त स्थान पर पहुंच कर वाहन सवारों को जाम से निजात दिलाने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा जाम की समस्या से निजात के लिए शहर के लोगों के जरिये दिए गए सुझाव पर भी विचार किया जाएगा। अगर सही लगा तो उसे लागू भी कराया जाएगा। डीआईजी सह, एसएसपी ने ट्रैफिक जवानों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वह कुशल व्यवहार के साथ ड्यूटी करें। कहीं से भी ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के दौरान पुलिसकर्मी या पदाधिकारी की ओर से अभद्र व्यवहार किए जाने की शिकायत मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### छुटभैये नेताओं को रथ में चढ़ने से रोके सरकार : नायक



रांची: आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा है कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान राज्य सरकार को रथ पर छुटभैये नेताओं को रथ पर चढने से रोकना चाहिए। इस सबंध में नायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, डीजीपी उपायुक्त, एसएसपी और जगरन्नाथ मंदिर न्यास समिति को पत्र लिखा है। उन्होंने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भगवान जगन्नाथ रथयात्रा की पवित्रता और गरिमा बनाए रखने के लिए जिन लोगों को रथ पर चढने की अनुमति मिलनी चाहिए उनमें जगन्नाथ मंदिर के निर्माणकर्ता राजा के वंशज, मुख्यमंत्री, मंदिर के अधिकृत पुरोहित, स्थानीय सांसद, स्थानीय विधायक और हटिया क्षेत्र के डीएसपी शामिल हैं। नायक ने पत्र में चिंता जताई है कि छुटभैये नेता रथयात्रा को राजनीतिक मंच बनाकर इसकी पवित्रता को ठेस पहुंचाने का कुत्सित प्रयास करते रहते हैं जो सही नहीं है। ऐसे प्रयासों को त्वरित कदम उठाकर रोका जाना चाहिए।

### आनंद पसारी बने झारखंड आयकर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष



रांची : झारखंड आयकर बार एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को होटल कैपिटल हिल मेन रोड में वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति के साथ वर्ष 2025-26 के लिए एसोसिएशन के सदस्यों ने नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में आनंद कुमार पसारी को अध्यक्ष, सुब्रत दास गुप्ता को उपाध्यक्ष, दीपक कुमार पटेल को सचिव, देवेश पोद्दार को सह-सचिव, आदित्य शाह को कोषाध्यक्ष और दीपक गरोडिया सदस्य चुने गए। मौके पर पूर्व अध्यक्ष रहे विजय कुमार वर्मा ने नए पदाधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने विजय कुमार वर्मा के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए उन्हें बधाई दी। वहीं नए अध्यक्ष आनंद कुमार पसारी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त जताया। उन्होंने कहा कि नए पदाधिकारियों के नेतृत्व में बार एसोसिएशन नए लक्ष्य तय करेगा।

### इजराइल और ईरान युद्ध में बढ़ती जा रही परमाणु हमले की आशंका : जेपी

रांची : प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के नेता जय प्रकाश पांडेय ने इजराइल और ईरान में चल रही विध्वंशक युद्ध पर मंगलवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इजराइल और ईरान का युद्ध दिन ब दिन विध्वंसक होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप कनाडा की बैठक को बीच में ही छोड़ कर अमेरिका लौटना कुछ बड़ा होने का संकेत मालूम पड़ता है। इजराइल की ओर से ईरान पर लगातार हमले हो रहे हैं। इजराइल की ओर से ईरान के हवाई अड्डे, सैनिक अड्डे, टीवी चैनल, रेलवे स्टेशनों सहित कई इमारतों पर हमले हो रहे हैं और अब वहां परमाणु हमले की आशंका भी बढ़ती ही जा रही है।

## एक नजर

### मधुकरपुर पीपल चौक के सामने सड़क जाम कर डटे ग्रामीण



**कसमार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुकरपुर पीपल चौक के पास रविवार को जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में भुवनेश्वर महतो नामक व्यक्ति की मौत के बाद ग्रामीणों ने पीपल चौक पर शव को रख कर सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों एवं परिजनों की मांग था कि अविलंब हत्यारों को पुलिस गिरफ्तार करे। देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में आसपास के ग्रामीण मधुकरपुर पीपल चौक के पास पंहुच गये। और देर शाम तक सड़क जाम कर देर शाम तक डटे हुए हैं। इधर घटना स्थल पर कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो एवं पेटरवार थाना प्रभारी राजु मुंडा दल बल के साथ पंहुचे और ग्रामीणों को समझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन उग्र ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन मुदार्बाद का नारा का लगाते हुए अविलंब गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े रहे। अंततः पुलिस द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया कि आरोपियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने का प्रयास किया जायेगा। वहीं विवादित भूमि पर किसी भी गैर व्यक्ति द्वारा संरचना निर्माण किये जाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। बताया जाता है कि उक्त जमीन सुइयाडीह रानीटांड़ निवासी गणपति महतो वगैरह का खतियानी है जिसका रसीद कटते आ रहा है। जबकि मधुकरपुर निवासी निर्मल स्वर्णकार वगैरह का कहना है कि जमीन उनके पूर्वज मोती सोनार ने खरीदी है। जमीन में धारा 144 लागू है बावजूद इसके निर्मल स्वर्णकार वगैरह जबरन चहारदीवारी दे रहे थे। दूसरा पक्ष द्वारा मना किये जाने पर मार-पीट की घटना हुई है। बताया जाता है कि अनुमंडल पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी एवं स्थानीय पंचायत को भी स्वर्णकार लोग किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं दिखा पाए।

### अवैध बालू खनन के खिलाफ सघन जांच अभियान, दो ट्रैक्टर जब्त

**बोकारो :** उपायुक्त बोकारो के निर्देश पर मंगलवार को जिलेभर में अवैध बालू खनन के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान हरला थाना क्षेत्र के बेलडीह-धनगड़ी मोड़ पर अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर ले जा रहे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। दोनों ट्रैक्टरों को विधिवत जप्त कर हरला थाना को सुपुर्द किया गया और थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडू और पुलिस बल की सक्रिय मौजूदगी रही। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। जिले में अवैध खनन और परिवहन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन इस अभियान से अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया है और प्रशासन ने जिलेवासियों से भी सहयोग की अपील की है।

### सिटी सेंटर में मोबाइल दुकान में भीषण आग लाखों का नुकसान

**बोकारो :** बोकारो के सेक्टर- 4 सिटी सेंटर स्थित कृष्णा मोबाइल दुकान में सोमवार देर रात अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि दुकान में रखे लाखों रुपये के मोबाइल फोन और अन्य सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गए। घटना के समय आसपास की अधिकांश दुकानें बंद थीं, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे आसपास की अन्य दुकानों को बचाया जा सका।

# धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत ग्राम बनमुरहा में शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो :** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एंव प्रधानमन्त्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान योजना अंतर्गत प्रखंड के डगरनवा पंचायत अंतर्गत ग्राम बनमुरहा मे मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीडीओ हुलास महतो, एलडीएम विमलकान्त झा के साथ साथ विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे। उक्त शिविर का आयोजन अनुसूचित जनजाति समुदाय के परिवार को केंद्र प्रायोजित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु किया गया। शिविर में काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी। शिविर में जाति, आवासीय, आधार कार्ड बनाने, राशन कार्ड, उज्वला योजना, पोषण अभियान, पीएम मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत, टीबी मुक्त भारत, मिशन इंद्रधनुष, पीएम जनधन योजना, स्टैंड अप इंडियन योजना, मुद्रा योजना, पीएम विस्वकर्मा योजना, केसीसी, पीएम किसान, मनरेगा, सर्वजन पेंशन योजना आदि के स्टाल लगाए गए।स्टाल के दौरान विभिन्न विभागो के लिए लगभग तीन सौ आवेदन प्राप्त हुए जिनमें कई आवेदनो का ऑनस्पॉट निष्पादन किया गया। शिविर के दौरान ग्रामीणों के बीच मनरेगा जॉब कार्ड का भी वितरण किया गया। कई लाभुकों के जनधन खाता खोला गया, इंश्योरेंस किया गया। ग्रामीणों का स्वास्थ जांच कर उनके बीच मुफ्त दवाइयो का वितरण करते हुए इंद्रधनुष योजना का लाभ दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने लोगो से अपील किया कि शिविर में ज्यादा से ज्यादा लाभुक आए और सरकार की।




## मां मनसा मंदिर की दान पेटी से लाखों की हुई चोरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर 2 सी स्थित मां मनसा मंदिर में मंगलवार को चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। स्थानीय पंडित शंकर लाल गोप ने बताया कि सुबह 11 बजे पूजा के बाद वे मंदिर से गए थे। दिन में मंदिर का दरवाजा खुला रहता है, लेकिन शाम 5 बजे संध्या आरती के लिए लौटे तो देखा कि दान पेटी का ताला टूटा हुआ था। पंडित ने बताया कि दान पेटी कई दिनों से नहीं खोली गई थी, अनुमान है कि उसमें लाखों रुपए जमा थे। चोरी की सूचना मां मनसा पूजा समिति और सिटी थाना पुलिस को दी गई। खास बात यह रही कि चोरी की पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पंडित शंकर लाल गोप ने मांग की है कि चोर की जल्द गिरफ्तारी हो और उस पर कड़ी कार्रवाई की जाए। खबर लिखे जाने तक पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी। मंदिर समिति और स्थानीय लोगों में घटना को लेकर आक्रोश है।


## डीएवी सेक्टर-4 की सुहानी प्रिया हास्य कवि सम्मेलन में सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** एक दैनिक समाचार पत्र द्वारा बोकारो स्टील सिटी शहर में 14 जून शनिवार को आयोजित अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन में अपने बेहतरीन काव्य पाठ एवं उत्कृष्ट रचनात्मक शैली हेतु डीएवी सेक्टर-4 की सुहानी प्रियाको स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। हिंदी साहित्य के उत्थान एवं लोगों के साहित्यिक अभिरुचि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस विराट कवि सम्मेलन का आयोजन समाचार पत्र की ओर से किया गया था साथ ही युवा कवियों को विशेष रूप से सम्मानित मंच प्रदान करना भी इस कार्यक्रम का मुख्य प्रयोजन रहा। अपने विद्यालय की छात्रा की इस उपलब्धि और सम्मान पर विद्यालय के प्राचार्य एस०के०मिश्रा ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा और क्षमता की असीम संभावना रहती है जरूरत है हमें सिर्फ इन्हें उभारने और आकार देने की। सुहानी प्रिया ने अपनी कविता प्रस्तुति द्वारा श्रोताओं को मंत्रमुग्ध ही नहीं किया बल्कि कई विद्यार्थियों में साहित्य के प्रति रूझान पैदा करने में भी अत्यंत सफल रही। मैं उन्हें आगामी भविष्य में इसी तरह साहित्य की सेवा और विकास करने हेतु हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।



## उपायुक्त से मिला बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ का प्रतिनिधिमंडल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** इस्पात जनता मजदूर संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज बोकारो के उपायुक्त श्री अजय नाथ झा से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और जिले के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास जताया कि उपायुक्त के नेतृत्व में जिले में कानून व्यवस्था और विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी।

**मुख्य मांगें**

प्रतिनिधिमंडल ने बोकारो स्टील प्लांट के कर्मचारियों और ठेका मजदूरों की समस्याओं के शीघ्र समाधान, आश्रितों, विस्थापितों, अप्रेंटिस युवाओं एवं बेरोजगारों के लिए बीएसएल में त्वरित नियोजन, बोकारो स्टील सिटी एयरपोर्ट के शीघ्र संचालन, रिटायर्ड कर्मचारियों और लीजधारियों की मांगों की पूर्ति तथा बोकारो स्टील सिटी को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की मांग प्रमुखता से रखी। प्रतिनिधिमंडल में महामंत्री सुमन सिंह, वरिष्ठ मजदूर नेता ओमप्रकाश तिवारी, प्लॉटधारी प्रभारी सुमित सिंह एवं राजेश कुमार शामिल रहे। सभी ने उपायुक्त से सकारात्मक पहल की उम्मीद जताई, जिससे बोकारो जिला विकास के नए आयाम स्थापित कर सके। उपायुक्त अजय नाथ झा ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि सभी मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों के समक्ष रखा जाएगा और समाधान का प्रयास किया जाएगा।

## निजी स्कूलों व अन्य मामलों को लेकर अभिभावक संघ मिला डीसी से

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** जिले के निजी स्कूलों की मनमानी व कोचिंग संस्थानों की जाँच समेत अन्य मामलों को लेकर कोडरमा जिला अभिभावक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल डीसी ऋतू राज से मिल कर एक ज्ञापन सौपा। दिए गए मांग पत्र में कहा गया कि तत्कालीन उपायुक्त के अध्यक्षता में जिला शुल्क समिति की बैठक आहूत की गई थी उक्त बैठक में सभी निजी विद्यालयों को शुल्क समिति की बैठक कर अभिभावकों की उपस्थिति में शुल्क निर्धारण के लिए एक आदेश पारित किया गया था जो आज तक किसी विद्यालयों ने बैठक नहीं की और बैठक के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति कर कुछ एक स्कुल के द्वारा सूचना दिया गया। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि डीसी की अध्यक्षता में व देखरेख में सभी निजी विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए सभी विद्यालयों को शुल्क समिति की बैठक करने। ज्ञापन में कहा गया कि तत्कालीन उपायुक्त ने यह आदेश दिया था कि 80- 90 प्रतिशत अभिभावकों की उपस्थिति में विद्यालय शुल्क समिति का गठन करेंगे। उक्त सुनिश्चित करना था तो डीसी की देखरेख में यह बैठक कराया जाए क्योंकि अभी तक ना तो उन्होंने शुल्क समिति की बैठक की है और ना ही जो शुल्क निर्धारण था जिस हिसाब से शुल्क निर्धारण किया गया है,आज तक वह शुल्क जारी है अपने कार्यकलापों में कोई रोकथाम नहीं हुई है।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** सेक्रेड हार्ट स्कूल में मंगलवार को वर्ग 5 से सातवीं तक के बच्चों के बीच विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बच्चों के द्वारा बनाए गए मॉडलों में उनके वैज्ञानिक सोच की झलक साफ दिखाई पड़ी। जब छोटे-छोटे हाथों में बड़े-बड़े सपने हों, तो चमत्कार होना तय है। बच्चों ने विज्ञान को सिर्फ किताबों तक सीमित न रखकर उसे जीवन से जोड़ते हुए ऐसे मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्हें देख दर्शकों की आँखें चमक उठीं। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने ₹सतत विकास हेतु नवाचार₹ विषय पर आधारित कई कार्यशील मॉडल और जीवंत प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों ने यह न सिर्फ बताया कि वे विज्ञान समझते हैं, बल्कि यह भी दिखाया कि वे अपने समाज और पर्यावरण के लिए सोचते भी हैं। कुछ प्रमुख मॉडलों में ग्रीन हाउस फार्मिंग, रासायनिक अभिक्रियाओं द्वारा वाष्प निर्माण, सुरक्षा अलार्म प्रणाली, पवन और जल विद्युत उत्पादन, सौर ऊर्जा मॉडल, प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, जल शुद्धिकरण प्रणाली, 3डी होलोग्राम निर्माण, खाद्य श्रृंखला, मानव शरीर की रचना, सौर परिवार और सिंचाई प्रणाली शामिल रहीं। प्रदर्शनी में एक विशेष पल वह था, जब एक छात्रा ने अपने "जल शुद्धिकरण मॉडल" को दिखाते हुए कहा, "अगर गाँवों में यह तरीका अपनाया जाए, तो हर बच्चा साफ पानी पी सकता है।" यह मासूम भावुकता और वैज्ञानिक सोच का मिला-जुला रूप था जिसने हर किसी का दिल जीत लिया। स्कूल के निदेशक प्रमोद कुमार ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सलाह और कहा कि बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल में उनके वैज्ञानिक सोच की झलक दिखाई पड़ती है। ये बाल वैज्ञानिक आगे चलकर देश के विकास में अपना विशेष योगदान दे सकेंगे। वहीं स्कूल के प्रधानाचार्य प्रमोद शर्मा ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी में भारत के भविष्य की झलक दिखाई देती है। जो उत्साह, रचनात्मकता और सामाजिक चेतना आप सभी ने दिखाई है, वह वाकई प्रशंसनीय है। आप ही विकसित भारत के निर्माणकर्ता हैं। प्रदर्शनी में मौजूद शिक्षकों और अतिथियों ने बच्चों की मेहनत, टीमवर्क और आत्मविश्वास को सराहा। इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि आज के बच्चे केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं हैं– वे सोचते हैं, बनाते हैं, सवाल पूछते हैं और समाधान खोजते हैं। सैक्रेड हार्ट स्कूल की यह पहल नन्हें वैज्ञानिकों को न केवल मंच देने का कार्य कर रही है, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार और नवाचारशील नागरिक बनने की दिशा में भी प्रेरित कर रही है। इस विज्ञान प्रदर्शनी में वर्ग पांच के उम्में सिदरा, आदरिजा विश्वास और परी कौर को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। जबकि वर्ग छः में सृष्टि कुमारी, रागिनी कुमारी और सृष्टि कुमारी को प्रथम स्थान मिला। साक्षी कुमारी को द्वितीय। काव्या कुमारी, सौम्या कुमारी सोनी, सक्षम तिवारी, कृष कुमार, कुशल राज और आर्यन अंसारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जबकि वर्ग 7 में एंजेल अनुसा, दिव्यांशु भारती को प्रथम, आद्या शर्मा, माही भारती, आपूर्ति सिंह को द्वितीय और श्रेयांश शाह, अर्णव राज और अंकित शर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।



## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में नव-चयनित सहायक कमांडेंट अक्षत कुमार का हुआ सम्मान




**तिलैया डैम :** दिल्ली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, तिलैया डैम में आज गर्व और प्रेरणा का माहौल देखने को मिला, जब विद्यालय परिसर में अक्षत कुमार, नव-चयनित सहायक कमांडेंट, का विद्यालय परिवार की ओर से भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। अक्षत कुमार विद्यालय भवन के माननीय स्वामी के सुपुत्र हैं और उनकी इस महत्वपूर्ण सफलता ने पूरे क्षेत्र और विद्यालय को गौरवान्वित कर दिया है। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गर्मजोशी भरे स्वागत से हुई। उन्हें सम्मान-चिह्न भेंट कर विद्यालय ने उनके इस अद्भुत उपलब्धि पर सम्मानित किया। इसके पश्चात, एक संवाद सत्र में अक्षत कुमार ने विद्यार्थियों के अनेक जिज्ञासाओं और प्रश्नों का उत्तर दिया। उन्होंने अपनी तैयारी के अनुभव, संघर्षों और सफलता के मूलमंत्र को साझा करते हुए विद्यार्थियों को गहराई से प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य ने इस अवसर पर कहा,अक्षत कुमार की सफलता न केवल हमारे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह दशार्ती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और संकल्प दृढ़ हो, तो कोई भी सपना असंभव नहीं। कार्यक्रम का समापन तालियों की गड़गड़ाहट और प्रेरणा के साथ हुआ, जिसमें अक्षत कुमार ने विद्यार्थियों से अपने सपनों को साकार करने हेतु मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास बनाए रखने की अपील की।

### उपायुक्त एवं जिला परिषद अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से किया मार्केट कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास



**कोडरमा :** झुमरी तिलैया नगर परिषद अंतर्गत तिलैया थाना के समीप प्रस्तावित मार्केट कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास समारोह आज आयोजित किया गया। इस अवसर पर कोडरमा विधानसभा क्षेत्र की विधायक डॉ. नीरा यादव, उपायुक्त ऋतुराज तथा जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण कर निर्माण कार्य की औपचारिक शुरूआत की। लगभग 3.42 करोड़ की लागत से बनने वाले इस मार्केट कॉम्प्लेक्स से स्थानीय स्तर पर व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि “मार्केट कॉम्प्लेक्स के निर्माण से न केवल शहरवासियों को व्यवस्थित व्यापारिक स्थल मिलेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि “इस परियोजना का उद्देश्य स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में पूरा किया जाएगा। जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने भी इसे शहरवासियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि इससे स्थानीय व्यापार और सुविधाओं में वृद्धि होगी। इस अवसर पर थाना प्रभारी विनय कुमार, जेई हेमंत कुमार, प्रधान लिपिक राकेश रौशन सहित कई जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

### लंबे समय से फरार चल रहे हैं वारंटी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज :** बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत एक वारंटी को जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार फरार चल रहे लंबे समय से वारंटी मो. ज्ञानी, पिता मरहूम जाबुल, साकिन छोटी कोदरर्जन्ना, थाना मुफ्फसिल को दिनांक 9 मई 2025, बोरियो थाना कांड संख्या 368/19, दिनांक 9 अगस्त 2019, धारा 395/412 आईपीसी के वारंटी को मुफ्फसिल थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में ले जा रहा था, ले जाने के क्रम में थाना गाड़ी से आरोपी कूद कर फरार हो गया। जहां सभी थाना को मुफ्फसिल थाना प्रभारी ने सूचना दिया, सूचना को गंभीरता से लेते हुए जिरवाबाड़ी थाना पेट्रोलिंग गाड़ी ने उक्त आरोपी व्यक्ति को धर दबोचा और सदर अस्पताल में चिकित्सा जांच कराने के उपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन राजकीय प्लस टू हाई स्कूल लकड़ाखंदा बना चैंपियन




**बोकारो :** प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन मंगलवार से जिले के सभी 9 प्रखंड में शुरू किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक बोकारो डॉ अतुल कुमार चौबे ने बताया कि इस प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन एकसाथ सभी प्रखंड में किया जा रहा है। जिसमें चास प्रखंड का प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन मंगलवार से मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में शुरू हो गया। जिसमें चास प्रखंड की 7 सरकारी स्कूल की अंडर 15 बालक की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के इंस्ट्रक्टर उदय कुमार मिश्रा व बोकारो जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव महेन्द्र प्रसाद ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मैच हाई स्कूल जरीडीह बनाम पीएमश्री पीआर प्लस टू हाई स्कूल सतनपूर टीम के बीच खेला गया। जिसमें जरीडीह की टीम ने सतनपुर को 1 के मुकाबले 3 गोल से पराजित किया। दूसरे मैच में राजकीय प्लस टू हाई स्कूल लकड़ाखंदा की टीम ने हाई स्कूल झोपड़ो को 1 के मुकाबले 3 गोल से हराकर अगले च्रकं में प्रवेश किया। पहले सेमीफाईनल मैच में हाई स्कूल सोनाबाद की टीम ने हाई स्कूल जरीडीह को 1 के मुकाबले 2 गोल से पराजित कर फाईनल में स्थान बनाया।

**एक नजर**

## केशव महतो कमलेश ने नहर का जिर्णोध्दार की मांग की

**सिल्ली :** सिल्ली 17 जून को झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने जल पथ प्रमंडल अभियंता को पत्र लिख कर रांची जिला अंतर्गत सिल्ली प्रखंड के लोटा पंचायत स्थित किता सिंचाई नहर उरांवगाड़ा नदी में बियर बनाकर निकाली गई है। जिससे लोटा, किता, मोदीडीह, सुरगुंजाडीह, केंदुवाडीह, बड़कीटाड़ आदि दर्जनों गांव के किसानों के खेत में पानी पहुंचता है। वर्तमान में नहर काफी दुर्दशा में है। नहर कई जगह से टूटा हुआ है। नहर में घास, मिट्टी, झाड़ी भरा हुआ है। बिना सफाई किये बिना सफाई किये अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुँच सकता है। ज्ञात हो सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी के द्वारा उक्त नहर का जिर्णोध्दार की मांग किया गया था लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। अत: किसानों के हित में यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर नहर का जिर्णोध्दार किया जाय।

## पोल्ट्री फार्म के दुर्गंध से लोग परेशान



**सिल्ली :** मुरी मुक्तिधाम के नजदीक पोल्ट्री फार्म दुकानों द्वारा मुर्गा काटकर उनके कचरे को प्लास्टिक में भरकर फेक दिया जाता है जिससे उस रास्ते से आने जाने वाले लोगों को गंदगी से दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। लोग सुबह-सुबह टहलने के लिए यह रास्ता से आना-जाना करते हैं मगर दुर्गंध के चलते लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है वहीं लोगों का कहना है कि दुर्गंध के कारण बीमारी फैलने की आशंका बढ़ती है मगर प्रशासन की ओर से किसी तरह का पहल नहीं करना लोगों की सोच से परे बनी हुई है।

# जर्जर बिजली व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने जीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी ने जिले की बदहाल बिजली व्यवस्था को लेकर मंगलवार को विद्युत विभाग के जीएम को 27 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने जर्जर तार, पोल, ओवरलोड ट्रांसफार्मर, लटकते केबल, बिलिंग में अनियमितता, और लोडशेडिंग जैसी समस्याओं पर विभाग को घेरा। दुबे ने बिरसानगर, बागुनहातु, बारीडीह, प्रेमनगर, लक्ष्मीनगर सहित कई बस्तियों में बार-बार बिजली कटौती, पेड़ों से सटे तारों के कारण शॉर्ट सर्किट और अंडरग्राउंड केबलिंग के बावजूद खुले तारों से आपूर्ति जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने ट्रांसफार्मरों का लोड बढ़ाया जाए, पोल बदले जाएं और हर उपभोक्ता को समय पर बिल उपलब्ध कराने की मांग की। दुबे ने कहा कि धालभूमगढ़ में बिछाए गए 33 केवी केबल से अब तक बिजली नहीं दी जा रही है, जो चिंताजनक है। मांगपत्र में वमामाईंस, मानगो, बागबेड़ा, चाकुलिया और जमशेदपुर अक्षेस क्षेत्र की दर्जनों बस्तियों में बिजली की कई समस्याएं हैं। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने निरीक्षण के बाद आवश्यक सुधार का भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश सचिव राकेश कुमार तिवारी, केके शुक्ला, संजय सिंह आजाद, मुन्ना मिश्र, सलीम खान, इंतिखाब, सुशील घोष, अमरजीत नाथ मिश्र सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल रहे।

## पुलिस ने 32 कुख्यात किये चिन्हित, 20 गैंग के 164 सहयोगियों पर निगरानी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** जिला को अपराध और भय के माहौल से मुक्त कराने के लिए जिला पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 32 कुख्यात अपराधियों की पहचान की है। इन अपराधियों पर चोरी, रंगदारी, सुपारी किलिंग, अवैध वसूली, आपराधिक धमकी, अवैध हथियार रखने और मारपीट जैसे संगीन मामले दर्ज हैं। चिह्नित अपराधियों में उलीडीह थाना क्षेत्र से गुड्डू पांडेय, विवेक तिवारी, मोहम्मद शहनवाज, बॉबी पॉल और अविनाश के नाम हैं। जुगसलाई थाना क्षेत्र से मनीष सिंह, नगमा खातून उर्फ लाली, निजाम और सरफराज उर्फ तिल्ली, परसुडीह से शाहिल यादव, बागबेड़ा से अजय मल्ला, गोलमुरी से कालू, टेल्को से संजय बंगाली, बृजनंदन पाठक, रवि सरकार, बिरसानगर से राहुल लोहार, दीपु ओझा, सोनारी से गोलू मछुआ, कदमा से तनवीर उर्फ गोरा, मुकेश विभर, राहुल पंडित, प्रशांत कुमार, विक्की नंदी, मानगो से संजर अहमद, सुनील ठाकुर, सीतारामडेरा से राहुल राय और सिदगोड़ा थाना क्षेत्र से प्रभाष सिंह, अक्षय सिंह, अंशू चौहान, गोलू, चन्ने और निक्के शामिल हैं। इसके अलावा पुलिस ने 20 सक्रिय अपराधी गिरोहों के 164 सहयोगियों को भी चिन्हित किया है, जिनमें अखिलेश सिंह (19), गणेश सिंह (17), अमरनाथ सिंह (19), कन्हैया सिंह (11), मासूक मनीष (10), मोहित सिंह (3), बिट्टू कामत (3), बिल्ला पाठक (7), सिंटू सिंह (6), विकास सिंह उर्फ हेते (14), विकास तिवारी (9), भानु मांझी (7), प्रकाश मिश्रा (10), रंजीत-संजीत (8), रविदास (10), राहुल सिंह (6), सोनू सिंह (3), सागर कामत (3), सुधीर दुबे (3), गुड्डू पांडेय (5) जैसे नाम शामिल हैं। इन सभी सहयोगियों को रोजाना संबंधित थानों में हाजिरी देने के निर्देश दिए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने मंगलवार को स्पष्ट किया है कि जो भी संदिग्ध गतिविधियों में पाया जाएगा, उस पर सीसीए या गुंडा एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी पियूष पांडे ने कहा कि आपराधी या तो जेल जाएंगे या शहर से बाहर होंगे, कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## खेतों के ऊपर झूल रहे हाईटेंशन तार व लकड़ी के पोल को हटाने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** सरिया प्रखण्ड क्षेत्र के खैराबाद के ग्रामीण किसानों ने उनके खेतों के ऊपर झूल रहे 11 हजार वोल्ट तार व लकड़ी के खम्भों को अविलम्ब बदलने की मांग बिजली विभाग से की है। किसान श्यामसुंदर यादव ने कहा कि केशवारी फीडर का तार उनलोगों के खेतों के बीच से गुजरा है। जो वर्षों से है। मगर बीते कुछ सालों से तार व खम्भे की स्थिति अति जर्जर है। तार पूरा झूला हुआ है। चूंकि खेत सीढ़ीनुमा है। जिस कारण तार की ऊंचाई एक समान नहीं है, कहीं 10 फिट की ऊँचाई है तो कहीं 15 फिट। खेतों में काम करने के दौरान हादसे का डर लगा रहता है। कई बार ऐसा हुआ कि तार खेतों में गिरी है और पूरा फसल जल गया है। इन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर सभी जनप्रतिनिधियों को वर्षों से अवगत कराते आये हैं। मगर कोई अब तक पहल नहीं हुई।

**संक्षिप्त खबरें**

## प्रखंड स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**सरिया :** प्रखंड संसाधन केंद्र सरिया द्वारा मंगलवार को सरिया स्टेडियम में प्रखंड स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप अंतराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता (2025-26) आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित नारायण तिवारी प्रखंड प्रमुख प्रीति कुमारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अक्षय कुमार प्रभाकरण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काट कर किया। अपने संबोधन में मुख्य तथा विशिष्ट अतिथियों ने बच्चों को खेल के महत्व को बताया। कहा कि शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेल जरूरी है। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद मिलता है। खेल हमें संघर्ष तथा टीमवर्क करने की क्षमता प्रदान करता है। इससे आत्मविश्वास भी बढ़ता है। खेल सामाजिक कौशल विकसित करने में मदद करता है। इन्होंने खिलाड़ियों को मित्रवत भावना से खेलने की नसीहत दी। इस फुटबॉल प्रतियोगिता में सरिया प्रखंड के कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। अंत में अंडर 15 मध्य विद्यालय सरिया (बालक)विजेता तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय लुतियानो की टीम उपविजेता रही। इसमें मैन ऑफ द मैच टिंकू सिंह को चयनित किया गया। जबकि अंडर 17 के विजेता प्लस टू उच्च विद्यालय केसवारी तथा उपविजेता उत्क्रमित उच्च विद्यालय लुतियानो रहे। मैन ऑफ द मैच सचिन सिंह को चयनित किया गया। विजेता तथा उपविजेता खिलाड़ियों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर सीआरपी महेश मिस्त्री, प्रकाश पांडेय, वीरेंद्र कुमार पांडेय, पवन कुमार सिंह, कुलन मंडल, तारकेश्वर मोदी, सोनी कुमारी,रामजी मुर्मू, बसंती कुमारी, अशोक मंडल, महेश पासवान, अनिल राम, सूरज चौधरी, अजीत कुमार, नरेश मंडल, तालेश्वर राम, नवल किशोर, भागीरथ मंडल, रविंद्र कुमार मंडल, मिथिलेश कुमार ठाकुर आदि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## आजसू पार्टी 22 जून को बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** आजसू पार्टी का डॉकबंगला में 22 जून स्थापना दिवस को लेकर झारखंड आंदोलनकारी आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी के अध्यक्षता में बैठक रखा गया। मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा 22 जून को आजसू पार्टी बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी। जो राज्य स्तर पर हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम खेलगांव में मनाया जाएगा। जो झारखंड के वीर शहीदों को समर्पित होगी और इसके लिए खिजरी विधानसभा से बढ़ चढ़कर सभी पंचायत से आजसू पार्टी के चूल्हा प्रमुख, ग्राम प्रभारी, पंचायत प्रभारी एवं पार्टी के सभी सदस्य हजारों लोग दल बल के साथ शामिल होंगे। इसको लेकर अनगड़ा प्रखंड की तैयारी बैठक सम्पन्न हुआ। इस मौके पर केंदीय सदस्य राजू नायक, जिला प्रवक्ता रोशन मुंडा, महिला प्रखंड अध्यक्ष किरण देवी, महावीर महतो, किशुन महतो, संजय कुमार, ज्योतिष महतो, विपिन मुंडा, सरिता देवी, बिरसा हजाम, अनीता देवी, सुनीता देवी आदि लोग मौजूद रहे।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सिल्ली कॉलेज के शासी निकाय की बैठक में हुए शामिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली :** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने मंगलवार के दिन सिल्ली कॉलेज के शासी निकाय की बैठक में शामिल हुए। निकाय की बैठक से पूर्व उन्होंने कॉलेज परिसर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर वृक्षारोपण किया।शासी निकाय की बैठक के दौरान सिल्ली कॉलेज के सचिव डॉक्टर एमसी मेहता तथा प्रभारी डॉक्टर अनंत कुमार महतो के द्वारा केंद्रीय मंत्री को बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत संजय सेठ के द्वारा कॉलेज के पूरे कैंपस के साथ कक्षाओं और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज एवं कॉलेज से संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे। तत्पश्चात वे सिल्ली स्टेडियम का निरीक्षण किया तथा बिरसा मुंडा आर्चरी के बच्चों से मिलकर उनका कुशलक्षेम पूछा और आर्चरी सेंटर को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।अंत में वे सिल्ली साहेब बांध का भी जायजा लिया।उन्होंने साहेब बांध का सौंदर्यीकरण की तैयारी के बारे में उपस्थित लोगों को बताया। मौके पर अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का,भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ राजाराम महतो, मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक, पवन महतो,सृष्टिधर प्रजापति,मेघनाथ महतो,प्रकाश राम एवं शिशिर समेत दर्जनों लोगों उपस्थित रहे।

# पिपरवार क्षेत्र के सीसीएल अधिकारियों ने पुनर्वास केंद्र चिरैयाटांड़ का किया निरीक्षण, समस्या की ली जानकारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खलारी :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के मंगरदाहा गांव से विस्थापित हुए चिरैयांटांड़ के विस्थापित ग्रामीणों ने पिपरवार महाप्रबंधक को पत्र लिखकर पुर्नवास केंद्र चिरैयांटांड़ में व्याप्त समस्याओं के समाधान करने की मांग की थी। ग्रामीणों ने प्रबंधन को ज्ञापन सौंप कर समस्या से अवगत कराते हुए इसका समाधान करने की मांग की थी,साथ ही मांगे पूरी नहीं होने पर 23 जून से कोयला ढुलाई सहित खदान का काम बंद करने की चेतावनी दी है। जिसके आलोक में मंगलवार को स्थानीय सीसीएल अधिकारियों ने पूर्नवास स्थल चिरैयाटांड़ का औचक निरीक्षण कर समस्याओं की जानकारी ली। पुनर्वास केंद्र चिरैयाटांड़ पहुंचे सीसीएल अधिकारियों को स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों ने विभिन्न समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि मंगरदाहा गांव से विस्थापित करने के दौरान प्रबंधन ने पूर्नवास केंद्र में मूलभूत सुविधा बहाल करने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक पूरा नहीं किया गया,जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। गांव के ग्रामीणों ने प्रबंधन को मांग पत्र सौंप कर समस्या से अवगत कराया है।यदि जल्द ही मांगों को पूरा नहीं किया गया तो 23 जून से बन्दी किया जाएगा। इधर गांव के निरीक्षण पर पहुंचे अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का क्षेत्रीय स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक उनकी मांगों को रखा जाएगा और समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से भूमि एवं राजस्व विभाग के किसन, अवस्थी, सीएसआर अधिकारी उज्जवल कुमार, विद्युत एवं यांत्रिक विभाग के इमाम उल हक, असैनिक विभाग के विक्रांत कुमार, रुपलाल महतो, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर हेमचंद महतो सहित विस्थापित ग्रामीणों मे मगरदहा रैयत विस्थापित समिति चिरैयाटांड़ के बिरेंद्र कुमार गंझु, संजय गंझु, अशोक करमाली, राजू करमाली, दीपक कुमार, राहुल कुमार, विक्रम कुमार गंझु, प्रदीप गंझु, अमर सिंह, कैलाश करमाली, सल्खु गंझु, राहुल कुमार, राजेश कुमार, रंथू गंझु, गोपाल गंझु सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

**समाहरणालय, सिमडेगा।**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य शाखा)**
**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राँची जिला में विभाग विभाग द्वारा संचालित आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में खिलाड़ियों के रिक्त स्थानों को भरने हेतु दो दिवसीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांकः- 19 से 20 जून, 2025 तक किया जा रहा है। प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी आवेदन पत्र राँची जिला के वेबसाइट https://ranchi.nic.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

प्रतियोगिता की विवरणी निम्न प्रकार से है:-

| क्र० | प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | निर्धारित तिथि | चयन स्थल का स्थान एवं रिपोटिंग समय | संपर्क नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आवासीय बैडमिनटन बालक प्र0के0 खेलगाँव होटवार। | 19 से 20 जून, 2025 | समयः- सुबह 07:30 बजे स्थानः- ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, इण्डोर स्टेडियम, खेलगाँव, राँची। | श्री भरत कुमार साह मो0- 7004637776 श्री संजू कुमार मो0 नं0- 9304891321 |
| 2 | आवासीय तीरंदाजी बालक प्र0के0 सिल्ली, राँची। | | समयः- सुबह 07:30 बजे स्थानः- आवासीय तीरंदाजी बालक/बालिका प्रशिक्षण केन्द्र, स्टेडियम, सिल्ली, राँची। | श्री प्रकाश राम मो0नं0- 8084847874, 8210304640 श्री शिशिर महतो मो0 नं0 9608191408 |
| 3 | आवासीय तीरंदाजी बालिका प्र0के0 सिल्ली, राँची। | | | |

(नोटः- उम्र 10 से 14 वर्ष )
अनुलग्नक - यथोक्त।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR 355282 Simdega(25-26)D

**कार्यालय जिला परिषद, राँची**

**डाक बन्दोवस्ती आम-सूचना**

पत्रांक ....................../जि0प0 दिनांक ......................

राजस्व एवं भुमि सुधार विभाग के संकल्प संख्या 1376/रा दिनांक 01.04.2015 के तहत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को राजस्व प्रशासनान्तर्गत प्रत्यायोजित शक्ति के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2028-29 तक (दिनांक 01.08.2025 से 31.07.2028 तक) जिला परिषद, राँची अन्तर्गत विभिन्न हाट बाजार की बन्दोवस्ती का निलामी निम्नवत विवरणी के अनुसार किया जाएगा। किसी कारणवश उक्त तिथि को डाक नहीं होने पर इसकी अगली तिथि सूचना नोटिस बोर्ड एवं स्थानीय सामाचार पत्रों में दी जाएगी। उपर्युक्त डाक की बोली जिला परिषद, कार्यालय, राँची में निर्धारित तिथि को 12.00 बजे से प्रारम्भ होगी।

| क्र० सं० | बाजार हाट का नाम | निर्धारित सुरक्षित जमा राशि (एक वित्तीय वर्ष के लिए) | जमानत की राशि (@10%) | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | नगड़ी प्रखण्ड का नारो हाट | 9,09,000.00 | 90,900.00 | 28.06.2025 तक (जिला परिषद कार्यालय, राँची) डाकबन्दोबस्ती की तिथि 04.07.2025 |
| 2 | इटकी प्रखण्ड का कुरगे हाट | 1,29,605.00 | 12,960.00 | |
| 3 | माण्डर प्रखण्ड का ब्राम्बे हाट | 15,00,000.00 | 1,50,000.00 | |
| 4 | चान्हों प्रखण्ड का चान्हों हाट | 7,12,496.00 | 71,249.00 | 28.06.2025 तक (जिला परिषद कार्यालय, राँची) डाकबन्दोबस्ती की तिथि 05.07.2025 |
| 5 | चान्हों प्रखण्ड का सोंस हाट | 7,62,305.00 | 76,230.00 | |
| 6 | चान्हों प्रखण्ड का बलसोकरा हाट | 1,16,601.00 | 11,660.00 | |
| 7 | चान्हों प्रखण्ड का हुटार हाट | 1,46,045.00 | 14,605.00 | |

नोट :- उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक व्यक्ति डाक बन्दोबस्ती से संबंधित अन्य शर्ते जिला परिषद, राँची के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिशद, राँची

PR 355221 District(25-26)#D

**झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

75वीं औपबंधिक सूची जिला-राँची

| क्र0 | आवेदनकर्ता का विवरण | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नहीं | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या-1938, दिनांक-20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्रमांक-304/25 2. आवेदक-मुकेश कुमार महतो (आश्रित पुत्र) 3. पिता-स्व0 करमु महतो (मूल आंदोलनकारी) 4. ग्राम-टाटी बस्ती (मिश्रा टोला) पोस्ट-टाटीसिलवे 5. प्रखण्ड-नामकुम थाना-टाटीसिलवे 6. लिंग-पुरूष आयु-34 वर्ष 7. पहचान चिह्न-दाहिने बांह में तिल का निशान। | राँची सदर थाना काण्ड सं0-176/94 | नहीं | कारण :-दिनांक 29/10/1994 को गाड़ी रोककर रंगदारी टैक्स मांगने का आरोप। | 2(ix) आश्रित पुत्र) |
| 2. | 1. आवेदन क्रमांक-305/25 2. आवेदक-हरिवंश साहू 3. पिता-स्व0 जगनाथ साहू 4. ग्राम-बोडेया पोस्ट-बोडेया 5. प्रखण्ड-कांके थाना-कांके 6. लिंग-पुरूष आयु-71 वर्ष 7. पहचान चिह्न-बायें हाथ में कटे का निशान। | नहीं | नहीं | कारण :-संलग्न अखबार कतरनों से ज्ञात होता है कि आवेदक आजसू के कार्यकर्ता रहे हैं। | 2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्रमांक-306/25 2. आवेदक-मो0 मोजीबुर रहमान 3. पिता-स्व0 मो0 कमर 4. ग्राम-ओरमांझी हाथीखाना, पोस्ट-ओरमांझी 5. प्रखण्ड-राँची सदर थाना-ओरमांझी 6. लिंग-पुरूष आयु-63 वर्ष 7. पहचान चिह्न-अंकित नही है। | नहीं | नहीं | कारण :- (i)संलग्न अखबार कतरन (राँची एक्सप्रेस) से ज्ञात होता है कि आवेदक आजसू की ओरमांझी शाखा के पदधारी रहे हैं। (ii) अनुज कुमार सिन्हा द्वारा लिखित पुस्तक 'झारखण्ड आंदोलन का दस्तावेज' के पृष्ठ 260 में नाम अंकित। | 2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्रमांक-307/25 2. आवेदक-महाबीर नायक 3. पिता-फुदु नायक 4. ग्राम-नायक मोहल्ला, हटिया, पोस्ट-हटिया 5. प्रखण्ड-नामकुम थाना-जगन्नाथपुर 6. लिंग-पुरूष आयु-82 वर्ष 7. पहचान चिह्न-दाहिने हाथ में कटे का निशान। | नहीं | | कारण :-आवेदक स्थापित प्रतिष्ठित नागपुरी कवि एवं गायक हैं, जिन्होंने अपनी रचना एवं गायकी द्वारा झारखण्ड आंदोलन को गति प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई। | 2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्रमांक-308/25 2. आवेदक-लछु टोप्पो 3. पिता-हिरामन टोप्पो 4. ग्राम-कढरू, पुलटोली पोस्ट-ओरमांझी 5. प्रखण्ड-राँची सदर थाना-अरगोड़ा 6. लिंग-पुरूष आयु-74 वर्ष 7. पहचान चिह्न-बायें कंधे पर मस्सा। | नहीं | नहीं | कारण :-संलग्न कागजात से ज्ञात होता है कि आवेदक वर्ष 1995 में झा0मु0मो0 (कढरू शाखा) के उपाध्यक्ष एवं वर्ष 1999 में अध्यक्ष रहेंहै। | 2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्रमांक-369/25 2. आवेदक-अमीन अहमद 3. पिता-स्व0 हाजी अजीज अहमद 4. ग्राम-चीठा पोस्ट-गोंदा 5. प्रखण्ड-राँची सदर थाना-गोंदा 6. लिंग-पुरूष आयु-61 वर्ष 7. पहचान चिह्न-बायें गाल में नाक के पास तिल का निशान। | नहीं | नहीं | कारण :-इलियास मजीद द्वारा लिखित पुस्तक 'झारखण्ड आन्दोलन और झारखण्ड गोमके होरो साहेब' के पृष्ठ 88-89 में नाम अंकित है। | 2(ix) |

नोट :- 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO.355252 Home(25-26):D

# भविष्य बताने वाले, वर्तमान से बेखबर?

जब भी आपदा आती है भविष्य बांचने वाले ऑफलाइन मिलते हैं। कई तो यह तक दावा करते हैं कि उनका 'ऊपर वाले से सीधा संपर्क' है। ऐसे देववाचक भी हर बड़ी आपदा, दुर्घटना या संकट के समय चुप क्यों हो जाते हैं? यह बड़ा सवाल इसलिए है कि क्या उनका दिव्य नेटवर्क केवल चढ़ावे और चमत्कार तक सीमित है? सवाल यह भी है कि इनका नेटवर्क अचानक उस समय क्यों डाउन हो जाता है जब कोई भयंकर आपदा, ट्रेन हादसा, प्लेन क्रैश, या भूकंप आता है? तकनीक प्रौद्योगिकी का जमाना है तो सवाल उठना लाजिमी है कि क्या इनकी ज्योतिषीय सेटिंग में कोई सर्वर एरर आ जाता है? या फिर 'अदृश्य शक्ति' भी सावधानी का बोर्ड लगाकर छुट्टी पर चली जाती है? यह प्रश्न अब मजाक नहीं, बल्कि गंभीर सामाजिक विमर्श का विषय बन चुका है। अब जब कोई गंभीर संकट आता है, तो सबसे पहले न्यूज चैनल, वैज्ञानिक एजेंसियां या रेस्क्यू टीमें सक्रिय होती हैं। मगर वह बाबा नजर नहीं आते जिनका दावा होता है कि वे भविष्य देख सकते हैं या ईश्वर से सीधी बातचीत कर सकते हैं। यह वही लोग हैं जो टीवी पर, मंचों पर और यूट्यूब लाइव में हजारों लोगों के सामने आंखें मूंदकर बड़े भावुक अंदाज में कहते हैं- 'बेटा, तेरा समय बदलने वाला है', 'तू अगले जन्म में साधु बनेगा', या 'तेरे कुल में बहुत बड़ा संत हुआ था'। लेकिन जब देश के किसी कोने में कोई बच्चा बोरवेल में गिरता है, जब प्लेन क्रैश होता है, जब कोई महामारी फैलती है-तो ये भविष्यवक्ता नदारद होते हैं। सवाल यह उठता है कि यदि इनके पास सचमुच कोई 'दिव्य दृष्टि' है तो वो सार्वजनिक हित में क्यों नहीं लगाई जाती? क्या इनकी चेतना सिर्फ 'प्रेम विवाह के उपाय', 'दुश्मन को वश में करने की विधि' या 'विदेश यात्रा कब होगी' जैसे प्रश्नों तक ही सीमित है? क्या ईश्वर से सीधा संपर्क रखने वाले लोगों की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वे देश, समाज और मानवता के हित में समय रहते चेतावनी दें? हाल ही में एक वायरल टिप्पणी ने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी- 'इतने बड़े-बड़े भविष्य वक्ता, ऊपर वाले से सीधा संपर्क... फिर भी किसी बड़े हादसे की खबर तक नहीं मिलती!' यह वाक्य जितना सरल है, उतना ही तीव्र और तर्कपूर्ण भी है। क्योंकि यह धार्मिक चमत्कारों की उस 'औद्योगिक प्रणाली' पर सवाल खड़ा करता है जो लोगों की भावनाओं को भुनाकर अरबों का कारोबार करती है। आजकल हर गली-मोहल्ले में कोई न कोई ब्रांड है। किसी की टैगलाइन है 'भाग्य बदलिए', तो कोई कहता है 'समस्या का समाधान सिर्फ 7 दिन में'। कुछ तो ऐसे हैं जो स्वयं को 'ईश्वर का अवतार' घोषित कर चुके हैं। लेकिन जब देश में कोई आपदा आती है, तो ये सब 'अवतार' अंडरग्राउंड हो जाते हैं। इनके आश्रमों में सन्नाटा छा जाता है और प्रवचन मंचों पर 'प्रेस नोट' चस्पा कर दिया जाता है- 'बाबा जी ध्यान साधना में हैं, कृपया किसी अन्य समय संपर्क करें।' विचार कीजिए, यदि ये लोग सचमुच संकट पूवार्नुमानित कर सकते हैं, तो क्यों नहीं एनडीआरएफ या प्रधानमंत्री कार्यालय को पहले से सूचित कर देते? क्यों नहीं आपदा प्रबंधन में इनका कोई उल्लेख होता है? कारण स्पष्ट है-इनकी 'भविष्यवाणी' एक मार्केटिंग उत्पाद है, एक प्रकार की 'भावनात्मक ज्योतिषीय फैंटेसी', जिसे धार्मिक आस्था की चादर में लपेटकर बेचा जा रहा है। दुख की बात यह है कि यह लोग आमजन की पीड़ा और अज्ञान का लाभ उठाकर एक ऐसा मायाजाल बुनते हैं जिसमें न तर्क है, न पारदर्शिता। इनकी भविष्यवाणी 'जेनरिक' होती है- 'अगले 6 महीने बहुत चुनौतीपूर्ण होंगे', 'देश में बड़ी घटना होने वाली है', 'भूकंप या महामारी की संभावना है'। अब जरा सोचिए, ये तो किसी भी समय पर लागू किया जा सकता है। यह 'वाटरप्रूफ' भविष्यवाणी होती है- गलत हुई तो कहा जाएगा 'तुम्हारी श्रद्धा कम थी', सही हुई तो 'देखा, बाबा ने पहले ही बताया था'! बाजार ने भी इनकी दुकानदारी को बढ़ावा दिया है। टीवी चैनलों से लेकर सोशल मीडिया तक, हर जगह इनका बोलबाला है। इनके प्रवचन में भक्ति कम, ब्रांडिंग अधिक होती है। कोई यू-ट्यूब पर लाइव भविष्यवाणी करता है। कोई इंस्टाग्राम पर ध्यान सत्र लेता है। इनके पास एचडी कैमरे, माइक सेटअप, वीडियो एडिटर तो हैं पर जब देश को 'दिव्य चेतावनी' चाहिए होती है, तब इनका नेटवर्क फेल हो जाता है।

# देश के 'मिनी मुंबई' इंदौर पर लव जिहादियों की 'बुरी नजर'

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

हिन्दू लड़कियों को योजना से फंसाकर उनके साथ लव जिहाद कर उन्हें कन्वर्जन करने के सबसे अधिक मामले मध्य प्रदेश के इंदौर से सामने आ रहे हैं। लग रहा है जैसे देश के 'मिनी मुंबई' पर जिहादियों ने पूरी नजर गड़ा रखी है। मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर की स्थिति इस वक्त इतनी खराब हो गई है कि हर रोज यहां धर्मपरिवर्तन का खेल खेला जा रहा है, जहां बात प्यार से न बनें, वहां लालच दो और जहां रुपये या अन्य महंगी वस्तुओं से काम न चले, वहां डर दिखाकर कन्वर्जन कराओ लेकिन गैर मुसलमानों को ज्यादा से ज्यादा इस्लाम में लाना जैसे यहां इस्लामवादियों का सबसे बड़ा मकसद नजर आ रहा है। यहां तक कि इस्लाम से जुड़े जनप्रतिनिधि भी इस मामले में सक्रिय नजर आए हैं।

## कांग्रेस पार्षद दे रहा था लव जिहाद के लिए दो लाख रुपये तक की राशि

अब सामने आए प्रकरण में दो पीड़िताओं की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ रेप और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में एफआईआर की गई है। इंदौर की बाणगंगा पुलिस की तहकीकात में सामने आया है कि लव जिहाद की घटना को अंजाम देने के लिए फंडिंग की गई, जिसमें पुलिस ने कांग्रेस पार्षद को भी 120बी के तहत आरोपित बनाया है। जांच के दौरान सामने आए वीडियो में दोनों आरोपियों साहिल शेख और मोहम्मद अल्ताफ ने कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी का नाम लिया, जिसने लड़कियों को प्रेमजाल में फंसाने और निकाह के लिए उन्हें मोटी रकम दी थी। उसने युवकों को एक लड़की को फंसाने के लिए एक लाख रुपये और निकाह कराने पर दो लाख रुपये देने की बात कही थी। साथ ही अधिकतम हिन्दू युवतियों को प्रेम जाल में फंसाकर बाद में वेश्यावृत्ति के धंधे में धकेलना भी सामने आया है।

पकड़े गए दोनों युवकों ने बताया कि पार्षद पहले फोटो देखकर आश्वस्त होता है कि लड़की हिन्दू है कि नहीं, फिर उसके बाद फंडिंग की जाती। प्रत्येक युवती को अपने जाल में फंसाने के लिए एक से दो लाख रुपये दिए जाते थे। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने बताया कि अनवर से सामाजिक कार्यक्रम के दौरान मुलाकात हुई थी। उसने दो लाख रुपये दिए थे। यह भी कहा कि इस काम को आगे बढ़ाओ। दूसरी ओर आरोपित साहिल खान को लेकर 18 वर्षीय पीड़िता ने अपनी आपबीती में बताया कि करीब पांच महीने पूर्व उससे हिन्दू नाम से इंस्टाग्राम पर दोस्ती की गई थी। 12 मई को वह बातचीत के लिए युवती को दोस्त के रूम पर ले गया, जहां पूरी तरह भरोसे में लेकर शादी का झांसा देते हुए शारीरिक संबंध बनाए, इसके बाद साहिल उसे 30 मई को स्कीम-54 में एक कैफे पर मिलने बुलाता है जहां कई बार मना करने एवं विरोध के बाद उसके साथ जबरदस्ती की गई। बाद में उसकी असली पहचान मुस्लिम होना उजागर हुआ। उसने बताया कि वह मुसलमान है और अब तुम भी अपना धर्म बदल लो। उसने कहा कि तू जितना पैसा मांगेगी मैं दूंगा। फिर युवती को जबरदस्ती बुरका पहनाने की कोशिश की गई।

## वीडियो वायरल होने से पुलिस के हाथ लगे लव जिहादी

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया का पूरे मामले को लेकर कहना है कि यह कार्रवाई वायरल वीडियो के आधार पर की गई, अभी दो पीड़िताएं इस प्रकरण में सामने आई हैं, इसलिए अलग-अलग दो एफआईआर दर्ज की गईं और साहिल-अल्ताफ दोनों को आरोपित बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इन दोनों पीड़िताओं के बयानों के आधार पर धाराएं बढ़ाई गई हैं। इसमें पार्षद अनवर कादरी को भी आरोपी बनाया जा रहा है। सभी आरोपितों से सघन पूछताछ जारी है। वहीं, थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने जानकारी दी कि आरोपी साहिल शेख और अल्ताफ खान ने सोशल मीडिया पर फर्जी हिंदू नामों से आईडी बना रखी थी, इन्हीं नामों से वे युवतियों को फंसाते थे। इसके लिए इन्होंने अपने नाम 'अर्जुन' और 'राज' रखे हुए थे। शिकायत करने सामने आई दोनों युवतियों से भी ये हिन्दू नाम से बात करते और उन्हें लव जिहाद का शिकार बनाया गया। इनकी मोबाइल जांच में सामने आया है कि एक बार किसी युवती के इसके झांसे में आने के बाद वे इन लड़कियों पर शादी करने एवं धर्म परिवर्तन का दबाव बनाते।

उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्षद ऐसे युवकों को फंडिंग करते, यह भी सामने आया है। आरोपित अल्ताफ ने अनवर से एक लाख रुपये लेना स्वीकारा है। पुलिस आरोपियों के बैंक खातों की जांच कर रही है। कादरी के अलावा भी अन्य लोगों की जांच की जा रही है। देररात पुलिस ने उसके घर छापा मारा लेकिन वह फरार हो गया। दोनों आरोपित सोमवार तक पुलिस रिमांड पर रहे। पुलिस इस रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है।

## ओलंपिक शूटिंग एकेडमी के कोच मोहसिन खान का प्रकरण हाल ही में आया है सामने

दरअसल, इंदौर में लगातार लव जिहाद के केस सामने आ रहे हैं। ड्रीम ओलंपिक शूटिंग एकेडमी के कोच मोहसिन खान पर अब तक सात एफआरआर दर्ज हो चुकी हैं। उसने खुद एवं अन्य मुस्लिम दोस्तों व परिवार सदस्यों के साथ मिलकर कई हिन्दू लड़कियों को लव जिहाद का शिकार बनाया और रेप किया। बजरंग दल ने दावा किया है कि मोहसिन ने 150 से अधिक हिंदू युवतियों को अपने जाल में फंसाया। ऐसे ही पुलिस ने एक अन्य प्रकरण में फरहान और हन्नेन खान को पकड़ा तो इन दोनों ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। आरोपित हन्नेन खान ने हिंदू युवती को अपना नाम आयुष पटेल बताकर झांसे में लेना बताया। पुलिस ने हन्नेन के फोन की जांच की तो कई हिंदू युवतियों की चैटिंग मिली। इसी तरह, आरोपित फरहान ने भी युवती को हिंदू नाम बताकर झांसे में लिया था। जब युवती को उसके मुस्लिम होने की सच्चाई का पता चला तो विजय नगर थाने में मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम (लव जिहाद) की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची। इस प्रकरण में पीड़िता के अनुसार, फरहान के कृत्य में उसकी मां अफसाना भी शामिल है।

इसी तरह के लव जिहाद के एक मामले में खजराना निवासी तोहिद रजा का खुलासा हुआ। मामले में पीड़िता ने पुलिस को बताया कि महिला मित्र की जन्मदिन की पार्टी पर तोहिद पुत्र तोफिक रजा से दोस्ती हुई थी। उसने पीड़िता से मोबाइल नंबर ले लिए और दोनों की बातचीत होने लगी। आरोपित ने युवती से कहा था कि उसका नाम राहुल है। उसने शादी का झांसा दिया और उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। कुछ समय बाद पता चला कि आरोपित का असली नाम तोहिद है और लव जिहादी है। उक्त प्रकरण में टीआइ सहर्ष यादव का कहना है कि तोहिद ने पीड़िता का वीडियो बना लिया था, जिसके बाद उसने ब्लैकमेल करना शुरू किया। इंटरनेट पर वीडियो डालने की वह पीड़िता को धमकी भी देता था। उसके विरुद्ध लूट-चोरी के गंभीर मामले दर्ज हैं। वह एमडी ड्रग्स का नशा भी करता है।

यहां पत्नी-पत्नी और वो की एक और झकझोर देने वाली कहानी भी हाल ही में सामने आ चुकी है। एक पति ने पहले पांच पन्नों में अपनी दर्दभरी कहानी लिखी, फिर वीडियो बनाकर रोते हुए बताया कि कैसे उसकी पत्नी जिम में जाने के बाद एक 'लव जिहादी' की चंगुल में फंसी। तंग आकर उसने जहर खा लिया। उल्लेखनीय है कि इंदौर पुलिस की जांच में सामने आया कि शहर के कुछ कॉल सेंटर, जिम और शिक्षा केंद्रों को आरोपियों ने लव जिहाद की गतिविधियों का अड्डा बना रखा है। यहां मुस्लिम युवक हिंदू नाम से युवतियों से संपर्क करते हैं, फिर उन्हें दुष्कर्म का शिकार बनाते हैं। चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि इन मुस्लिम युवकों को इस काम में उनके परिवार की महिलाएं भी सहयोग करती नजर आ रही हैं। विश्व हिन्दू परिषद, हिन्दू जागरण मंच एवं अन्य सनातन धर्म से जुड़े हिन्दू संगठनों का कहना है कि इंदौर में लव जिहाद का बड़ा षड्यंत्र चल रहा है। हिन्दू नाम रखने से इन इस्लामवादियों की मूल पहचान छिपी रहती है और हिन्दू लड़कियां उनके झांसे में आ जाती हैं। यह सीधे हिन्दू संस्कृति पर भी हमला है। पुलिस इस मामले में सघन जांच अभियान चलाए और अन्य जितने भी इस तरह के रैकेट चल रहे हैं, उनका पदार्फाश करे। वहीं, इन संगठनों को लगता है कि इस प्रकरण में भी जिस तरह से आरोपियों के मोबाइल से कई आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भी बरामद हुए हैं। उसे देखते हुए यह मामला भी एक संगठित गिरोह की साजिश हो सकती है।

## मुख्यमंत्री यादव जो बोले, वह हकीकत में हो लागू : विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता

विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल कहते हैं कि लगातार इस प्रकार के मामलों का सामने आना यह दर्शा रहा है कि ये इस्लामिक जिहादी किसी भी कानून से नहीं डरते, इनमें कानून का भय नहीं। यह जानकर घोर आश्चर्य होता है कि लव जिहाद जैसे अपराध को रोकने के लिए मप्र में कठोर कानून धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, 2021 लागू है, जो गलत तरीके से मतांतरण को रोकता है। इस कानून के तहत धोखाधड़ी, जबरदस्ती, प्रलोभन या दबाव के जरिए धार्मिक पहचान बदलवाने वालों को सजा और जुमार्ने का प्रावधान है। फिर भी इस तरह के अपराधों में कमी नहीं आ रही। उनका कहना है कि विश्व हिन्दू परिषद मध्य प्रदेश की सरकार से यह मांग करती हैं जैसा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने बीते दिनों महिला दिवस के अवसर पर बोला भी था कि धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत हम यह प्रावधान कर रहे हैं कि जो लोग मतांतरण करवाएंगे, उनके लिए हमारी सरकार फांसी की सजा का प्रबंध करेगी। मतांतरण और दुराचार जैसी किसी भी व्यवस्था के खिलाफ हमारा संकल्प है कि समाज में ऐसी कुरीतियों को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। मासूम बेटियों के साथ दुराचार करने वालों के खिलाफ सरकार बहुत सख्त है। इसके लिए पहले से ही फांसी की सजा का प्रावधान किया गया है, और अब मतांतरण के मामलों में भी यही सजा लागू होगी। तो वे अपनी इस मंशा को जल्द राज्य में लागू करें। हो सकता है फांसी का डर इन जिहादियों के काले कारनामों पर कुछ अंकुश लगा पाए।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का इस मामले में साफ कहना है कि उनकी सरकार जोर-जबरदस्ती या बहला-फुसलाकर दुराचार और मतांतरण करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शने के मूड में नहीं है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ऐसे लोगों को छोड़ने वाली नहीं है। हम किसी भी हालत में इन्हें जिंदगी जीने का अधिकार नहीं देना चाहते। फिलहाल इस प्रकरण में पार्षद अनवर पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है, जिसे पुलिस जल्द पकड़ने के लिए कार्रवाई कर रही है, उसके बाद इस सबंध में अन्य राज सामने आ सकेंगे।

## सूडोकु नवताल- 7464

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7463 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# उपजाऊ भूमि को मरुस्थल होने से बचाना होगा

ललित गर्ग

मानव एवं जीव-जंतुओं का जीवन भूमि पर निर्भर है। फिर भी, पूरी दुनिया में प्रदूषण, भूमि का दोहन, जलवायु अराजकता और जैव विविधता विनाश का एक जहरीला मिश्रण स्वस्थ भूमि को रेगिस्तान में बदल रहा है और संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र मृत क्षेत्रों में बदल रहा है। 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा निवारण आज की जलवायु समस्याओं का सटीक समाधान हो सकता है, इसी को ध्यान में रखते हुए विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा निवारण दिवस 17 जून को मनाया जाता है। यह दिन मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने के लिए जागरूकता बढ़ाने और लोगों को एकजुट करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है 'भूमि के लिए एकजुट। हमारी विरासत। हमारा भविष्य' है, संयुक्त राष्ट्र के अनुसार यह दिवस पर भूमि के महत्व और इसे भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। कोलंबिया गणराज्य इस वर्ष 17 जून को मरुस्थलीकरण और सूखा दिवस के वैश्विक आयोजन की मेजबानी करेगा, जो प्रकृति-आधारित समाधानों के माध्यम से भूमि क्षरण को संबोधित करने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बोगोटा में आयोजित यह कार्यक्रम स्थिरता, शांति और समावेशी विकास के उत्प्रेरक के रूप में भूमि बहाली एवं सूखा निवारण की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालेगा, साथ ही भोजन, पानी, रोजगार और सुरक्षा सुनिश्चित करने में स्वस्थ भूमि की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देगा।

स्वस्थ भूमि संपन्न अर्थव्यवस्थाओं का आधार है, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का आधा से अधिक हिस्सा प्रकृति पर निर्भर है। फिर भी हम इस प्राकृतिक पूंजी को खतरनाक दर से नष्ट कर रहे हैं- हर मिनट, भूमि क्षरण के कारण चार फुटबॉल मैदानों के बराबर भूमि नष्ट हो जाती है। इससे जैव विविधता का नुकसान होता है, सूखे का खतरा बढ़ता है और समुदाय विस्थापित होते हैं। इसके प्रभाव वैश्विक हैं- खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से लेकर अस्थिरता और पलायन तक। मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा हमारे समय की सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों में से हैं तथा विश्वभर में 40 प्रतिशत भूमि क्षेत्र पहले से ही क्षरित माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र के पारिस्थितिकी तंत्र बहाली दशक 2021-2030 के आधे पड़ाव पर पहुंचने के साथ ही, हमें भूमि क्षरण की लहर को बड़े पैमाने पर बहाली में बदलने के प्रयासों में तेजी लानी चाहिए। यदि मौजूदा रुझान जारी रहे, तो हमें 2030 तक 1.5 बिलियन हेक्टेयर भूमि को बहाल करना होगा और एक ट्रिलियन डॉलर की भूमि बहाली अर्थव्यवस्था को गति देनी होगी।

भूमि को पुनःस्थापित करें, अवसरों को खोलें थीम के अंतर्गत, इस बात पर प्रकाश डालता है कि प्रकृति की नींव-भूमि-को पुनःस्थापित करने से किस प्रकार रोजगार सृजित हो सकते हैं, खाद्य और जल सुरक्षा को बढ़ावा मिल सकता है, जलवायु कार्रवाई का समर्थन किया जा सकता है और आर्थिक लचीलापन निर्मित किया जा सकता है। यह विशेष रूप से उन शुष्क, अर्द्ध-शुष्क और शुष्क उप-आर्द्र क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है, जिन्हें शुष्क भूमि के रूप में जाना जाता है, इन स्थानों पर सबसे कमजोर पारिस्थितिक तंत्र पाए जाते हैं। यह दिवस अंतरराष्ट्रीय सहयोग से उपजाऊ भूमि को मरुस्थल होने से बचाता, बंजर और सूखे के प्रभाव का मुकाबला करने में सक्षम बनाता है। वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एक प्रस्ताव में बंजर और सूखे से जुड़े मुद्दे पर जन जागृति का माहौल निर्मित करने के लिये इस दिवस की घोषणा की। बढ़ते मरुस्थल के प्रति सचेत होना इसलिये जरूरी है कि दुनिया हर साल 24 अरब टन उपजाऊ भूमि खो देती है। मरुस्थलीकरण से बचाव के लिए जल संसाधनों का संरक्षण तथा समुचित मात्र में विवेकपूर्ण उपयोग काफी कारगर भूमिका अदा कर सकती है।

मरुस्थलीकरण एक तरह से भूमि क्षरण का वह प्रकार है, जब शुष्क भूमि क्षेत्र निरंतर बंजर होता है और नम भूमि भी कम हो जाती है। साथ ही साथ, वन्य जीव व वनस्पति भी खत्म होती जाती है। इसकी कई वजह होती हैं, इसमें जलवायु परिवर्तन और इंसानी गतिविधियां प्रमुख हैं। इसे रेगिस्तान भी कहा जाता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक 2025 तक दुनिया के दो-तिहाई लोग जल संकट की परिस्थितियों में रहने को मजबूर होंगे। उन्हें कुछ ऐसे दिनों का भी सामना करना पड़ेगा जब जल की मांग और आपूर्ति में भारी अंतर होगा। ऐसे में मरुस्थलीकरण के परिणामस्वरूप विस्थापन बढ़ने की संभावना है और 2045 तक करीब 13 करोड़ से ज्यादा लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ सकता है। विश्व में जमीन का मरुस्थल में परिवर्तन होना गंभीर समस्या एवं चिन्ता का विषय है। भारत में भी यह चिंता लगातार बढ़ रही है। इसकी वजह यह है कि भारत की करीब 30 फीसदी जमीन मरुस्थल में बदल चुकी है। इसमें से 82 प्रतिशत हिस्सा केवल आठ राज्यों राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, जम्मू एवं कश्मीर, कर्नाटक, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) द्वारा जारी 'स्टेट ऑफ एनवायरमेंट इन फिगर्स 2019' की रिपोर्ट के मुताबिक 2003-05 से 2011-13 के बीच भारत में मरुस्थलीकरण 18.7 लाख हेक्टेयर बढ़ चुका है। सूखा प्रभावित 78 में से 21 जिले ऐसे हैं, जिनका 50 फीसदी से अधिक क्षेत्र मरुस्थलीकरण में बदल चुका है।

भारत में लगातार बढ़ रहे रेगिस्तान की गंभीर चिन्ताजनक स्थिति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जागरूक है और अपनी तीसरी पारी में अब प्रकृति- पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण-मुक्ति के साथ बढ़ते रेगिस्तान को रोकने के लिये उल्लेखनीय कदम उठाये हैं। बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने एवं पर्यावरण की रक्षा को लेकर प्रधानमंत्री का संकल्प एक शुभ संकेत है, नये भारत के अभ्युदय का प्रतीक है। उम्मीद करें कि आजादी के अमृतकाल में सरकार की नीतियों में जल, जंगल, जमीन एवं जीवन की उन्नत संभावनाएं और भी प्रखर रूप में झलकेगी और धरती के मरुस्थलीकरण के विस्तार होते जाने की स्थितियों पर काबू पाने में सफलता मिलेगी।

# उद्देश्य से भटके संयुक्त राष्ट्र संघ को भंग क्यों नही करते?

अशोक मधुप

संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्य औचित्य अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना, मानव अधिकारों की रक्षा करना, और विभिन्न राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करना है। इसका गठन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 1945 में 51 देशों द्वारा किया गया था। इसका उद्देश्य था कि भावी युद्धों को रोका वैश्विक सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। आज 193 देश इसके सदस्य हैं। इतने बड़े संगठन का लगता है कि आज कोई देश कहना मानने को तैयार नहीं। सबकी अपनी ढपली अपना राग है। संयुक्त राष्ट्र संघ तमाशबीन बन कर रह गया है। लगभग एक साल आठ माह से इस्राइल -हमास युद्ध चल रहा है। अब इस्राइल से ईरान पर हमलाकर दिया है। इस्राइल- ईरान युद्ध में बैलिस्टिक मिजाइल प्रयोग हो रही हैं। सवा दो साल से रूस-यूक्रेन युद्ध चल रहा है। तालिबान द्वारा अफगानिस्तान में की गई बरबादी पूरी दुनिया ने देखी। संयुक्त राष्ट्र संघ मानव जीवन की बरबादी देख रहा है। यह असहाय बना बैठा है। मानव जीवन का विनाश रोकने के लिए वह कुछ नहीं कर पा रहा। उसकी भूमिका शून्य होकर रह गई है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि जब संयुक्त राष्ट्र संघ कुछ नहीं कर सकता। को देश उसकी मानने को तैयार नही। युद्ध रोकने की उसकी शक्ति नहीं तो उसका औचित्य क्या है? दुनिया के देश क्यों इस सफैद हाथी को पाले हैं। क्यों इसका खर्च वहन कर रह हैं।इस भंग क्यों नही कर दिया जाता।

एक साल आठ माह से से हमास-इस्राइल युद्ध चल रहा है। लगभग डेढ़ साल पूर्व हमास- इस्राइल युद्ध को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रयास हुए। कई बार प्रस्ताव के प्रयास हुए पर वीटो पावर वाले देशों के अडंगे के कारण कुछ नहीं हो सका। बाद में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस युद्ध को रोकने के लिए सर्वसम्मत प्रस्ताव स्वीकार किया, किंतु इस्राइल ने इसे स्वीकार करने से मना कर दिया। होना यह चाहिए था कि प्रस्ताव होता कि हमास ने इस्राइल पर हमला किया है, वह इस्राइल के नुकसान की भारपाई करे। इस्राइल के बंदी रिहा करे। ये भी व्यवस्था होती कि भविष्य में हमास ऐसा दुस्साहस न कर सके। सब चाहते हैं कि इस्राइल युद्ध रोके। कोई ये पहल नही कर रहा कि पहले हमास इस्राइल के बंदी रिहा करे। इस्राइल के हमलों में बच्चों और महिलाओं के मरने की बात हो रही है। मुख्य मामला पीछे चला गया। अब ये सब बात बंद हो गई। साफ हो गया कि इस्राइल मानने वाला नही है। हमास के हमले में इस्राइल में बच्चों- महिलाओं का जिस तरह कत्ल किया गया, उनकी गर्दन काटी गई। उसका कहीं जिक्र नहीं हो रहा। इस तरह का दोहरा आचरण दुनिया का विखंडित ही करेगा, रोकेगा नही। पिछले तीन साल चार माह से रूस -यूक्रेन युद्ध जारी है। इस युद्ध में मरने और घायल होने वाले दोनों देशों के सैनिकों की संख्या पांच लाख के आसपास है। अपने सैनिकों की मौत के बारे में न रूस कुछ बता रहा है, न ही यूक्रेन।


रूस- यूक्रेन युद्ध में सीएसआईएस के जून 2025 के अनुमान के अनुसार रूस के लगभग 250,000 सैनिकों की मौत हुई। साढ़े सात लाख गंभीर रूप से घायल हैं। यूक्रेन की और से 21 मई 2025 तक 70,935 यूक्रेनी सैनिक मारे जा चुके हैं। सीएसआईएस का जून 2025 अनुमानः कुल 400,000 हताहत (इसमें 60 हजार से एक लाख मारे और 300-340 हजार घायल हुए)। यूक्रेनी ऑफिशियल आंकड़े के अनुसार 43,000 मारे और 370,000 घायल हुए। यूएनएचसीआर के अनुसार, लगभग 10.6 मिलियन यूक्रेनियन विस्थापित हुए हैं। 3.7 मिलियन देश के अंदर, 6.9 मिलियन विदेश में विस्थापित हुए। यूएन के अनुसार यूक्रेन में लगभग 13,134 नागरिकों की मौत हुई है (2025 तक सत्यापित); 2022-2024 में मान्यता प्राप्त कुल नागरिक मृत्यु 50,000 तक हो सकती है। उधर इजराइल- हमास संघर्ष में इस्राइल के 831 सैनिक मरे, 5,617 घायल हुए। 924 नागरिक मरे, 14,000 से ज्यादा घायल हुए। हमास/गाजा के 20,000 से ज्यादा मिलिटेंट मरे। (सटीक घायलों का डेटा नहीं) 55,000 से ज्यादा गाजाई महिला-बच्चे मरे।

इतना सब होने के बाद भी संयुक्त राष्ट्र इस युद्ध को नहीं रोक पाया। न रोक पा रहा है। इस युद्ध से दोनों देशों के विकास तो रुका ही। मानव कल्याण के लिए भवन, पुल, स्कूल और उद्योग खंडहर बन गए। इनके युद्ध के कारण दुनिया के अन्य देशों को होने वाली अनाज की आपूर्ति रुकी है। इससे पूरी दुनिया में मंहगाई बढ़ रही है। हाल ही में यूक्रेन ने रूस पर बड़ा हमला किया।इससे रूस को भारी क्षति हुई। कई आधुनिक लड़ाकू विमान तबाह हुए। उसका जबाव रूस ने भी दिया। जिस तरह से रूस लड रहा है। मित्र देश यूक्रेन को पीदे से मदद कर रहे है, उससे लगता है कि गुस्साकर कभी भी रूस परमाणु हमला कर सकता है। किंतु इसकी किसी को चिंता नहीं। हमास - इस्राइल युद्ध के बीच हुति विद्रोहियों ने इस्राइल पर मिजाइल से हमले किए। इस्राइल समर्थक देशों के मालवाहक जहाजों पर मिजाइल दागीं। इस सब के बावजूद संयुक्त राष्ट्र संघ की नींद नही खुली।

आज संयुक्त राष्ट्र महासभा कुछ देश के हाथों की कठपुतली बन गया है। अन्य देश न अपनी ताकत का प्रयोग कर सकता है ना अपनी क्षमता का। संयुक्त राष्ट्र महासभा के गठन का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य विश्व में शांति कायम करना है। आज के हालात को देखते हुए लगता है कि अपने सबसे बड़े कार्य का दायित्व निभाने में वह सक्षम नहीं है। पांच वीटो पावर देश उसे अपनी मर्जी से नचा रहे हैं।

## दैनिक पंचांग

18 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | मिथुन | 05.02 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | कर्क | 07.20 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 09.36 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 11.48 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 13.59 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.13 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.29 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.34 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.21 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | मीन | 23.54 बजे से |
| | | मेष | 01.24 बजे से |
| | | वृष | 03.04 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 169 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** सप्तमी 13.35 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 00.23 बजे रात्र को समाप्त। **योग** प्रीति 07.40 बजे को समाप्त। **करण** बव 13.35 बजे तदनन्तर बालव 00.49 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 21.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 24'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872379
**जूलियन दिन** 2460844.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 21
**विशेष** कालाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# रामगढ़ डीसी ने 50 हजार से अधिक लोगों को दिलायी फर्स्ट एड की ट्रेनिंग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** आप ऑफिस में काम कर रहे हो या रेस्टोरेंट में परिवार के साथ एंजॉय कर रहे हो। आपकी सांस कहीं भी बंद हो सकती है। हादसे ना तो बता कर आते हैं और ना ही मौत का कोई समय तय है। लेकिन हादसों के बाद अगर तत्काल प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध हो जाए, तो जिंदगी बचाई जा सकती है। ऐसे लाखों मामले सामने आए हैं, जहां प्राथमिक चिकित्सा के आभाव में इंसान की जान चली गई?। रामगढ़ डीसी फैज अहमद मुमताज इंसानी जिंदगी को बचाने के लिए पिछले कई वर्षों से अभियान चला रहे हैं। उनका मानना है कि फर्स्ट एड बेहद जरूरी है। यह ना तो सिर्फ अस्पताल के लिए है और ना ही किसी पढ़े लिखे इंसान के लिए। हमारे समाज के हर वर्ग में ऐस वॉलिंटियर्स होने चाहिए जो फर्स्ट एड उपलब्ध करा सकें।



**सीपीआर से बंद हुई सांस हो सकती है शुरू : फैज**

डीसी फैज अहमद मुमताज ने बताया कि सीपीआर एक ऐसा तकनीक है जो इंसान की बंद हुई सांस को दोबारा शुरू कर सकता है। इस विधि को जानना बेहद जरूरी है। आज हार्ट अटैक और बेहोश होने की शिकायत लगभग हर जगह से आने लगी है। रेस्टोरेंट और बार में काम कर रहा वेटर, खेत में काम कर रहा किसान, ऑफिस में काम कर रहे साथी, खेल के मैदान में साथ दौड़ रहे खिलाड़ी अगर तत्काल सीपीआर दे सकें तो कई लोगों की जान बच सकती है। डीसी फैज अक अहमद मुमताज की जिस विभाग और जिले में पदस्थापना हुई वे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को करते आए हैं। उन्होंने 50000 से अधिक पुरुषों और महिलाओं को प्रशिक्षित कराया है। इनमें रेस्टोरेंट और बार के कर्मचारी, किसान, एक्साइज डिपार्टमेंट के कर्मचारी, बागवानी से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण दिलाया है। 15 वर्ष से 65 वर्ष के बीच के लोगों को बतौर फर्स्ट एड वॉलिंटियर्स के रूप में तैयार कर चुके हैं। रामगढ़ डीसी के रूप में पदस्थापित होने के बाद फैज अक अहमद मुमताज ने भी इस अभियान को अमली जामा पहनाने के लिए पहल शुरू कर दिया है। उन्होंने पूरे जिले से वैसे लोगों की सूची मंगाई जो फर्स्ट एड का प्रशिक्षण लेने के लिए इच्छुक हैं। 15 से 65 वर्ष के बीच के लोगों की सूची तैयार की जा रही है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में कोतरे बसंतपुर पंचमों कोल परियोजना से संबंधित हुई बैठक

**रामगढ़ :** मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी नितेश कुमार कुमार की उपस्थिति में रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड में कोतरे बसंतपुर पंचमों कोल परियोजना से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना पदाधिकारी के द्वारा पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम परियोजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। उपायुक्त के द्वारा वर्षवार गैरमजरूआ खास जंगल झाड़ी एवं अन्य पर कथन VI निर्गत किये जाने की संख्या एवं रकवा पृच्छा की गई। पूर्व में ही 33.00 एकड़ भूमि का कथन VI वर्ष 2026-27 से 2029-30 तक उल्लेखित तालिका हेतु निर्गत है। इस पर उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी चार वर्षों में एक-एक वर्ष कर शतप्रतिशत कथन VI निर्गत करने की कार्रवाई करे। अगले, अन्तिम व छठे वर्ष का पलान सी०सी०एल० से मंतव्य के अनुसार किया जाना आपेक्षित है। उपस्थित सी०सी०एल० एवं उनके एम०डी०ओ० को निदेश दिया गया कि ग्रामीणों को प्राप्त कथन श्कके अनुसार नौकरी एवं मुआवजा के लिए प्रेरित करे एवं विशेष कैम्प लगाकर ग्रामीणों से आवेदन लेते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई करे।

# स्कूली बस को लेकर ग्रामीण हुवे उग्र, टाटा कंपनी के साइडिंग से ट्रांसपोर्टिंग कार्य को किया बंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ जिले के मांडू प्रखंड अंतर्गत चैनपुर अतना स्थित टाटा साइडिंग मे मंगलवार को सिरका, अतना, चैनपुर, नवाडी, सोनडीहा,भादवा, बैंकर, पिपरा गाढ़ा एवं अन्य जगहों के ग्रामीण ने उग्र होकर टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन के ट्रांसपोटिंग कार्य रेक लोडिंग एवं अन्य कार्य को पूरी तरह से बंद कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि टाटा कंपनी ने एक नई डीएवी स्कूल का निर्माण करवाकर हम ग्रामीणों से मोटी रकम वसूलना चाहती है। प्रबंधन का कहना है आप लोग की सुविधा के लिए कंपनी ने एक नई डीएवी स्कूल का निर्माण करवाई है। कंपनी चाहती है आप अपने बच्चों का एडमिशन हमारे स्कूल में करवाए। और ग्रामीणों का अरोप है की हम लोगों



को सीसीएल डीएवी आरा मे जितना फी लगता है उससे डबल न्यू टाटा डीएवी में देना पड़ेगा। हम ग्रामीण उतना फी देने में असमर्थ है कग्रामीणों का कहना है कंपनी पूर्व में जिस तरह ग्रामीण बच्चों को सुविधा के लिए स्कूल आने जाने मे बस की सुविधा देती थी। उसे पुनह बहाल किया जाए आपको बताता चलूँ की टाटा कंपनी ने अचानक कल दिनांक 16/06 /25 से बच्चों के स्कूल आने-जाने वाली बसों को बंद करवा दिया है। जिसे बच्चे और अभिभावक काफी परेशान है। ग्रामीणों का कहना है हमारी जमीन से कंपनी करोड़ों का कोयला निकासी कर रही है। आप कंपनी स्कूल के बहाने हम लोगों से पैसों का उगाही करना चाहती है। हम ग्रामीण को कोयला का डस्ट, प्रदूषण का मार झेलना पड़ता है और कंपनी सुविधा के नाम पर बच्चों को एक बस तक देने से मना कर रही है। ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर कल से धरने पर बैठे हैं। ग्रामीणों को आकर्षित देख प्रबंधन ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। मौके पर स्थानीय विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना और टाटा प्रबंधन से दूरभाष पर बात कर अधिकारियों को तुरंत आने को कहा कुछ देर बाद अधिकारी पहुंचे और स्थानीय विधायक और ग्रामीणो की बिच वार्ता हुवी। जिसमें ग्रामीणों को यह आश्वासन दिया गया कि पहले जिस तरह से कंपनी ग्रामीणों को सुविधा दी रही थी। उसे पुनह आज बहाल कर दिया जाएगा और कॉलेज आने-जाने के लिए 15 दिनों के अंदर नई बस देने की बात कही है तब जाकर ग्रामीण बंदी को हटाया।

## फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बनकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम :** खुद को अधिकारी बताकर लोगों को ठगने वाले एक शातिर जालसाज को गिरिडीह से गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान जयंत कुमार जायसवाल के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आरोपित खुद को इनकम टैक्स विभाग का अधिकारी बताकर लोगों के घरों में घुसता था और इनकम टैक्स रेड का डर दिखाकर गहने, वाहन और जरूरी दस्तावेज लेकर फरार हो जाता था। ऐसा ही मामला कदमा थाना क्षेत्र के प्रशांत डिंडा के साथ सामने आया, जहां आरोपी ने खुद को प्रशांत डिंडा का दोस्त बताते हुए उनकी पत्नी को झांसे में लिया और कहा कि इनकम टैक्स की रेड होने वाली है, लिहाजा गाड़ी, गहने और दस्तावेज उसे सौंप दिए जाएं। प्रशांत डिंडा की शिकायत पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जालसाज को गिरिडीह से गिरफ्तार किया।

## गुरुद्वारा साहिब में गुरमत कैंप का आयोजन, सजा विशेष दिवान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** शहर के मेन रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब में गुरमत कैंप का आयोजन किया गया। बड़ू साहब हिमाचल प्रदेश से आए धर्म प्रचारक की ओर से रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में बच्चों के बीच में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की गई और रात में विशेष दिवान सजाया गया। इसमें बाड़ू साहब के बच्चों की ओर से कीर्तन किया गया एवं प्रतियोगिता में भाग लिए गए बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रामगढ़ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से बाड़ू साहिब के सदस्यों को सरोपा देकर सम्मानित किया गया। बाड़ू साहिब के सदस्यों ने भी रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, महासचिव हरदीप सिंह होरा, जगजीत सिंह सोनी, सह सचिव कुलवंत सिंह मारवाह, रघुबीर सिंह छाबड़ा को सरोपा और उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मनपाल सिंह, प्रीतम सिंह, नरेंद्र होरा, राजू होरा, दविंदर सिंह होरा, प्रीतपाल सिंह, पप्पू जस्सल, राजू जस्सल, पिंटू छाबड़ा, सुरजीत सिंह छाबड़ा, तेजिंदर सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## मारवाड़ी युवा मंच और चेतना शाखा के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** भारत की प्रतिष्ठित स्वयं सेवी संस्था अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा एवं चेतना शाखा के संयुक्त तत्वाधान से मारवाड़ी धर्मशाला चट्टी बाजार में ब्लड डोनेशन कैंप का सदर अस्पताल ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजन किया गया। इस नेक काम में मंच के सदस्य, परिवारों और आस-पास के समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 118 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान कर सामाजिक दायित्व का निर्वहन किया। इस एक दिवसीय मेगा रक्तदान शिविर का नेतृत्व मारवाड़ी युवा मंच एवं चेतना शाखा के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने सदर ब्लड बैंक की डॉ रेणु, डॉ स्वेच्छा, लैब टेक्नीशियन उपेंद्र कुमार, अजीत, रवि एवं उनकी टीम के साथ मिलकर किया। समर्पित



चिकित्सा कर्मचारियों ने न केवल शिविर के दौरान रक्त संग्रह के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की, बल्कि दान प्रक्रिया और इसके कई लाभों के बारे में युवा सदस्यों एवं रक्तदाताओं के बीच व्यापक जागरूकता पैदा करने में भी मदद की। सावधानीपूर्वक जांच और जाँच के बाद, एकत्र की गई इकाइयों को शासकीय चिकित्सा सदर ब्लड बैंक में संग्रहित किया जाएगा। थैलेसीमिया, सिकल सेल रोग, कैंसर, सड़क यातायात दुर्घटनाओं, गर्भवती माताओं और हीमोफीलिया से पीड़ित व्यक्तियों के इलाज के लिए उनकी महत्वपूर्ण रक्त आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ये इकाइयाँ जरूरतमंद समुदायों को निःशुल्क प्रदान की जाएँगी। शिविर को मिले जबरदस्त समर्थन की सराहना करते हुए मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा के रक्त दान शिविर के प्रोजेक्ट चेयरमैन राहुल अग्रवाल, वंशज पोद्दार, सुमन चौधरी एवं नेहा अग्रवाल ने कहा रक्तदान एक महान कार्य है, जानलेवा बीमारियों से जूझ रहे लोगों सहित जरूरतमंद लोगों की मदद करने की क्षमता होती है।

# कटिया में मंडा पूजा का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पतरातु :** पतरातु प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कटिया बस्ती में मंडा पूजा धूमधाम से मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया किशोर कुमार महतो तथा संचालन मनोरंजन कुमार व वकील महतो ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा के माननीय विधायक रोशन लाल चौधरी तथा जिला पार्षद राजा राम प्रजापति थे मंडा पूजा का इतिहास काफी प्राचीन है। बड़े बुजुर्ग बताते हैं कि इस परंपरा की शुरूआत नागवंशी राजाओं के काल में हुई थी। पूरे झारखंड में मनाए जाने वाला मंडा पर्व भगवान भोले शंकर की पहली पत्नी सती के बलिदान की याद के रूप में मनाई जाती है।



शिव भक्त भगवान भोले शंकर को प्रसन्न करने के लिए दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर भक्ति की कठिन परीक्षा देते हैं। उक्त बातें बड़कागांव विधानसभा के माननीय विधायक रोशन लाल चौधरी ने कटिया गांव में आयोजित मंडा पूजा के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान शिव भक्त श्रद्धा और भक्ति का ऐसा नजारा दिखते हैं, कि लोग दांतों तले अपनी ऊंगली चबा लेते हैं। उनका उद्देश्य भगवान भोले शंकर से मन्नत मांगना होता है। ताकि घर में सुख समृद्धि और शांति बनी रहे और परिवार में खुशियां आए। उन्होंने सभी को मंडा पर्व की शुभकामना दिया और मंदिर में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। इसे लेकर यहां बंगाल से आए प्रसिद्ध कलाकारों ने पौराणिक कथाओं पर आधारित देवी देवताओं की कथा का जीवंत प्रस्तुति किया। सुबह मंडा पर्व का समापन बूंद बूंद बारिश के साथ हुआ और तत्पश्चात शिव भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भुवनेश्वर महतो मोहित कुमार धनराज महतो उपमुखिया नंद किशोर महतो कोलेश्वर महतो निक्की कुमार अजय कुमार राजेश महतो योगेश्वर महतो बाल किशुन महतो लोधा महतो मिश्री महतो सुखन महतो पंकज गुप्ता सुजीत कुमार पटेल वारिस खान गोपालअग्रवाल सुनील कुमार मनीष कुमार सुधीर कुमार पंचायत समिति अनीता जैन तेरूस देवी निर्मल जैन राजेंद्र महतो अमित कुमार सिंह बैजनाथ महतो इत्यादि मुख्य रूप से सैकड़ो शिव भक्त उपस्थित थे।

## एक नजर

### चोरी का खुलासा तीन आरोपी गिरफ्तार

**पश्चिम सिंहभूम :** जिले के बड़ाजामदा थाना के सामने स्थित फारेस्ट मकान से दरवाजा तोड़कर शिक्षिका संध्या रानी तांती के आवास से लाखों रुपये के जेवरात की चोरी के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस दल ने छापेमारी कर गुवा शक्तिनगर के करण गोप, बड़ाजामदा राधा ज्वेलर्स मालिक मुकेश कुमार स्वर्णकार और बड़ाजामदा टंकी साईड के सूरज कुमार दास को गिरफ्तार कर लिया है। गिफ्तार आरोपितों को मंगलवार को चाईबासा कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पुलिस ने नकद 22 हजार 500 रुपये, सोने के मंगल सूत्र, चांदी के दो पायल को जब्त किया है। पुलिस ने इससे पहले 13 जून को उड़ीसा के बड़बिल से तीन नाबालिगों को पकडने में कामयाबी हासिल की है। पकडे गए तीनों नाबालिगों को चाईबासा बाल सुधार गृह में भेज दिया गया है। पकडे गए नाबालिगों की निशानदेही पर चोरी के जेवरात खरीदने के आरोप में जेवरात समेत गुवा के सन्नी प्रसाद को गिरफ्तार कर उसे चाईबासा कोर्ट चलान कर दिया गया है। सन्नी प्रसाद के आवास से नकद 450 रुपये सहित सोने के दो इयर रिंग, एक सोने का मंगल सूत्र, एक सोने का लॉकेट, एक सोने की चेन, पांच चांदी के पायल, एक चांदी की सिंदूर दानी, एक चांदी के ब्रेसलेट, एक चांदी की चाभी की रिंग, एक चांदी की कमरधनी सेट बरामद किया गया था। किरीबुरू एसडीपीओ अजय केरकेट्टा ने मंगलवार को बड़ाजामदा थाने में मीडिया के समक्ष सभी आरोपियों को प्रस्तुत करते हुए बताया कि 11 जून को शिक्षिका संध्या रानी तांती ने बड़ाजामदा थाने में चोरी होने की लिखित सूचना दी थी। इसके बाद एसपी के दिशा निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुये थाने में (कांड संख्या-27/2025 )के तहत अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर छापेमारी टीम गठित कर अनुसंधान की शुरूआत की गई।

### दुकान के पास से जेवर का थैला ले उडे अपराधी जांच में जूटी पुलिस

**लातेहार :** जिले के मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित एक जेवर व्यवसायी के लाखों रुपए के गहने मंगलवार को चोरी हो गई। मामले की जानकारी होने के बाद पुलिस की टीम पूरे मामले की छानबीन कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार पलामू के बकोरिया गांव निवासी जेवर व्यवसायी रामेश्वर सोनी मनिका प्रखंड मुख्यालय में जेवर के दुकान चलाते हैं। रामेश्वर सोनी प्रतिदिन की तरह मंगलवार को भी महंगे जेवर को एक झोला में रखकर मोटरसाइकिल से अपने दुकान आए थे। जेवर से भरा झोला मोटरसाइकिल में ही टंगा हुआ था। दुकानदार दुकान के पास मोटरसाइकिल लगाकर दुकान का ताला खोलने लगे । इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर दो अपराधी आए और पलक झपकते ही जेवर रखा हुआ झोला लेकर फरार हो गए। रामेश्वर सोनी जब दुकान का केंद्र खोलकर वापस मुड़े तो देखा कि उनका जेवर का झोला गायब है। इसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी शशि कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची और आसपास के दुकानों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपराधी आए और आराम से झोला उठाकर वहां से फरार हो गए। थाना प्रभारी ने कहा कि प्राथमिक की दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। इधर, दुकानदार रामेश्वर सोनी ने बताया कि वह प्रतिदिन दुकान बंद करने के बाद जेवर लेकर वापस घर चले जाते हैं। सुबह जब दुकान खोलने आते हैं तो अपने साथ ही जेवर भी लेकर आते हैं। लेकिन अपराधियों ने उनके लगभग सात लाख 50 हजार रुपए के जेवर की चोरी कर ली।

## संक्षिप्त खबरें

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जनभागीदारी कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रामगढ़ :** मंगलवार को पतरातू प्रखंड के ग्राम पंचायत बीचा के गांव लेम, बीचा, सुथरपुर एवं ग्राम सालगो में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जनभागीदारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रखंड, अंचल अंतर्गत विभिन्न विभागों के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों के बीच उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई एवं उनका लाभ लेने की अपील की गई। इस कार्यक्रम में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, आकांक्षी प्रखंड फेलो, महिला प्रवेक्षिका, सीएचओ, सामाजिक सुरक्षा, मुखिया, पंचायत सचिव, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में पेंशन से संबंधित 16 आवेदन, सड़क निर्माण से संबंधित 01 आवेदन, कृषि के 02 आवेदन, राशन कार्ड से 05 आवेदन, आवास से संबंधित 08 आवेदन प्राप्त हुए। वही स्वास्थ्य विभाग द्वारा 116 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया।

### आंगनबाड़ी कर्मचारी दिल्ली में जंतर मंतर पर करेंगी प्रदर्शन : जे पी पांडेय



**रामगढ़ :** झारखंड राज्य आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के संयोजक जय प्रकाश पांडेय ने दावा किया कि झारखंड राज्य से लगभग हजारों की संख्या में दिल्ली जंतर मंतर पर अपने मांगो की पूर्ति के लिए धरना देने के लिए अपने अपने जिले के रेलवे स्टेशनों से 24 जिलों की सेविका और सहायिका दिल्ली के लिए विभिन्न ट्रेनों से रवाना हुई,पूरे देश के सभी राज्यों से झारखंड,बिहार,उड़ीसा,उतर प्रदेश, आसाम, तेलंगाना, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश,जम्मू कश्मीर,पश्चिम बंगाल, गोवा, आंध्रप्रदेश, गुजरात, कर्नाटक से लाखों की संख्या में सेविका और सहायिका दिल्ली जंतर मंतर पर पहुंचकर प्रदर्शन और धरने का कार्यक्रम करेंगी,ज्ञात है कि अधिकांश सेविका और सहायिका का रिटायरमेंट के बाद कोई सुविधा,पेंशन,ग्रेच्युटी और वेतनमान बढ़ोतरी केंद्र सरकार द्वारा नहीं की गई है और केंद्र सरकार ढिंढोरा पीटते चल रही है कि महिलाओं के विकास के लिए केंद्र सरकार 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें मुख्य धारा में लाकर सशक्त बनाया जा रहा है,जब कि देश के आजादी के बाद से ही सेविका और सहायिका का शोषण पूरे राष्ट्र में जारी है और आज तक उन्हें राज्य सरकार या केंद्र सरकार का कर्मचारी भी घोषित नहीं किया का सका है तो कोई भी आसानी से समझ सकता है आखिर कैसे 2047 तक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में भारत को खड़ा किया जा सकता है और राष्ट्र को कुपोषण मुक्त राष्ट्र बनाया जा सकता है,भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री से मांग की जाएगी कि देश के सभी राज्यों के आंगनवाड़ी केंद्रों को राज्य या केंद्र सरकार का कर्मचारी का दर्जा दिया जाए ताकि हम राष्ट्र को कुपोषण मुक्त राष्ट्र निर्माण में अपनी पूर्ण भूमिका अदा कर सके ,केंद्र सरकार करोना काल में आंगनवाड़ी सेविका और सहायिका का कार्य देख चुकी है और पुनः करोना शुरू होने के बाद 2025 में भी सेविका सहायिका अपनी सेवा देने को तैयार है, कई बार सांसदों द्वारा संसद भवन में आंगनवाड़ी की मांगे उठाई जा चुकी है, परंतु दुर्भाग्य है कि केंद्र सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। दिल्ली धरने का झारखंड से नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष देवती देवी, प्रयाग जी, महामंत्री अशोक नयन जी, और संयोजक जय प्रकाश पांडेय जी द्वारा किया जा रहा है जिसके कारण झारखंड से हजारों की संख्या में सेविका सहायिका दिल्ली पहुंच रही है जहां दिल्ली जंतर मंतर पर 18 जुलाई से धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### बोलेरो और मोटरसाइकिल में सीधी भिड़ंत एक की मौत, एक घायल

**रामगढ़ :** पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत खटाल के पास बोलेरो और मोटरसाइकिल में सीधी भिड़ंत में मोटरसाइकिल सवार रोहन करमाली की घटना स्थल पर हुई मौत वहीं आदर्श उरांव को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू लाया गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा उसकी इलाज की जा रही है दोनों रंका चौक धारा भदानी नगर ओपी निवासी हैं बताते चले की भिड़ंत इस तरह की थी की मोटरसाइकिल की पर खच्चे उड़ गई, वहीं सड़क में काफी खून दिखा नजर आ रहा है। घटना के बाद पतरातू पुलिस द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई, वही इस घटना पर देखने वाले लोगों की काफी संख्या दिखी । जो मोबाइल में इस घटना को कैद करते नजर आए।।



### वरिष्ठ नागरिक मंच ने भुरकुंडा पंचायत में मनाया गया विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस



**भुरकुंडा :** भुरकुंडा पंचायत भवन में वरिष्ठ नागरिक मंच के द्वारा वरिष्ठ नागरिक मंच का के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अशोक कुमार चौहान ने किया मंच संचालन आर पी राणा ने किया आयोजन की शुरूआत राष्ट्रीय गान से की गई उसके बाद हैदरा बाद में प्लेन क्रैश में जिन लोगों का निधन हुआ उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया एवम केदार नाथ में भी हुई, आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट किया गया। मंच के अध्यक्ष अशोक चौहान ने हो रहे बुजुर्गो पर दुर्व्यवहार पर प्रकाश डालते हुए सभी को जागरूक करने की बात कही और यह भी कहा कि सभी नो जवानों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि वो अपने बुजुर्ग माता पिता के साथ अच्छा ब्यौहार करे। साथ में यह भी कहा कि यदि कोई लड़का अपने माता की देखभाल नहीं करता है तो वैसे बुजुर्ग साथी अपने लालन पोषण का हिसा लेने के लिए गुहार लगा सकते है। जैसे माता पिता अपने बच्चों का देख बाल करते है। अगर बचे भी उसी तरह अपने बुजुर्ग माता पिता की देखभाल करेंगे विद्याश्रम की जरूरत नहीं पड़ेगी चौहान ने सभी को कहा कि किसी भी तरह की जरूरत जैसे शारीरिक मानसिक आर्थिक जरूरत पड़ने पर मुझ से संपर्क कर सकते है।

एक नजर

## बस के चपेट में आने से मोटरसाइकिल चालक की मौके पर दर्दनाक मौत



**साहिबगंज/बोरियो** : थाना क्षेत्र के बोरियो–बोआरीजोर मुख्य पथ के बिचपुरा के समीप यात्री बस और एक मोटरसाइकिल की जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें मोटरसाइकिल चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार माता मोटर्स की बस जेएच 17 पी 7743 दुमका से यात्रियों को बरहरवा ले जा रही थी। इस दौरान तिलाटांड़ गांव निवासी महेश राय (35) वर्षीय पिता भोला राय अपने पल्सर मोटरसाइकिल में सवार होकर बोरियो हटिया से सब्जी लेकर अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में बिचपुरा के समीप बस के साथ भीषण टक्कर हो गई,और युवक की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बोरियो पुलिस को घटना की सूचना दी, मौके पर थाना प्रभारी पंकज वर्मा, एसआई रामधन उरांव सहित अन्य पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे, और छानबीन करते हुए शव को कब्जे में ले लिया। जिसके बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया गया है। वहीं यात्री बस को जब्त कर थाना मुख्यालय लाया गया। घटना की पुलिस छानबीन कर रही है।

## आमने-सामने की टक्कर में टोटो सवारी घायल



**साहिबगंज/राजमहल** : उधवा राजमहल मुख्य मार्ग पर शहर के उप कारा के पास मंगलवार को अनियंत्रित होकर दो टोटो की आमने–सामने की टक्कर हो गई,जिसमें दो यात्री घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार टोटो चालक राजमहल की ओर से यात्री को लेकर उधवा की ओर जा रहा था, दूसरा विपरीत दिशा से आ रहा था। जिसमें टोटो में बैठे मुर्गी टोला निवासी नूरजहांन बीबी 27 वर्षीया व मानसिंघा निवासी गोलीमन बीबी 60 वर्षीया दोनों घायल हो गया। दोनों घायलों को राहगीरों की मदद से अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के द्वारा दोनों घायलों का इलाज किया गया।

## डीपीओ ने सदर अस्पताल के पेइंग वार्ड का किया निरीक्षण

**साहिबगंज** : डीपीओ अरुण कुमार व नीति आयोग के मनीष मिश्रा ने मंगलवार को सदर अस्पताल में बन रहे पेइंग वार्ड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पेइंग वार्ड में चल रहे कार्यो की जानकारी लेते हुए कई निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संवेदक को जल्द से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है। काम मे किसी तरह की कोताही नही करने की हिदायत दी है। वही उन्होंने कहा कि जल्द ही यहां मरीजो को निजी अस्पताल की तरह पेइंग वार्ड की सुविधा मिलेगी।

## जर्जर बिजली व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने जीएम को सौंपा मांगपत्र

**पूर्वी सिंहभूम** : पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर)। जिला कांग्रेस कमेटी ने जिले की बदहाल बिजली व्यवस्था को लेकर मंगलवार को विद्युत विभाग के जीएम को 27 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने जर्जर तार, पोल, ओवरलोड ट्रांसफार्मर, लटकते केबल, बिलिंग में अनियमितता, और लोडशेडिंग जैसी समस्याओं पर विभाग को घेरा।

# केंद्रीय मंत्री के हाथों सम्मानित हुए समाजसेवी लुत्फल हक, जीतन राम मांझी ने दिया अवार्ड

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़** : अपने समाज सेवा के कार्यो से देश-विदेश में सम्मान समारोह के बड़े-बड़े मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके पाकुड़ के चर्चित समाजसेवी लुत्फल हक ने एक और बार जिले वासियों को गौरवान्वित किया है। उन्हें दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों की मौजूदगी में समाजसेवा का अवार्ड मिला है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने उन्हें अवार्ड देकर सम्मानित किया है। दिल्ली के भारत मंडपम में केंद्रीय मंत्रियों और देश के जाने-माने हस्तियां की मौजूदगी में समाजसेवा के अवार्ड से नवाजा गया है। यहां भारत की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें देश के जाने-माने 250 उद्योगपतियों को आमंत्रित किया गया था। इन्हीं में से समाजसेवी लुत्फल हक भी शामिल थे। भारत की उड़ान कार्यक्रम में मिजोरम के राज्यपाल वीके सिंह जैसे शख्सियत भी मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, सतीश चंद्र दुबे, हरीश मल्होत्रा, एसपी सिंह बघेल, ज्वेल ओरम, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने भी कार्यक्रम में शिरकत किया। देश भर के ढाई सौ उद्योगपतियों के बीच पाकुड़ के समाजसेवी लुत्फल हक को सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने अपने हाथों अवार्ड देकर सम्मानित किया। पाकुड़ के लोकप्रिय और गरीबों के दिलों में बसने वाले चर्चित समाजसेवी लुत्फल हक ने केंद्रीय मंत्री के हाथों सम्मानित होकर खुद को गौरवशाली बताया है। उन्होंने यह सम्मान पाकुड़ के गरीब और असहाय लोगों के नाम किया है। उन्होंने कहा कि मैं इतने बड़े मंच पर सम्मानित होकर खुद को गौरवशाली जरुर महसूस कर रहा हूं। लेकिन यह सम्मान मुझे उन गरीबों के लिए मिला है, जिनकी दुआओं ने मुझे यहां तक पहुंचाया है। मैं पाकुड़ की जनता का भी आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मुझे मोटिवेटेड किया। मेरा हौंसला अफजाई कर देश विदेश में बड़े-बड़े मंच पर पहुंचाया। पाकुड़ प्रशासन का तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं। पाकुड़ प्रशासन ने समाजसेवा के कार्यों में साथ दिया और मेरा मनोबल बढ़ाया। लुत्फल हक ने कहा कि गरीबों के लिए मैं हर संभव काम करता रहूंगा। जिससे कि उन्हें जीवन जीने में थोड़ी सहूलियत मिले। मेरा छोटा सा प्रयास गरीबों के जीवन में अगर खुशी लाती है, तो मैं हमेशा उनके साथ खड़ा हूं और रहूंगा। मैं खुदा से दुआ करता हूं कि मैं जब तक दुनिया में रहूं, गरीबों और असहाय परिवारों के सुख-दुख में उनके साथ खड़ा रहूं। उल्लेखनीय है कि समाजसेवी लुत्फल हक पाकुड़ ही नहीं दूसरे राज्यों में भी गरीब और जरूरतमंद लोगों को मदद पहुंचाते हैं। पाकुड़ रेलवे स्टेशन में पिछले 3 सालों से इनके द्वारा हर दिन लगभग 300 लोगों को निःशुल्क भोजन की व्यवस्था ने पाकुड़ वासियों का दिल जीत लिया है।



## पाकुड़ में अंचल निरीक्षक के घर हुई भीषण डकैती




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़** : जिले में शहर से सटे लड्डू बाबू बगान के गोकुलपुर में मकान बनाकर रह रहे सदर अंचल के अंचल निरीक्षक शुभाशीष वात्सायन के घर बीती रात तकरीबन 20 की संख्या में अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया। प्राप्त सूचना के अनुसार बीती रात घटना के वक्त अंचल निरीक्षक रोज की तरह बैडमिंटन खेलने गए हुए थे। अपराधियों के पास देसी कट्टा, लोहे की रॉड, भुजाली जैसे हथियार थे। करीब 9:30 बजे अंचल निरीक्षक के घर में घुस कर अपराधियों ने नकद और गहने की लूट की और फरार हो गए। डकैती की घटना को अंजाम देने के वक्त अपराधियों ने घर के एक सदस्य पर चाकू से हमला भी किया जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं मामले की जानकारी होते ही पुलिस रात को ही शुभाशीष के घर पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और तफ्तीश में जुटी गई। मंगलवार सुबह डॉग स्क्वाड की मदद भी ली गई। अंचल निरीक्षक ने घटना के बाबत नगर थाना में डेढ़ लाख नकद और पांच भर सोना (गहने) के लूट की लिखित रूप से जानकारी दी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी मंगलवार को घटना स्थल पर पहुंची और पूरी घटना के बारे में अंचल निरीक्षक से जानकारी ली।

## निषेध मादक पदार्थों के दुरुपयोग को लेकर मॉडल कॉलेज में युवा संगोष्ठी का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : राजमहल प्रखंड में पर्यटन, कला, संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड, रांची के निर्देश के आलोक में 10 जून से लेकर 26 जून तक राज्य झारखंड सरकार द्वारा 10 जून से लेकर 26 जून, 2025 तक चलाए जा रहे निषेध मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने को लेकर जिला प्रशासन, जिला खेल कार्यालय साहेबगंज द्वारा जिला जागरूकता अभियान के अंतर्गत, मादक पदार्थों के दुरूपयोग, नशे के दुष्प्रभाव एवं सिगरेट एंड अदर टोबैको प्रोडक्ट अधिनियम, 2003 संबंधी जागरूकता अभियान का आयोजन मॉडल कॉलेज राजमहल के संयुक्त तत्वधान में प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार सिंह के संरक्षण एवं अध्यक्षता में नशे मुक्त भारत निर्माण जागरूकता अभियान के तहत युवा संगोष्ठी का आयोजन विद्यार्थियों के बीच किया गया। जिसके तहत मादक पदार्थों के दुरूपयोग, नशे के दुष्प्रभाव, बच्चों को नशे के लगने वाली निर्भरता के मनोवैज्ञानिक पक्ष, नशे मुक्त समाज निर्माण हेतु प्रतिज्ञा संकल्प, कोटपा कानून 2003 के धारा 04, धारा 05, धारा 6(क), धारा 6(ख) आदि की जानकारी महाविद्यालय के सभी हितधारकों के समक्ष दी गई। डॉ रणजीत सिंह ने नशे की लत से होनेवाली दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। सभी को समझाया गया कि मादक पदार्थों के सेवन से गंभीर सामाजिक, मनोवैज्ञानिक व शारीरिक समस्याएं होती हैं। नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार व समाज तीनों के लिए घातक है।



## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को किया गया सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा** : मंगलवार को बरहरवा हाई स्कूल के सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन समाजसेवी सुमन कुमार के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने अभूतपूर्व परिणामों से विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। कार्यक्रम के दौरान आर्ट्स और साइंस संकाय के शीर्ष 5 विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही, उन शिक्षकों को भी सम्मान प्रदान किया गया, जिनके समर्पण और शिक्षण-कर्तव्य के कारण यह सफलता संभव हो सकी। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य अभिनव शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा "ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाते हैं और उन्हें भविष्य में और बेहतर करने के लिए मानसिक रूप से प्रेरित करते हैं। सभी सम्मानित छात्र-छात्राएंः कला संकाय जयंती मंडल - 451 अंक, नेहा कुमारी - 450 अंक, समृद्धि कुमारी - 449 अंक, विश्वनाथ कुमार - 448 अंक, काजल कुमारी - 434 अंक,

**विज्ञान संकाय**

नेहा कुमारी - 439 अंक, इशरत परवीन - 432अंक, शिवांगी भगत - 425 अंक, सौम्या रानी - 424 अंक, वंदना कुमारी - 412, ध्रुव रमानी- 391 अंक, इन सभी विद्यार्थियों को गुलदस्ता और प्रमाणपत्र भेंट कर समाजसेवी सुमन कुमार एवं प्रधानाचार्य अभिनव शास्त्री द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति ने समारोह को और अधिक गरिमामय बना दिया।

## बाल श्रम के विरुद्ध श्रम विभाग की सख्त कार्रवाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : श्रम विभाग, साहिबगंज द्वारा गोड़ाबाड़ी हटिया स्थित "जनता गैरेज" से एक नाबालिग बालक को श्रमिक के रूप में कार्यरत पाए जाने पर सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। बाल श्रम उन्मूलन के दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कार्रवाई मानी जा रही है, जिससे समाज में बाल श्रम के प्रति जागरूकता और कानूनी भय का संदेश जाएगा। श्रम विभाग की इस कार्रवाई में श्रम अधीक्षक धीरेंद्र महतो के नेतृत्व में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गिरीश चंद्र प्रसाद, चाइल्ड लाइन से इकबाल एवं अमन साथ ही स्थानीय पुलिस बल के पदाधिकारी भी शामिल रहे रेस्क्यू के दौरान यह पाया गया कि संबंधित प्रतिष्ठान में कार्यरत नाबालिग से नियमित रूप से कार्य कराया जा रहा था, जो कि बाल श्रम निषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 उल्लंघन के अंतर्गत आता है। बालक को तत्काल वहां से मुक्त कराकर आवश्यक काउंसलिंग एवं पुनर्वास की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। श्रम विभाग द्वारा बाल श्रमिक को रेस्क्यू करने के पश्चात संबंधित प्रतिष्ठान मालिक के विरुद्ध बाल श्रम निषेध अधिनियम से संबंधित धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस विभाग द्वारा भी मामले की गहन जांच प्रारंभ कर दी गई है, ताकि भविष्य में इस प्रकार के प्रकरणों की पुनरावृत्ति न हो। श्रम अधीक्षक धीरेंद्र महतो ने इस अवसर पर कहा कि, "जिला प्रशासन बाल श्रम के विरुद्ध पूरी संवेदनशीलता और सख्ती के साथ कार्रवाई कर रहा है। बालकों का स्थान स्कूल है, कार्य स्थल नहीं। ऐसे मामलों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# 11.11 करोड़ की लागत से पांच सड़कों का विधायक ने कार्य का किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने मंगलवार को 11 करोड़ 11 लाख की लागत से बनने वाले पांच सड़क का कार्य शिलान्यास किया। जिसमें चार सड़क राजमहल प्रखंड एवं एक सड़क साहिबगंज प्रखंड क्षेत्र में किया गया है। विधायक ने कहा कि सभी ग्रामीण सड़क ग्रामीणों के लिए लाइफलाइन है इसलिए इन सड़कों का बेहतर होना काफी जरूरी है। झारखंड सरकार लगातार ग्रामीण सड़कों को सुदृढ़ीकरण कर बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी वैसी लाइफ लाइन सड़क इसके निर्माण की आवश्यकता है बारी-बारी से सभी का निर्माण होगा। सड़कों को चिन्हित कर विभाग को डीपीआर तैयार करने के लिए अनुशंसा भी किया गया है जिस पर संबंधित विभाग कार्य कर रही है। विधायक ने राजमहल प्रखंड के कालीबाड़ी चौक से कछुआकोल तक, नया बाजार मोड़ से पूर्वी नारायणपुर पंचायत भवन तक, नया बाजार जामनगर रोड से कॉलोनी नंबर 3 भाया कॉलोनी नंबर एक खोचपाड़ा तक, बाबूपुर से हाथीगढ़ मोड़ भाया प्राइमरी हेल्थ सेंटर तक एवं साहिबगंज प्रखंड के संविदा नल से जमनी फाटक भाया पलटनगंज तक सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य को शुभारंभ कराया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह झामुमो युवा मोर्चा जिला सचिव मो मारूफ, प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान, मध्य नारायणपुर की मुखिया रिजवाना कासमी, मो अफजल, मोहम्मद दिलजान शेख, मुर्शीद राजा, शाहिद रिजवी, खुर्शीद आलम, आकिब अनिस , स्मित चौरसिया, लुखीराम मुर्मू सहित अन्य मौजूद थे।



संक्षिप्त खबरें

## ट्रक के चपेट में आने से दो घायल



**साहिबगंज**: जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक किशोर व एक युवक को टक्कर मार घायल कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार बड़ा पचगढ़ निवासी ईश्वर शर्मा का 22 वर्षीय पुत्र अजय कुमार शर्मा व बड़ा पचगढ़ निवासी संजय रविदास का 14 वर्षीय पुत्र राजीव कुमार दास दोनों साइकिल से किसी काम को लेकर जा रहा था, जहां साक्षरता मोड़ के पास चावल से लदा तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों साइकिल सवार को पीछे से टक्कर मार दिया, जहां बीच सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। वहीं राहगीरों ने घटना की सूचना जिरवाबाड़ी थाना पुलिस को दी, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रक को अपने कब्जे में लेकर जप्त कर लिया। वहीं घायलों को पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने दोनों घायलों का इलाज किया। पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

## तालझारी प्रखंड सभागार में अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक



**साहिबगंज/तालझारी**: जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार 15 जून से 30 जून तक प्रखंड के चिंहित गांव में विशेष जागरूकता कार्यक्रम एवं शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम के तहत जितने भी जनजातीय समुदाय का परिवार है उनका सर्व समग्र सभी प्रकार का विकास और सभी प्रकार के सरकारी योजनाओं का लाभ प्रतिशत हो, जिसको सफल बनाने को लेकर मंगलवार को प्रखंड सभागार में अंचलाधिकारी राम सुमन प्रसाद के अध्यक्षता में प्रखंड के सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें बताया गया कि चिह्नित आदिवासी व पीवीटीजी गांवो में जाकर ग्राम सभा के माध्यम से सभी परिवार को योजनाओं और उनके अधिकारों के बारे जागरूक किया जाना है साथ ही शिविर लगाकर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करेंगे। यह अभियान प्रधानमंत्री जनजातीय समावेश मिशन के सहयोग से तालझारी प्रखंड के 43 पहाड़िया गांव में संचालित किया जाना है। मौके पर मनरेगा बीपीओ रजनीश परासर, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## मतदान केंद्रों का नजरी नक्शा तैयार करने को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



**बरहरवा**: प्रखंड सभागार में मंगलवार को मतदान केंद्र का नजरी नक्शा तैयार करने को लेकर बुथ संख्य 1 से 82 तक के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक अजीत कुमार बाप्पी और रवि कुमार भगत के द्वारा बीएलओ अपने अपने मतदान केन्द्र के अंतर्गत आने वाले मकान व परिवार नजरी नक्शा तैयार करने की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान बीएलओ को बतलाया गया कि एक मतदान केंद्र में आने वाले मकान व परिवार का सीमांकन के साथ नजरी नक्शा तैयार करना है। नजरी नक्शा में मतदान केंद्र के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक मकानों की क्रमवार संख्या, परिवार की संख्या, को अंकित करना है तथा सीमांकन के दौरान पड़ने वाले स्कूल, कॉलेज, मंदिर – मस्जिद, तलाब आदि अन्य सरकारी भवनों को भी दशार्ना है। इस मौके पर बीएलओ पर्यवेक्षक बुद्धदेव प्रसाद, सतीष कुमार, फरजान अली, राजकुमार के आलावा मतदान केंद्र 1 से लेकर 82 तक का सभी बीएलओ उपस्थित थे।

## डीसी ने अवैध माइनिंग के रोकथाम को लेकर काशीला चेकपोस्ट का किया निरीक्षण



**पाकुड़** : ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा मंगलवार को पाकुड़ प्रखंड स्थित काशीला चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चेकनाका में उपस्थित मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि बड़े वाहनों का जांच जरूर करे, बिना माइनिंग चालान देखें वाहनों को ना छोड़े। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया कि सभी आपसी समन्व्य स्थापित कर अवैध खनन, गाड़ियों द्वारा अवैध ढुलाई पर अंकुश लगाने हेतु टीम वर्क के रूप में कार्य करें, ताकि त्वरित व उचित धाराओं के साथ कानूनी कार्रवाई की जा सके। ड्यूटी के दौरान कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही करने वाले मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ड्यूटी के दौरान पूरा चौकस रहें अवैध वाहनों पर सख्त कार्रवाई करें।

## प्रशासन की छापेमारी में तीन किलो नकली पनीर बरामद, 10 हजार जुर्माना

**पश्चिम सिंहभूम**: उपायुक्त के निर्देश पर मंगलवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अभिषेक आनंद के नेतृत्व में शहर के कई प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई। इस अभियान के तहत बाबा मंदिर क्षेत्र के स्ट्रीट फूड वेंडर्स, जायका रेस्टोरेंट, गीतिलपी स्थित गोल्डन चिल्ली रेस्टोरेंट, फ्रेंड्स फैमिली रेस्टोरेंट, सवैया लाइन होटल और तांबो चौक स्थित कावेरी कंचन रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोल्डन चिल्ली रेस्टोरेंट से लगभग तीन किलोग्राम नकली पनीर बरामद किया गया। इसे तत्काल नष्ट कर दिया गया। साथ ही रेस्टोरेंट संचालक पर दस हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया। वहीं सवैया लाइन होटल से सरसों तेल और कश्मीरी मिर्च के नमूने संग्रहित किए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने कहा कि नकली और मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी होटल और ढाबा संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि सस्ती सामग्री की लालच में आम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं करें।

# अनियंत्रित हाईवा ने स्कूटी में मारी टक्कर

## नगर निगम के जमादार की मौत, लोगों ने ट्रक में लगाई आग



गयाजी। गया-बोधगया तटीय मार्ग पर विष्णुपद थाना क्षेत्र के घुघरीटांड बाईपास पर एक धार्मिक स्थान के पास बालू लदा हाईवा ने पीछे से स्कूटी सवार 30 वर्षीय प्रकाश कुमार को रौंद दिया। जहां उसकी मौत घटनास्थल पर हो गई। मृतक गयाजी नगर निगम के वार्ड 46 के जमादार था। वह ड्यूटी कर अपने घर माड़नपुर लौट रहा था। इसी क्रम में बोधगया की ओर से आ रही हाईवा ने रौंद दिया। घटना के बाद चालक हाईवा को लेकर मानपुर की ओर भागने लगा। लेकिन घटनास्थल पर मौजूद रहे लोगों ने हल्ला किया। हल्ला और भीड़ के हुजूम को देखते हुए घटनास्थल से 200 मीटर की दूरी पर हाईवा को खड़ा कर चालक फरार हो गया।आक्रोशित लोगों ने ज्वलनशील पदार्थ से हाईवा में आग लगा दी। भीषण और उमस भरी गर्मी में हाईवा लगी आग की लपेटा काफी तेजी थी, आसपास कई पेड़ और गुमटी भी उस आगजनी के चपेट में आ गया। साथ ही घटना के विरोध में आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण गया-राजगीर, माड़नपुर से चांदचौरा, बोधगया से माड़नपुर, ओटीए से घुघरीटांड तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। इधर, घटना की सूचना पर डायल 112 पहुंचा। लेकिन उग्र भीड़ के तेवर देखकर वापस लौट गया। डायल 112 पर आक्रोशित लोगों ने पत्थर फेंका। वैसे स्थिति में तब विष्णुपद थाना एवं अन्य थाना की पुलिस सहित अन्य अधिकारी पहुंचे। हंगामा कर रहे लोगों को शांत करने का प्रयास किया। घटना की सूचना पर अग्निशमन की गाड़ी पहुंची। अग्निशमन गाड़ी पर पदाधिकारी व कर्मियों ने आग पर काबू पाने के लिए निरंतर प्रयास किया। लेकिन आग की लपट इतनी तेज थी कि काबू पाने में 30 मिनट से अधिक समय लगा। साथ ही हाईवा के साथ-साथ पेड़ व गुमटी में लगे आग पर भी काबू पाया गया। तब पुलिस ने राहत की सांस ली। विष्णुपद थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि 30 वर्षीय प्रकाश कुमार जो कि गयाजी नगर निगम के जमादार रहे हैं। वह वार्ड संख्या-46 से डयूटी के बाद अपनी स्कूटी से घर माड़नपुर जा रहे थे। इसी क्रम में पीछे से आ रही हाईवा ने कुचल दिया। जहां उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर नगर निगम के कर्मचारी एवं स्वजन पहुंचे। जहां सड़क पर रखा शव को लेकर चित्कार मारने लगे। उसे समझाया गया। काफी मशक्त करने के बाद पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम कराने के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज भेजा दिया है। मृतक का क्षतिग्रस्त स्कूटी को विष्णुपद थाना लाया गया है। विष्णुपद थानाध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत नगर अंचल के सीओ द्वारा 20 हजार रुपये राशि दी गई है। गया-बोधगया तटीय मार्ग पर बोधगया थाना क्षेत्र के अंबा के पास अज्ञात हाईवा ने बुलेट सवार पत्रकार विनय कुमार मिश्रा को धक्का मारा था। जहां उनकी इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई है। इस वारदात के 10 दिन ही गुजरे थे कि एक बार फिर बालू लदा हाईवा ने स्कूटी सवार को कुचल दिया। जहां उनकी मौत हो गई। 10 दिनों में बालू लदा हाईवा ने दो लोगों की जान ली है। इधर बताया गया कि 15 जून यानी रविवार से जिले बालू का उठाव बंद किया गया हैं, फिर सवाल यह उठ रहा है कि कौन सा चलान पर बालू का हाईवा से परिचालन कराया जा रहा है, इसकी जांच कराने की जरूरत है।

## संक्षिप्त डायरी

### चोरों ने बंद घर को बनाया निशाना, 20 लाख की संपत्ति ले उड़े



**सीवान।** जिले के महादेवा थाना क्षेत्र अंतर्गत आकोपुर गांव में एक बंद पड़े मकान से चोरों ने करीब 20 लाख रुपये की संपत्ति की चोरी कर ली। यह घटना तब घटी जब मकान मालिक छोटेलाल साह अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में गए हुए थे। छोटेलाल साह ने बताया कि घर को ताला लगाकर सुरक्षित छोड़ा गया था, लेकिन चोरों ने ताला तोड़कर नकदी, जेवरात और कीमती सामान चुरा लिया। स्थानीय ग्रामीणों को उस समय शक हुआ जब खेत में काम कर रहे लोगों ने मकान का ताला टूटा देखा, जिसके बाद उन्होंने परिजनों और पुलिस को सूचना दी।महादेवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज खंगालने का कार्य शुरू कर दिया है। प्रारंभिक जांच में यह मामला पूरी तरह सुनियोजित चोरी का प्रतीत हो रहा है। छोटेलाल साह के अनुसार, इस वारदात से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और संपत्ति की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।

### सीवान में होमगार्ड जवान ने कर लिया सुसाइड, ड्यूटी के दौरान थाने में खुद को मार दी गोली



**सीवान।** असाव थाना में तैनात होमगार्ड जवान राजकुमार गोंड ने आत्महत्या कर ली। उसने सोमवार को ड्यूटी के दौरान थाना परिसर में अपनी ही सर्विस रायफल से खुद को गोली मारकर ली। इस घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। गोली चलने की आवाज सुनते ही अन्य पुलिसकर्मी मौके पर दौड़े, लेकिन तब तक राजकुमार की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। घटन के बाद वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आत्महत्या का कारण पारिवारिक विवाद या मानसिक तनाव हो सकता है, हालांकि पुलिस ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। घटना की सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सीवान के एसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आखिर ऐसी कौन-सी परिस्थितियां थीं, इन्होंने एक जिम्मेदार जवान को इतना बड़ा कदम उठाने के लिए मजबूर किया। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि किस कारण होमागार्ड जवान ने ऐसा कदम उठाया यह जांच का विषय है। इस घटना ने थाना परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और जवानों की मानसिक स्थिति पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। इधर, होमगार्ड जवान राजकुमार गोंड की आत्महत्या से उनके परिवार और पुलिस विभाग में शोक की लहर है। सहकर्मियों का कहना है कि राजकुमार सामान्य रूप से अपनी ड्यूटी निभाते थे और कोई बड़ा विवाद सामने नहीं आया था। पुलिस ने उनके परिवार से संपर्क कर घटना की जानकारी दी और जांच में सहयोग मांगा है।

### झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से युवक की मौत



**नवादा।** अवैध नर्सिंग होम और झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही से मरीज की जान चली गई। तेतरिया बेलदरिया गांव के कृष्ण मांझी(30) को बुखार था। चार दिन से बीमार कृष्ण को परिवार वाले डॉक्टर प्रवीण के निजी क्लिनिक ले गए। डॉक्टर ने मरीज को इंजेक्शन दिया। इसके बाद कृष्ण की तबीयत बिगड़ने लगी। उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी। इसी दौरान मरीज की मौत हो गई। डॉक्टर ने परिवार को बहला-फुसलाकर सदर अस्पताल भेज दिया और क्लिनिक बंद कर फरार हो गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने कृष्ण को मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और एक बेटी हैं। परिवार का आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही से कृष्ण की मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, नवादा में यह पहली घटना नहीं है। अक्सर ऐसी घटनाएं होती हैं। अधिकारी कार्रवाई करते हैं और कुछ दिनों के लिए क्लिनिक सील कर देते हैं। स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से ये डॉक्टर दूसरे स्थान पर दूसरे नाम से फिर क्लिनिक शुरू कर देते हैं। जिले में कई जगह बिना लाइसेंस के नर्सिंग होम और क्लिनिक चल रहे हैं। इनमें अल्ट्रासाउंड सेंटर भी शामिल हैं।

# मछलियों से भरी वैन सड़क पर पलटने से मची लूट



**मुजफ्फरपुर।** ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र स्थित चांदनी चौक एनएच पर सोमवार को मछलियों से भरी एक मैजिक वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद सड़क पर मछलियां बिखर गईं, जिससे अफरा-तफरी मच गई। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और राहगीर जुट गए और मछली लूटने की होड़ लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वैन में करीब 15 कैरेट मछली लदी थी, जिसे बाजार समिति से वैशाली जिले के गोरौल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान मोतिहारी की ओर से आ रही एक ट्रक ने वैन को टक्कर मार दी, जिससे वैन पलट गई। मछलियां सड़क पर बिखरने के बाद कुछ लोगों ने मौका देख मछली उठाकर भागने की कोशिश की। हालांकि व्यापारी की सूझबूझ और पुलिस की तत्परता के चलते बड़ी मात्रा में मछली लूटे जाने से बच गई। ब्रह्मपुरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को संभाला और मछली लूटने वालों को खदेड़ दिया। बाद में मछलियों को पुनः वैन में लोड करवाया गया और सड़क से जाम हटाया गया। हादसे में वैन चालक को मामूली चोटें आई हैं। मछली व्यापारी ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि हादसा ट्रक की टक्कर से हुआ और लोगों ने मछली लूटने का प्रयास किया लेकिन पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से अधिकांश मछलियां सुरक्षित बचा ली गईं।

# चालान काटने का वीडियो बनाने पर पुलिस ने युवक को पीटा, ताकते रहे दारोगा साहब



**कुढ़नी।** कानून का पाठ पढ़ाने वाले पुलिस महकमे में ही इसकी धज्जियां उड़ रही हैं। पुलिस वाहन के चालक भी किसी थानेदार से कम धौंस नहीं जमाते हैं। कांटी में बेरहमी से पिटाई का प्रकरण अभी सुर्खियों में था ही, इस बीच एक और एक मामला कुढ़नी थाना क्षेत्र के बलिया चौक पर सामने आया है, जहां पुलिस अधिकारी मूकदर्शक बने हैं और थाने का चालक युवक को सरेआम पीट रहा है। उसका मोबाइल छीन लेता है। युवक का कसूर केवल इतना है कि वह चालान काटने का वीडियो बना लेता है।मामले में थाना क्षेत्र के बलौर गांव निवासी बाइक सवार युवक सचिन कुमार ने वरीय पुलिस अधीक्षक से इसकी लिखित शिकायत की है। उसके साथ मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी तेजी से प्रसारित हो रहा है, हालांकि दैनिक जागरण इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। युवक ने वरीय अधिकारियों से शिकायत में कहा है कि सोमवार की सुबह बलिया चौक पर जांच के दौरान हेलमेट नहीं होने को के कारण पुलिस ने एक हजार का चालान काटा, जिसका सचिन ने वीडियो बना लिया। आरोप है कि कुढ़नी थाने के एसआई विनय कुशवाहा व एक अन्य महिला कॉन्स्टेबल के सामने ही पुलिस वैन के चालक पवन कुमार ने सरेआम बीच सड़क पर पिटाई शुरू कर दी और उसका मोबाइल छीन लिया। स्थानीय लोगों के साथ दोनों पुलिस वाले तमाशबीन बने रहे और उसकी पिटाई होती रही। पीड़ित ने दिए गए आवेदन में कहा है कि वह कपड़े के व्यवसायी हैं। कुछ आवश्यक काम से अपने घर बलौर से बलिया चौक आए थे। उन्होंने स्थानीय होने का हवाला देते हुए चालान के पैसे संबंधित विभाग में जमा करने की बात कही, इतने में पुलिस वाहन के चालक ने उनका मोबाइल छीन लिया। मारपीट शुरू की। उन्होंने आरोप लगाया है कि मौके पर मौजूद एसआइ विनय कुशवाहा और एक महिला कॉन्स्टेबल ने भी बचाने की जगह उनके साथ हाथापाई की। उनकी जेब से नकद पांच हजार रुपये भी निकाल लिए। चालकों की थाने पर भी दादागीरीः प्रखंड अंतर्गत कुढ़नी, फकुली व तुर्की थाने में विभाग के कम, ज्यादातर निजी स्तर पर चालक ही काम करते हैं। चर्चा है कि उनसे पुलिस पदाधिकारी को ज्यादा फायदा पहुंचता है। उनके माध्यम से किसी मामले में अवैध उगाही आसान हो जाती है।

# रूसा और पीएम ऊषा योजना के क्रियान्वयन की कार्ययोजना तैयार, विवि. में होगा बदलाव



पटना। केंद्रीय स्कीमों के क्रियान्वयन में विश्वविद्यालयों की लेटलतीफी को देखते हुए अब शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) और पीएम ऊषा योजना के क्रियान्वयन को लेकर स्वयं ही कार्ययोजना तैयार की है। उस पर विश्वविद्यालयों द्वारा अमल कराया जाएगा। इसी तरह पीएमश्री योजना (पीएम स्कूल फार राइजिंग इंडिया) को पूरी तरह धरातल पर उतारने का भी प्रयास चल रहा है। इस योजना में लगभग डेढ़ हजार विद्यालयों का केंद्र सरकार ने चयन किया है। इन योजनाओं को लेकर शिक्षा विभाग शीघ्र ही केंद्र से वित्तीय सहायता देने का आग्रह करेगा। शिक्षा विभाग द्वारा हर विश्वविद्यालय के विकास कार्यक्रमों पर फोकस किया जा रहा है, ताकि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन और उसका लाभ संस्थानों और छात्रों को मिल सके। पीएम ऊषा योजना में नए वित्तीय वर्ष में राज्य के विश्वविद्यालयों को शोध कार्य और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 126.34 करोड़ रुपये मिलेंगे। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों को अपनी कार्य योजना बनाने को कहा है। केंद्र सरकार द्वारा पटना विश्वविद्यालय और ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय को 100-100 रुपये उपलब्ध कराने की स्वीकृति दी गई है। पहली बार उच्च शिक्षा के विकास के लिए केंद्र सरकार ने करीब 283 करोड़ 20 लाख रुपये देने की सहमति दी है। इस राशि से आधारभूत संरचना विकास कार्य होगा। इससे उच्च शिक्षा को दुरुस्त करने और खामियों को दूर करने में मदद मिलेगी। उच्च शिक्षा निदेशालय के एक अधिकारी ने बताया कि पीएम उषा योजना के तहत सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में पाठ्यक्रम को अपग्रेड किया जाएगा। शिक्षण कार्य में गुणात्मक सुधार हेतु सहायक प्राध्यापकों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। हर संस्थान में डिजिटल बुनियादी ढांचे, मान्यता और रोजगार क्षमता में वृद्धि किया जाएगा। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों को अपनी कार्य योजना बनाने को कहा है। केंद्र सरकार द्वारा पटना विश्वविद्यालय और ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय को 100-100 रुपये उपलब्ध कराने की स्वीकृति दी गई है। पहली बार उच्च शिक्षा के विकास के लिए केंद्र सरकार ने करीब 283 करोड़ 20 लाख रुपये देने की सहमति दी है। इस राशि से आधारभूत संरचना विकास कार्य होगा। इससे उच्च शिक्षा को दुरुस्त करने और खामियों को दूर करने में मदद मिलेगी। उच्च शिक्षा निदेशालय के एक अधिकारी ने बताया कि पीएम उषा योजना के तहत सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में पाठ्यक्रम को अपग्रेड किया जाएगा। शिक्षण कार्य में गुणात्मक सुधार हेतु सहायक प्राध्यापकों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# मोतिहारी में पति-पत्नी विवाद में पुलिस पर हमला



मोतिहारी। पति-पत्नी विवाद को समझाने के दौरान महिला थाने में हिंसक झड़प हो गई। लड़की पक्ष ने पहले लड़के पक्ष पर और फिर पुलिस पर हमला कर दिया। इस घटना में महिला थानाध्यक्ष सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। लड़की पक्ष लखौरा थाना क्षेत्र का और लड़का पक्ष बरगिनिया का रहने वाला है। दोनों के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद को सुलझाने के लिए महिला थाने में काउंसलिंग की जा रही थी। काउंसलिंग के दौरान कहासुनी बढ़ गई। लड़की पक्ष के लोग पहले लड़के पक्ष से भिड़ गए। पुलिस ने जब बीच-बचाव की कोशिश की तो उन पर भी हमला कर दिया। सूचना मिलते ही टाउन थाना पुलिस और सदर एएसपी शिवम धाकड़ मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति को नियंत्रित किया। हंगामा करने वाले पांच लोगों को हिरासत में लेकर नगर थाना ले जाया गया। सदर एएसपी शिवम धाकड़ ने बताया कि पति-पत्नी के आपसी विवाद को सुलझाने के उद्देश्य से काउंसलिंग चल रही थी। इस दौरान लड़की पक्ष के लोगों ने न सिर्फ लड़का पक्ष पर हमला किया, बल्कि पुलिसकर्मियों के साथ भी धक्का-मुक्की और मारपीट की। फिलहाल पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सीएम नीतीश के इन मंत्रियों ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां



**पटना।** मुख्यमत्री नीतीश कुमार पार्टी के वरिष्ठ नेता-नेत्री और बिहार सरकार के तीन मंत्रियों ने प्रेस वार्ता की। तीनों से नीतीश सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। साथी ही विपक्ष पर भी जमकर हमला बोला। बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी, जमा खान और लेसी सिंह ने स्पष्ट कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में केंद्र और राज्य की एनडीए सरकारों की जनकल्याणकारी नीतियों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा ही नहीं है। इसलिए वह लगातार एनडीए सरकार पर सवाल उठा रहा है। मंत्री विजय कुमार चैधरी ने कहा कि विश्व बैंक द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट में राष्ट्रीय स्तर पर गरीबी में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। यह हमारे लिए विशेष प्रसन्नता का विषय है कि बिहार उन चुनिंदा राज्यों में शामिल है, जिन्होंने इस राष्ट्रीय उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की दुरदर्शी नीतियों के चलते गरीबों की आर्थिक स्थिति में व्यापक सुधार हुआ है। बिहार के विकास की चर्चा आज देश ही नहीं, बल्कि वैश्विक मंचों पर भी हो रही है, लेकिन विपक्ष को यह प्रगति दिखाई नहीं देती। यह उनकी संकीर्ण सोच का परिचायक है। राजद पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि अगर राजद परिवारवाद जैसे विषयों पर बात करता है, तो इससे अधिक हास्यास्पद कुछ नहीं हो सकता है।मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए वह अनर्गल आरोपों का सहारा ले रहा है। लेकिन बिहार की जागरूक जनता उसकी हर चाल को नाकाम करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए दो-तिहाई से अधिक बहुमत के साथ पुनः सरकार बनाएगी, समाज के सभी वर्गों का भरोसा नीतीश कुमार पर अटूट है। मंत्री जनाब जमा खां ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज के कल्याण और उत्थान के लिए हमारे नेता नीतीश कुमार द्वारा किए गए कार्यों का सकारात्मक असर आज धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। वहीं, विपक्ष की भूमिका अब केवल झूठ और भ्रम फैलाने तक सीमित रह गई है, जिसे जनता भली-भांति समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि शाहाबाद क्षेत्र में एनडीए की स्थिति लगातार मजबूत हुई है और आगामी चुनाव में हम निश्चित रूप से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। दरअसल, जनता दल यूनाईटेड के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

# मुखिया और सरपंच को 7500 रुपये हर महीने मिलेंगे, झटपट करेंगे आपके ये काम


**बांका।** त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के मासिक भत्ते में 50 फीसद तक बढ़ोतरी की गई है।इससे जिले के 5464 जनप्रतिनिधयों को लाभ मिलेगा। अब हर महीने मुखिया और सरपंच को 7,500 रुपए मिलेंगे। पहले उन्हें पांच हजार मिलते थे। इसी तरह उप सरपंच और उप मुखिया को अब 3,750 रुपए मिलेंगे। पहले उन्हें ढाई हजार रुपए मिलते थे। इसी तरह वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्यों के मासिक भत्ते में बढ़ोतरी की गई है। जिले में कुल 182 पंचायत है।

ऐसे में 182 मुखिया, 2417 वार्ड सदस्य, 182 सरपंच, 2417 पंच, 25 जिला परिसद सदस्य और 241 पंचायत समिति सदस्य हैं। इन सभी को बढ़े हुए मानदेय का लाभ मिलेगा। जनप्रतिनिधियों ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है। रजौन मुखिया संघ के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, ओड़हरा



मुखिया प्रवीण सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बताया कि सरकार का निर्णय स्वागत योग्य है। मासिक भत्ता में डेढ़ गुणा बढ़ोतरी की गई है। साथ ही चुनाव से पहले पंचायत सरकार भवन के निर्माण का काम अगर शुरू हो जता है तो इससे विकास को और गति मिलेगी। अभी उनलोगों के पंचायत में पुराना भवन है। नए पंचायत सरकार भवन के बन जाने से वहां पर पंचायत के लोगों को भी एक छत के नीचे कई तरह की सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

अभी जाति, आय, आवासीय आदि बनवाने के लिए लोगों को प्रखंड मुख्यालय जाना पड़ता है। यहां पर भवन और संसाधन की कमी के कारण लोगों को उचित लाभ नहीं मिल रहा है। लेकिन जल्द लोगों को इन सुविधाओं का लाभ मिलने लगेगा। सरकार ने जनप्रतिनिधियों के मासिक भत्ते में वृद्धि के साथ-साथ मुखिया के पावर में भी बढ़ोतरी की है। मुखिया पहले मनरेगा से पंचायत में होने वाले काम के लिए पांच लाख तक की योजनाओं के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दे सकते थे। लेकिन अब सरकार ने इसे बढ़ा कर 10 लाख कर दिया है। इससे विकास कार्यों में तेजी आएगी। विभिन्न पंचायतों के मुखिया ने बताया कि पांच लाख से अधिक राशि की योजनाओं के लिए उनलोगों को मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी से स्वीकृति लेना पड़ता था। मझगांय-डरपा के सरपंच राजेश राय ने बताया कि जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा बहुत जरूरी है। पंचायत प्रतिनिधियों के हथियार लाइसेंस के आवेदन को डीएम निर्धारित समय सीमा के अंदर नियमानुसार निष्पादित करेंगे। सरकार का यह निर्णय स्वागत योग्य है। इसके साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधियों के परिजनों को पहले केवल आकस्मिक मृत्यु होने पर ही पांच लाख रुपए मिलता था। लेकिन अब कार्यकाल में सामान्य मृत्यु होने पर भी पांच लाख का अनुग्रह अनुदान उनके परिजनों को मिलेगा।




# बिज़नेस कैसे शुरू करें? ऐसे मिलेगा बिज़नेस शुरू करने के लिए लोन



## बिल्डिंग एसोसिएशन

मार्केट में बने रहने और लाभ कमाने के लिए, आपको प्रभावशाली ब्लॉगर्स और फ्री/ सैंपल गिफ्ट या प्रोडक्ट के एक्सचेंज के लिए प्रमोशन करना होगा। अपनी पहचान बनाने के लिए चैरिटी संगठनों के साथ जुड़ें और कुछ प्रोडक्ट के साथ वॉलेंटियर करें। बेहतर ग्रोथ की संभावनाओं के लिए उद्योग में मौजूदा बड़े ब्रॉन्ड के साथ कोलैबोरेशन करें।

## धैर्य रखें और आगे बढ़ते रहें

एक स्टार्टअप व्यवसाय के शुरूआती चरणों में, लाभ मार्जिन या ब्रेकवेन के बजाय बिक्री पर अधिक ध्यान दें। अधिकांश उद्यमियों ने धैर्य और फोकस की कमी के कारण बिजनेस बीच में ही छोड़ दिया। व्यापार के शुरुआती चरणों के दौरान लगातार बने रहना मुश्किल काम है, इसमें निरंतरता टूटती है और ध्यान भंग होता है जिससे नुकसान होता है। इसलिए, हमेशा यह सुझाव दिया जाता है कि धैर्य रखें और कड़ी मेहनत करते रहें और सही समय आने पर अच्छे परिणाम मिलेंगे।

## व्यवसायी बनने का विचार/आइडिया

वर्किंग टाइम, वर्क प्रोफाइल, लाइफस्टाइल, पब्लिक डीलिंग, निवेश का समय आदि से जुड़ें नौकरीपेशा कर्मचारी और व्यवसाय करने वाले के बीच बहुत बड़ा अंतर है। व्यवसायिक बनने से पहले दो बार सोचें। जिस प्रकार का व्यवसाय आप शुरू करना चाहते हैं, बाजार में इसकी मांग, व्यवसाय का आकार, निवेश की आवश्यकता और वार्षिक बजट कुछ ऐसे कारक हैं, जिन पर आपको अवश्य विचार करना चाहिए। यदि आप इन सभी सवालों के जवाब के साथ तैयार हैं, तो आप अपना खुद का बिजनेस शुरू करने के लिए तैयार हैं।

### अपने कौशल (स्किल) के अनुसार बिज़नेस चुनें

एक नया बिजनेस शुरू करने के लिए कौशल/स्किल तैयार करने की आवश्यकता होती है जो किसी बिजनेस की आवश्यकताओं से मिलता हो। लोगों को उस व्यवसाय को शुरू या उसमें निवेश करना चाहिए जो कहीं न कहीं उनके कौशल से जुड़ा है। हर कोई किसी न किसी काम में अच्छा होता है; बस जरूरत है प्रतिभा को ढूढ़ने और उसे बेहतर बनाने की। बिजनेसमैन बनने की योजना बनाने से पहले अपने आप को बेहतर तरीके से जानें, अपनी खूबियों और खामियों का विश्लेषण करें। एक नए क्षेत्र को पूरी तरह से चुनना जोखिमभरा है।

### बिज़नेस और बाज़ार का विश्लेषण

सबसे महत्वपूर्ण कारक जो किसी व्यवसाय को सफल या असफल बनाता है। वह है बिजनेस पर रिसर्च और मार्केट विश्लेषण। सुनिश्चित करें कि आप जो बिजनेस शुरू करने वाले हैं, उसकी मार्केट में मांग है और ज्यादा व्यापारियों द्वारा इस बिजनेस को न किया जा रहा हो। अपने बिज़नेस के कॉम्पिटिटर्स को ढूंढें और बिज़नेस करने के उनके स्टाइल का पता लगाएं। अपने बिज़नेस से जुड़े प्रोडक्ट, कच्चे माल, मशीनरी, उपकरण, आदि की मांग को पूरा करने के लिए सप्लायर का पता लगाएं। बाजार में पहले से ही बेचे गए प्रॉडक्ट के खर्च और कीमतों को ट्रैक करें और देखें कि लोगों को अंत में लाभ कितना हो रहा है।

### खर्च जानें

आपको यह तय करने की आवश्यकता है कि बिजनेस शुरू करने में आपका कितना खर्च आएगा। अगला सवाल आपको खुद से पूछने की ज़रूरत है कि 'क्या आपके पास अपना बिजनेस शुरू करने के लिए उचित फंड है या आपको बैंक से लोन लेने की आवश्यकता होगी?' यदि आपको और अधिक पैसों की आवश्यकता है तो आपके लिए बिजनेस लोन के लिए आवेदन करना सबसे सुरक्षित विकल्प है। यह कदम पहले से उठाया जाना चाहिए क्योंकि अधिकांश स्टार्टअप स्थापित होने में विफल होते हैं क्योंकि वे अपने बिजनेस की स्थापना के शुरुआती चरणों में पैसों की मांग को पूरा नहीं कर पाते हैं।

### बिज़नेस प्लान बनाना

बिजनेस प्लान में आपके व्यवसाय से जुड़ी सभी जानकारी शामिल होनी चाहिए। यह मूल रूप से आपके बिजनेस और इसकी ग्रोथ में मदद करने के लिए एक रोड मैप है। बिजनेस प्लान आपके लाभ का परीक्षण करने और आपकी आर्थिक आवश्यकताओं को समझने में मदद करती है। इसके अलावा, यदि आप व्यवसाय बढ़ाने के उद्देश्यों के लिए बिजनेस लोन लेना चाहते हैं, तो अच्छी तरह से बिजनेस प्लान को लोन संस्थानों में जमा करें, जिसमें बैंक और एनबीएफसी शामिल हैं।

### स्थान तय करें

बिजनेस के लिए लोकेशन सबसे महत्वपूर्ण फैसलों में से एक है जो एक एंटरप्रेन्योर लेता है, क्योंकि यह व्यवसाय का भविष्य तय करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपने बिजनेस की भौतिक उपस्थिति स्थापित करने के लिए, दो बातों पर विचार करना चाहिए। पहला ग्राहकों के उद्देश्य के लिए उनकी आवश्यकता और दूसरा मार्केट / शॉपिंग मॉल। यह नेटवर्किंग के अवसरों और ग्राहक आधार को बढ़ाता है।

### अपने बिज़नेस को सेट करना

एक बार लोकेशन फाइनल हो जाने के बाद और रेंट एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया जाता है (यदि लागू हो), तो अगली बड़ी बात आपके बिजनेस को नीचे दी गई बातों के पर भी ध्यान देना चाहिए-

अपने बिजनेस का नाम

अपने बिजनेस को रजिस्टर्ड करना

कंपनी के नाम के तहत एक करंट अकाउंट खोलना

एक टिन, पैन और जीएसटी नंबर प्राप्त करना

अकाउंट सिस्टम चुनना

एक वेबसाइट बनाना

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अकाउंट खोलना

ये कदम आपके बिज़नेस को बेहतर तरीके से व्यवस्थित करने में आपकी मदद करेंगे और व्यवसाय की ग्रोथ को बढ़ाएँगे।

### स्टाफ को काम पर रखना शुरू करें

शुरूआत में बिज़नेस चलाने के लिए आपको कितने स्टाफ की ज़रूरत है, उसकी चयन करें। साथ ही, बेहतर कौशलता, प्रॉडक्टिविटी और लाभ के लिए अनुभवी और कुशल लोगों को काम पर रखें। बिजनेस के आकार के आधार पर आप संबंधित व्यवसाय टाइप के अनुसार, अधिकारियों, ग्राहकों की देखभाल के प्रतिनिधियों, मार्केटिंग एक्सपर्ट, अकाउंटेंट, ड्डअ पेशेवरों, ॥क्र कर्मियों और अन्य पेशेवरों को काम पर रख सकते हैं।

### अपने बिज़नेस का ब्रान्ड और विज्ञापन करें

अपने बिजनेस का एक लोगो बनाएं जिससे ग्राहक आपके बिज़नेस का आसानी से पहचान सकें। लोगों को अपने व्यवसाय के बारे में बताएं ताकि आपके पास सामान या सेवाएं खरीदने के लिए आ सकें। अपने बिज़नेस के विस्तार के लिए अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अकाउंट बनाएं। एक मार्केट प्लान बनाएं, इसलिए व्यवसाय के शुरुआती छह महीनों में उसका विज्ञापन करने के लिए एक निश्चित बजट होना चाहिए।

# गाइड बनकर भी कर सकते हैं लाखों की कमाई, ऐसे कर सकते हैं शुरूआत

शॉर्ट टर्म कोर्स कर बना सकते हैं करियरकरियर बनाने के लिए जरूरी नहीं कि कोई बड़ा कोर्स या फिर डिग्री ली जाए. अगर आपके पास हुनर है तो आप किसी भी फील्ड में अपना शानदार करियर बना सकते हैं. आपने कई टूरिस्ट गाइडों को देखा होगा, जो सिर्फ अपने तजुर्बे और इतिहास का ज्ञान रखकर हजारों टूरिस्ट्स को घुमाते हैं और काफी अच्छा पैसा भी कमा लेते हैं. एक गाइड बनने के लिए जरूरी नहीं है कि आपके पास कोई डिग्री हो. कुछ महीनों के डिप्लोमा के साथ इसके लिए बस आपको अपने आस-पास के शहरों की अच्छी जानकारी होनी चाहिए. हम आपको यहां बता रहे हैं कि गाइड बनकर कैसे आप अपने करियर को एक नया मोड़ दे सकते हैं और घूमते फिरते कमाई कर सकते हैं.

संस्कृति और इतिहास का ज्ञान -एक गाइड बनने से पहले यह जरूर सोच लें कि क्या आपको अपने शहर की संस्कृति या फिर उसके इतिहास का पूरा ज्ञान है. अगर ऐसा नहीं है तो आप एक अच्छे गाइड नहीं बन सकते हैं. कोई भी टूरिस्ट आपसे कुछ भी प्रश्न कर सकता है



और गलत उत्तर से आप उनका भरोसा खो देंगे. इसीलिए इतिहास की हर छोटी और रोमांचक जानकारियां अपने पास रखें.

हाजिर जवाब होना भी जरूरी – किसी भी गाइड को हाजिर जवाब होना जरूरी होता है. इससे पता चलता है कि आप कितने अनुभवी हैं और आपको चीजों की कितनी समझ है. बातों को रोमांचक तरीके से लोगों को बताना एक कला है, जो एक गाइड के तौर पर सीखना बहुत जरूरी है. आपके साथ मौजूद टूरिस्ट्स को जानकारी के साथ-साथ आपकी बातों से मजा भी आना चाहिए.

लोगों की जेब का रखें खयाल -अगर आप एक गाइड हैं तो आपको लोगों की यानि जिन्हें आप घुमा रहें हैं उनकी जेब का खयाल रखना जरूरी है. ऐसे में लोगों को किसी रीजनेबल होटल, रेस्तरां आदि में खाना खिलाना, किसी अच्छे होटल में ठहराना और टैक्सी आदि की सुविधा मुहैया करवाने जैसी सुविधाएं शामिल हैं.

कुछ महीनों का डिप्लोमा कोर्स – गाइड के कोर्स के लिए देशभर में कई इंस्टीट्यूट 3 या 6 महीना का डिप्लोमा कोर्स करवाते हैं. ऐसे कोर्स करके आप आधिकारिक तौर पर एक गाइड के रूप में काम कर सकते हैं. इस कोर्स में आपको टूरिस्ट्स के साथ बात करने के जरूरी टिप्स भी बताए जाते हैं.

मौके भी कम नहीं – अगर आपने किसी अच्छे संस्थान से टूरिज्म ट्रैवल एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट का कोर्स किया है तो आपके पास मौकों की कोई भी कमी नहीं होगी. कई ऐजेंसियां इसके लिए वेकेन्सी निकालती हैं और एक अच्छे पैकेज पर गाइड हायर करती हैं.



# ये हैं एयरफोर्स में करियर बनाने के छह आसान रास्ते

### आपके कौन सा सही रहेगा

भारतीय वायुसेना में करियर बनाना कई युवाओं का सपना होता है। अगर आप भी एयरफोर्स में शामिल होने का विचार कर रहे हैं, तो जानिए वो छह आसान तरीके जिनसे आप इस गौरवपूर्ण करियर का हिस्सा बन सकते हैं।

भारतीय वायुसेना देश की ताकतवर और सम्मानित सेनाओं में से एक है। यहां नौकरी करना सिर्फ एक प्रोफेशन नहीं, बल्कि देशसेवा और गर्व की बात मानी जाती है। हर साल हजारों युवा एयरफोर्स का हिस्सा बनने का सपना देखते हैं, लेकिन बहुत से लोग यह नहीं जानते कि इस फोर्स में भर्ती होने के कई रास्ते हैं। 12वीं के बाद से लेकर ग्रेजुएशन और डिप्लोमा तक, हर स्तर पर एंट्री पॉसिबल है।

अगर आप भी आसमान में उड़ना चाहते हैं और वर्दी पहनना आपका सपना है, तो जानिए कौन-कौन से एग्जाम और एंट्री स्कीम्स हैं, जिनसे आप भारतीय वायुसेना का हिस्सा बन सकते हैं।

### 12वीं के बाद एयरफोर्स में ऑफिसर बनने का मौका (एनडीए)

एनडीए एग्जाम यूपीएससी द्वारा साल में दो बार आयोजित किया जाता है। इसमें 12वी (फिजिक्स + मैथ्स) पास लड़के हिस्सा ले सकते हैं। सेलेक्शन के बाद कैंडिडेट्स एनडीए पुणे में ट्रेनिंग पाते हैं और फिर एयरफोर्स अकादमी में भेजे जाते हैं। यहां से पासआउट होकर वे फ्लाइंग ब्रांच या टेक्निकल/नॉन-टेक्निकल ब्रांच में ऑफिसर बनते हैं।

### ग्रेजुएशन के बाद ऑफिसर की सीधी एंट्री

सीडीएस एग्जाम भी यूपीएससी द्वारा लिया जाता है और ग्रेजुएट कैंडिडेट्स इसके जरिए एयरफोर्स एकेडमी (ऱ्न्न, हैदराबाद) में दाखिला पा सकते हैं। यह परीक्षा साल में दो बार होती है और सफल कैंडिडेट्स को फ्लाइंग ऑफिसर की ट्रेनिंग दी जाती है।

### वायु सेना सामान्य प्रवेश परीक्षा

वायु सेना सामान्य प्रवेश परीक्षा भारतीय वायुसेना द्वारा आयोजित एक कॉमन एंट्रेंस टेस्ट है, जिसके जरिए फ्लाइंग, ग्राउंड ड्यूटी (टेक्निकल और नॉन-टेक्निकल) ब्रांच में भर्ती होती है। यह पुरुष और महिला दोनों के लिए खुला होता है और इसमें ग्रेजुएट्स आवेदन कर सकते हैं। हर साल दो बार यह परीक्षा होती है और इसे सबसे सुगम तरीका माना जाता है।

### 12वीं या डिप्लोमा के बाद एयरमैन भर्ती

भारतीय वायुसेना हर साल ग्रुप एक्स और ग्रुप वाय ट्रेड्स में भर्ती आयोजित करती है। ग्रुप एक्स में टेक्निकल ट्रेड्स आते हैं जैसे- मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि। वहीं ग्रुप वाय में नॉन-टेक्निकल पोस्ट होती हैं, जैसे- क्लर्क, मेडिकल असिस्टेंट और अन्य सपोर्ट स्टाफ। अगर आपने 12वीं (साइंस स्ट्रीम) या तकनीकी डिप्लोमा किया है, तो आप भारतीय वायुसेना में एयरमैन पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### बिना लिखित परीक्षा के सीधा इंटरव्यू

यदि आपने एनसीस एयर विंग से सी सर्टिफिकेट प्राप्त किया है, तो आप एयरफोर्स में फ्लाइंग ब्रांच के लिए बिना कोई लिखित परीक्षा दिए आवेदन कर सकते हैं। इस एंट्री स्कीम के तहत एएफसीएटी या सीडीएस जैसी परीक्षाएं देने की आवश्यकता नहीं होती। इसमें केवल एसएसबी इंटरव्यू होता है और यह रास्ता ज्यादा कॉम्पिटीशन वाले लोगों के लिए बेहतरीन माना जाता है।

### अग्निवीर वायू

सरकार की नई योजना 'अग्निपथ' के तहत एयरफोर्स में भी अग्निवीर वायू की भर्ती शुरू हुई है। इसमें 17.5 से 21 साल के युवा आवेदन कर सकते हैं और चार साल की सर्विस के बाद कुछ प्रतिशत को परमानेंट नियुक्ति मिलती है। यह स्कीम युवाओं को फौज में आने का नया अवसर देती है।

# टेस्ट क्रिकेट में बड़े बदलाव के लिए तैयार आईसीसी, भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को छूट

**लंदन (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) 2027-29 के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (WTC) चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है, लेकिन भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तब भी परंपरागत रूप से चले आ रहे पांच दिवसीय मैच खेल सकते हैं। यहां एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इससे छोटे देशों को अधिक टेस्ट और लंबी अवधि की श्रृंखलाएं खेलने में मदद मिलेगी। एक रिपोर्ट में कहा गया है, 'पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में WTC फाइनल के दौरान चर्चा में आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 के WTC चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था।'

रिपोर्ट में कहा गया है, 'इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच दिवसीय मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने की अनुमति होगी। एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच के साथ होगी।'

आईसीसी ने पहली बार 2017 में द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए चार दिवसीय टेस्ट को मंजूरी दी थी। इंग्लैंड ने 2019 और 2023 में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट के बाद पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी चार दिवसीय टेस्ट मैच खेला था। रिपोर्ट के अनुसार, 'कई छोटे देश समय और लागत के कारण टेस्ट मैचों की मेजबानी करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, लेकिन चार दिवसीय टेस्ट मैच शुरू होने से तीन टेस्ट मैचों की पूरी श्रृंखला तीन सप्ताह से भी कम समय में खेली जा सकेगी।'

इसमें कहा गया है, 'समय को बर्बाद करने से बचने के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों में खेल के समय को 90 ओवर प्रतिदिन से बढ़ाकर न्यूनतम 98 ओवर कर दिया गया है।' रिपोर्ट में कहा गया है, 'पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने इस मुद्दे को और उजागर किया और इसके बाद बदलाव की जरूरत महसूस की गई।' हालांकि 2025-27 की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप पांच दिवसीय मैचों के मौजूदा प्रारूप के तहत ही खेली जाएगी।




# अवैध सट्टेबाजी ऐप्स प्रमोशन मामले में हरभजन, सहित इन तीन क्रिकेटरों पर ईडी ने शिकंजा कसा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह , हरभजन सिंह और सुरेश रैना के लिए अवैध सट्टेबाजी ऐप्स का प्रमोशन करना महंगा पड़ सकता है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इन अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स की जांच तेज कर दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस जांच में क्रिकेटरों के अलावा अभिनेत्री उर्वशी रौतेला और अभिनेता सोनू सूद से भी पूछताछ की जा रही है। यह जांच एक प्रतिबंधित प्लेटफॉर्म के प्रचार से जुड़ी है। ईडी का मानना है कि ये प्लेटफॉर्म भ्रामक विज्ञापन और गलत तरीकों से लोगों से पैसा ऐंठ रहा है।

जांच में पता चला है कि ये प्लेटफॉर्म गलत तरीक का इस्तेमाल कर विज्ञापन करते हैं। ये वेब लिंक और क्यू आर कोड के जरिए यूजर्स को असली अवैध सट्टेबाजी साइटों पर भेजते हैं। ईडी के अनुसार, यह भारतीय कानूनों का उल्लंघन है। वहीं ये ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म खुद को स्किल-आधारित गेम बताते हैं पर ये असल में धोखेबाजी के लिए रिग्ड एल्गोरिदम का इस्तेमाल करते हैं। इसलिए, ये जुए के दायरे में आते हैं। प्रवर्तन निदेशालय के अनुसार इस प्रकार के प्रतिबंधित प्लेटफॉर्म सेलिब्रिटीज का सहारा लेकर लोगों को गुमराह करते हैं।

शुरुआती जांच में कई कानूनों सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम धन शोधन निवारण अधिनियम के उल्लंघन की बात सामने आयी है। रिपोर्ट के अनुसार, हरभजन सिंह और सुरेश रैना और उर्वशी रौतेला व सोनू सूद के प्रतिनिधियों ने अब तक इसपर कोई जवाब नहीं दिया है। जांच में यह भी पता चला है कि इन विज्ञापन अभियानों को चलाने के लिए विभिन्न कंपनियों को 50 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अवैध सट्टेबाजी ऐप का कारोबार लगातार बढ़ते हुए 100 अरब डॉलर से अधिक का हो गया है।

# एक मैच में तीन सुपर ओवर, नीदरलैंड ने नेपाल को हराकर नया रिकॉर्ड बनाया



**ग्लासगो (एजेंसी)।** नीदरलैंड ने यहां टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला के मैच में नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हरा कर नया रिकॉर्ड बनाया। टी20 या लिस्ट ए क्रिकेट के इतिहास में यह पहला अवसर है जबकि किसी मैच का परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला। माइकल लेविट ने सोमवार की रात को खेले गए इस मैच में तीसरे सुपर ओवर में छक्का लगाकर आखिर में नीदरलैंड को जीत दिलाई।

नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी क्योंकि नेपाल को आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए थे। नेपाल के निचले क्रम के बल्लेबाज नंदन यादव ने हालांकि अंतिम ओवर में दो चौके लगाए। उन्होंने आखिरी गेंद पर भी चौका लगाया जिससे नेपाल आठ विकेट पर 152 रन बनाकर स्कोर बराबर करने में सफल रहा। कुशाल भुर्टेल ने 18 रन बनाकर नेपाल को पहले सुपर ओवर में 19 रन तक पहुंचाया लेकिन नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडॉव ने पांचवीं और छठी गेंद पर क्रमशः छक्का और चौका लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। नीदरलैंड ने दूसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी की और 17 रन बनाए। लेकिन नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने काइल क्लेन की आखिरी गेंद को छक्के के लिए भेज कर मैच को नए मोड़ पर खड़ा कर दिया। नेपाल तीसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए एक भी रन नहीं बना पाया। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर जैक लायन कैशेट ने चार गेंदों में बिना कोई रन दिए दो विकेट लेकर नेपाल का ओवर जल्दी समाप्त कर दिया। नीदरलैंड को इस तरह से मैच जीतने के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी, ऐसे में लेविट ने संदीप लामिछाने के ओवर की पहली गेंद पर छक्का जड़कर मैच का शानदार अंत किया। मेजबान स्कॉटलैंड टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला की तीसरी टीम है।

# स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंची




**दुबई (एजेंसी)।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) की एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने ताजा अपडेट में 19 रेटिंग अंक गंवाए जिसका फायदा भारतीय बल्लेबाज को मिला। मंधाना के कुल 727 रेटिंग अंक हैं।


उनके बाद इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट 719 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वोलवार्ट अब 719 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मंधाना के बाद इस सूची में अगली दो भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं, जो क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच इस महीने के आखिर में पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी।

मंधाना हाल के दिनों में वनडे बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल रही हैं, लेकिन बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2019 की शुरुआत से शीर्ष स्थान पर नहीं पहुंच पाई थी। भारतीय सलामी बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में शतक बनाया था। इससे उन्हें अपनी रैंकिंग में सुधार करने में मदद मिली। मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में भी चौथे स्थान पर हैं।

# वैभव को अभी भारतीय टीम में जगह के लिए करना होगा इंतजार: वेंकटपति राजू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और दूसरा सबसे तेज शतक लगाकर क्रिकेट जगह में अपनी अलग पहचान बनाने वाले 14 साल के वैभव सूर्यवंशी की तुलना महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से की जाने लगी है। ये भी कहा जा रहा है कि जो काम सचिन ने 16 से 17 में किया। वहीं वैभव 14-15 साल में कर लेना चाहते हैं। ऐसे में अब क्रिकेट प्रशंसक चाहते हैं कि वैभव को भारतीय टीम में जगह मिले। वहीं इसी को लेकर पूर्व स्पिनर और चयनकर्ता वेंकटपति राजू का कहना है कि इस क्रिकेटर को अभी टीम इंडिया में प्रवेश के लिए इंतजार करना होगा। साथ ही कहा कि उनकी सचिन से तुलना नहीं की जा सकती है। वैभव अभी इंडिया अंडर-19 टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर गए हुए हैं। महज 14 की उम्र में उन्होंने अपने प्रदर्शन से क्रिकेट प्रशंसकों को हैरान किया है। आईपीएल में 35 गेंदों पर शतक के बाद वैभव ने इंडिया अंडर-19 के अभ्यास मैच में भी 90 गेंद में 190 रन की पारी खेलकर सभी को हैरान कर दिया था।

राजू ने कहा कि वैभव को भारतीय टीम की जर्सी में देखने के लिए हमें अभी और इंतजार करने की जरूरत है। इस स्पिनर ने कहा, 'हां, वह अभी काफी समय लेगा। उसे अंडर-19 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। बीच में घरेलू क्रिकेट में लगातार रन बनाने होंगे। 4 दिन के मैच में अच्छा करना होगा। हम उसे समय दे सकते हैं। उसमें प्रतिभा है, यह हम पहले ही देख चुके हैं पर सचिन से तुलना को वह ठीक नहीं मानते। उन्होंने भारत के लिए खेलने से पहले सचिन तेंदुलकर के घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन का खास तौर पर जिक्र किया।



राजू ने कहा, यह निरंतरता पर निर्भर करता है। सचिन ने रणजी ट्रॉफी के डेब्यू मैच में शतक लगाया था। इसके बाद दलीप ट्रॉफी के डेब्यू मैच में शतक लगाय। शेष भारत के लिए शतक बना। वहीं ईरानी ट्रॉफी 1989 के अपने पहले मैच में भी सचिन ने शतक लगाया था।


# तेज गेंदबाज हर्षित राणा भारतीय टीम में शामिल

लंदन। तेज गेंदबाज हर्षित राणा को एक बदलाव के तहत ही इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरु आगामी टेस्ट सीरीज के लिए अपनी 18 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। हर्षित राणा ने इंडिया ए की और से अच्छा प्रदर्शन किया था जिसके बाद उन्हें टीम के साथ रुकने के लिए कहा गया था। तभी से संकेत मिलने लगे थे कि हर्षित को टीम में जगह मिलेगी। एक रिपोर्ट के अनुसा हर्षित भारतीय टीम में शामिल हो गए हैं। सीरीज का पहला मैच 20 जून को लीड्स में शुरू होगा। माना जाता है कि लीड्स की पिच से स्पिनरों की तुलना में तेज गेंदबाजों को अधिक मदद मिलती है, जिसके कारण भारतीय टीम पांच गेंदबाजी विकल्प के साथ उतर सकती है, ऐसे में हर्षित को अंतिम ग्यारह में भी जगह मिल सकती है। भारतीय टीम में तेज गेंदबाज के तौर पर जसप्रीत बुमराह, प्रसिद कृष्णा, मोहम्मद सिराज, आकाशदीप और अर्शदीप शामिल हैं पर बुमराह तीन ही मैच खेल सकेंगे और शायद इसी कारण हर्षित को विकल्प के रूप में टीम में जोड़ा गया है। वह मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों में भी शामिल हैं। राणा ने हाल ही में इंडिया ए की ओर से पहले अनाधिकृत टेस्ट में 27 ओवर गेंदबाजी की थी और एक विकेट लिया था।




**भारतीय टीम इस प्रकार है :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद। सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव।

# रोहित और विराट की कप्तानी में खेलने से काफी कुछ सीखने को मिला : शुभमन




लंदन। इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम की कप्तानी करने जा रहे युवा बल्लेबाज शुभमन गिल का कहना है कि उनके पास रोहित शर्मा और विराट कोहली की कप्तानी में खेलने का अनुभव है और इससे उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला है जिसका लाभ उन्हें सीरीज में मिलेगा। शुभमन ने कहा कि कैसे रोहित मैच के दौरान साथी खिलाड़ियों को जो कुछ भी कहते थे कोई नाराज नहीं होता था। वही कोहली के पास हमेशा एक बैकअप विकल्प हुआ करता था। शुभमन के अनुसार कोहली कप्तान के तौर पर मैदान में हमेशा आक्रामक रहते थे। गेंदबाजों की सहायता के लिए उनके पास हमेशा योजना होती थी। शुभमन ने कहा, 'जब मैं विराट की कप्तानी में खेलता था तो टेस्ट मैच के दौरान मैदान में उनके आक्रामक रुख और विचारों को सोच को पसंद करता था और उसने सीखता था। वहीं अगर उन्हें लगता था कि यह ठीक है, यह योजना काम नहीं कर रही तो वह तुरंत एक दूसरी योजना रखते थे, गेंदबाजों को बताते थे कि वह उनसे क्या चाहते हैं।' वहीं रोहित की कप्तानी पर शुभकन ने कहा कि आप को ऐसा लग सकता है कि वह मैदान में आक्रामक नहीं दिखते पर जब रणनीति की बात हो तो वह बहुत ही ज्यादा आक्रामक थे। साथ ही कहा, देखने में यह लग सकता है कि रोहित शांत हैं लेकिन वह अपनी रणनीतियों को लेकर बहुत ही आक्रामक हो सकते हैं। वह बहुत ही आक्रामक कप्तान हैं। वह मैच से पहले, सीरीज के दौरान और यहां तक कि सीरीज के बाद भी साफ-साफ बता देते थे कि वह खिलाड़ियों से क्या चाहते हैं।

# बीसीसीआई मुझे टेस्ट कप्तान बनाना चाहता था, मैंने इनकार कर दिया, जसप्रीत बुमराह ने पुष्टि की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास के बाद भारत की टेस्ट कप्तानी जसप्रीत बुमराह को मिलने की खबरें थी। लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट दौरे के लिए शुभमन गिल को कप्तान बनाया गया है। क्या इस बारे में बुमराह से पूछा गया, इस बारे में अटकलें लगाई जा रही थी और अब इस पर खुद बुमराह ने चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि बीसीसीआई उन्हें टेस्ट कप्तान बनाना चाहता था, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक के साथ बातचीत में जसप्रीत बुमराह ने बताया कि वह टेस्ट कप्तान क्यों नहीं बने। पीठ की बार-बार चोट लगने के कारण बुमराह पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेल सकते हैं। वह इंग्लैंड में केवल तीन मैच ही खेल पाए थे। इसलिए उन्होंने इस दौड़ से बाहर होने का फैसला किया ताकि टीम इंडिया को नुकसान न हो।

सप्रीत बुमराह ने एक इंटरव्यू में दिनेश कार्तिक को बताया, इसमें कोई आकर्षक कहानी नहीं है, कोई विवाद नहीं है या कोई हेडलाइनिंग बयान नहीं है, या मुझे बर्खास्त कर दिया गया या मेरी देखभाल नहीं की गई। आईपीएल के दौरान रोहित और विराट के रिटायर होने से पहले मैंने बीसीसीआई से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में अपने कार्यभार के बारे में बात की थी। मैंने बीसीसीआई को फोन किया और उनसे कहा कि मैं नेतृत्व की भूमिका में नहीं देखा जाना चाहता।'

बुमराह ने कहा, 'मैंने उन लोगों से बात की थी जिन्होंने मेरी पीठ (चोट) का इलाज किया था, जिसमें सर्जन भी शामिल थी। उन्होंने हमेशा मुझे बताया था कि मुझे कार्यभार के बारे में कितना होशियार रहना है। इसलिए, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि मुझे थोड़ा होशियार होना होगा। मैं सभी टेस्ट मैच नहीं खेल पाऊंगा। फिर बीसीसीआई मुझे नेतृत्व की भूमिका के लिए देख रहा था। लेकिन मैंने कहा कि यह टीम के लिए उचित नहीं है। आप पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए एक कप्तान और तीन या दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए अलग कप्तान नहीं रख सकते।'



# आईसीसी के खिताबी मुकाबलों में अब तक चार बार हारी है ऑस्ट्रेलिया




मुम्बई। अब तक सबसे अधिक आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को भी चार बार फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम आईपीसी टूर्नामेंट में खेलते समय बेहद जुनूनी और आक्रामक हो जाती है जो उसकी सफलता का राज माना जाता है। इसी कारण उसे अन्य टीमों से काफी अधिक सफलता मिली है। ऑस्ट्रेलिया के पास आईसीसी की सबसे ज्यादा ट्रॉफी हैं क्योंकि उसने सबसे अधिक फाइनल खेले हैं हालांकि इसके बाद भी उसे इस बार आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025 के फाइनल में कमजोर समझी जाने वाली दक्षिण अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले तीन बार और ऑस्ट्रेलिया की टीम आईसीसी इवेंट के फाइनल में हारी झेलनी पड़ी है। ऑस्ट्रेलिया की टीम सबसे पहली बार आईसीसी टूर्नामेंट के पहले फाइनल में 1975 में वेस्टइंडीज से हारी थी। ये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का पहला एकदिवसीय विश्वकप था। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया एकमात्र टीम है, जिसने इन 50 सालों में सबसे ज्यादा फाइनल खेले हैं और उसे कुछ में ही हार का सामना करना पड़ा है। सबसे ज्यादा फाइनल जीते हैं, लेकिन सबसे कम फाइनल हारे हैं। साल 1975 के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम दूसरी बार आईसीसी एकदिवसीय विश्वकप फाइनल 1996 में श्रीलंका से हारी थी। ये दूसरा अवसर था, जब ऑस्ट्रेलिया को किसी मेगा इवेंट के खिताबी मैच में करारी हार मिली थी। इसके बाद 2010 तक कंगारु टीम कोई भी फाइनल नहीं हारी। इस दौरान कई आईसीसी इवेंट वह जीती। साल 2010 में तीसरी बार आईसीसी इवेंट के फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई टीम हारी। ये टी20 विश्वकप फाइनल इंग्लैंड के खिलाफ हुआ था। इस प्रकार उसे तीसरी बार फाइनल में हार मिली। है, जो डब्ल्यूटीसी 2025 का फाइनल था। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक कुल 10 आईसीसी इवेंट जीते हैं, जबकि भारतीय टीम ने 7 ट्रॉफी जीती हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 6 एकदिवसीय विश्वकप, दो चैंपियंस ट्रॉफी और एक-एक टी20 विश्व कप और टेस्ट चैंपियनशिप जीती हैं।

# 5वां केयर्न्स कप शतरंज : हंपी नें हरिका को हराया , बनाई एकल बढ़त




सेंट लुइस। यूएसए में चल रही दुनिया की सबसे मज़बूत महिला प्रतियोगिताओं में से एक केयर्न्स कप केछठे राउंड में भारत की दोनों महिला खिलाड़ी विश्व रैपिड चैम्पियन कोनेरु हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली के बीच मुकाबला हुआ , क्यूंकी दोनों सयुंक्त बढ़त पर चल रही थी यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण था और ऐसे में देश की नंबर एक खिलाड़ी और कोनेरु हम्पी का पडला देश की नंबर 2 खिलाड़ी हरिका पर भारी रहा और लगातार प्रतियोगिता में अपनी तीसरी जीत दर्ज करते हुए कोनेरु हम्पी नें 6 राउंड के बाद 4.5 अंक बनाकर एकल बढ़त कायम कर ली है। इस जीत के साथ ही हम्पी विश्व रैंकिंग में 2554 अंको पर पहुँच गयी है एक और जीत उन्हे विश्व नंबर 3 पर फिर से पहुंचा देगी फिलहाल वह चीन की लेई टिंगजे से ठीक पीछे चौथे स्थान पर है। दोनों के बीच केटालन ओपनिंग में हुए इस मुक़ाबले में हम्पी नें शानदार मध्य खेल और एंडगेम का प्रदर्शन किया और 76 चालों तक चले मुक़ाबले में पहले हाथी और फिर अपने वजीर के शानदार खेल से जीत दर्ज की। खैर यह दिन सिर्फ इसी मुक़ाबले के लिए परिणाम लाने वाला नहीं रहा , इस राउंड में खेले गए हर मुक़ाबले में परिणाम जीत और हार के तौर पर ही आया जिसनें टूर्नामेंट में एक नई जान फूँक दी है। अन्य परिणामों में यूएसए की यिप करिसा नें चीन की तान ज्होंगाई को पराजित किया तो कज़ाकिस्तान की असुबाएवा बीबीसारा नें यूएसए की ली ऐलिस को मात दी , पोलैंड की अलिना काशलिन्सक्या नें उक्रेन की मारिया मुजयचूक को मात दी जबकि जॉर्जिया की नाना दगनिड्जे नें हमवतन नीनों बताश्विली को पराजित किया। राउंड 6 के बाद हम्पी 4.5 , अलिना 4 , हरिका , यिप और ऐलिस 3.5 , बीबीसारा 3, नाना 2.5 , मारिया और तान 2 जबकि नीनों 1.5 अंक बनाकर खेल रही है।

# डबल्यूआर चैस ने जीता फीडे विश्व टीम ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीता

**लंदन (एजेंसी)।** फीडे विश्व टीम ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप 2025 के फाइनल मुकाबले में ह्रुकचेस टीम ने कज़चेस को दोनों मैचों में 4-2 से हराकर विश्व टीम ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप का खिताब दूसरी बार अपने नाम किया। इससे पहले उन्होंने 2024 में कजाकिस्तान में यह खिताब जीता था।

तीन दिवसीय प्रतियोगिता के नॉकआउट चरण में 53 टीमों में से शीर्ष 16 टीमों ने जगह बनाई थी, जिसमें प्री-क्वार्टर फाइनल, क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गए। हर मुकाबले में टीमों के बीच कम से कम दो मैच हुए, और बराबरी की स्थिति में प्लेऑफ मुकाबले भी कराए गए।

### फाइनल मुकाबले में चमके डबल्यूआर के सितारे

डबल्यूआर चेस ने दोनों फाइनल मैचों में 4-2 से जीत दर्ज की। अलीरेज़ा फिरोजा, हिकारु नाकामुरा और मैक्सिम वाचिए-लाग्रेव ने निर्णायक जीत दर्ज कर टीम को खिताबी जीत दिलाई।


टीम को बिग बेन और शतरंज मोहरे के मिश्रण से प्रेरित ट्रॉफी के साथ $75,000 की पुरस्कार राशि भी मिली।

### तीसरा स्थान हेक्सामाइंड को

भारतीय सितारों विदित गुजराती और दिव्या देशमुख से सजी हेक्सामाइंड चेस क्लब ने उज्बेकिस्तान की टीम को दोनों मैचों में 3.5-2.5 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं रैपिड विजेता भारत की एमजीडी 1 ने फ्रीडम टीम को हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। समापन समारोह में विश्व रैपिड टीम विजेता भारत की एमजीडी1 को भी विश्व विजेता की ट्रॉफी दी गयी।

### समापन समारोह में आनंद का संबोधन

समापन समारोह में फीडे के उपाध्यक्ष और पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने सभी 53 टीमों को बधाई दी। उन्होंने कहा, ÷विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टीम जैसे टूर्नामेंट और वर्ल्ड कॉर्पोरेट चैम्पियनशिप जैसी पहलें इस खेल को दुनिया से जोड़ने का माध्यम बन रही हैं, और फीडे भविष्य में ऐसे और आयोजनों को लेकर प्रतिबद्ध है।÷




# एकदिवसीय विश्वकप के बाद खेल को अलविदा कह देगीं सोफी डिवाइन

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान सोफी डिवाइन ने कहा कि आगामी महिला विश्व कप क्रिकेट के बाद वह एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी हालांकि वह टी20 क्रिकेट खेलती रहेंगी। एकदिवसीय विश्वकप इस साल के अंत में भारत और श्रीलंका में संयुक्त रुप से खेला जाएगा। आयोजित किया जाएगा। अपने 19 साल के शानदार करियर के दौरान डिवाइन महिला क्रिकेट में सबसे अच्छे ऑलराउंडरों में से एक मानी जाती हैं। साल 2006 में 17 साल की उम्र में डिवाइन ने न्यूजीलैंड की महिला टीम के लिए एकदिवसीय में डेब्यू किया था। वह सबसे अधिक एकदिवीसय खेलने के मामले में सूजी बेट्स के बाद दूसरे स्थान पर हैं। एकदिवसीय प्रारूप में उनके नाम 3990 रन हैं और वह सबसे अधिक रन बनाने वाले चौथी खिलाड़ी हैं। उन्हें डेबी हॉकले के 4000 रन के रिकार्ड को तोड़ने की उम्मीद है। डिवाइन के नाम 107 विकेट हैं और वह न्यूजीलैंड की ओर से सबसे अधिक एकदिवसीय विकेट लेने वालों में दूसरे स्थान पर हैं। वह 2020 में कप्तान बनीं और उनकी कप्तानी में टीम साल 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य जीतने के साथ ही पहली बार आईसीसी महिला टीम 20 विश्व कप जीतने में सफल रही



## चारधाम यात्रा में हेलिकॉप्टर सेवा बहाल, डीजीसीए की गाइडलाइन के मुताबिक संचालित

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा में हेलिकॉप्टर सेवा को बहाल कर दिया गया है। इसके पहले हेलिकॉप्टर सेवा को हादसे के बाद कुछ समय के लिए स्थगित हुआ था। अब इस हेलीकॉप्टर सेवा को फिर से बहाल किया गया है। उत्तराखंड सिविल एविएशन डेवलपमेंट अथॉरिटी की सीईओ सोनिका ने ये जानकारी दी है। गौरतलब है कि केदारनाथ घाटी में एक प्राइवेट हेलीकॉप्टर का एक्सीडेंट हो गया था। इसमें पांच श्रद्धालुओं सहित सात लोगों की मौत हुई थी। इस घटना के बाद उत्तराखंड सरकार ने चारधाम यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवाओं कुछ दिनों के लिए रोक दिया था। हेली उड़ानों के लिए कोई परेशानी ना हो इसके लिए राज्य सरकार ने कमांड एंड कोऑर्डिनेशन सेंटर स्थापित करने का निर्देश दिया है। सोनिका का कहना है कि हेलीकॉप्टर सेवाएं अब डीजीसीए की गाइडलाइन के मुताबिक संचालित होंगी। सरकार ने सभी हेली ऑपरेटरों और पायलटों को भी निर्देश दिया है कि उनकी जांच की जाएगी कि उन्हें हिमालयी क्षेत्रों में उड़ान का अनुभव है या नहीं। जो भी नियमों का उल्लंघन करता हुआ पाया जाएगा उनके खिलाफ सख्त जांच होगी।

## कोझिकोड पुलिस ने सेक्स रैकेट चलाने के आरोपी दो पुलिसकर्मियों को हिरासत में लिया

कोझिकोड (एजेंसी)। केरल के कोझिकोड स्थित मालापराम्बु में सेक्स रैकेट चलाने के आरोपी दो पुलिसकर्मियों को हिरासत में लिया गया। दोनों ही फरार चल रहे थे। पुलिसवालों पर आरोप है कि दोनों की मदद से स्पा की आड़ में सेक्स रैकेट चल रहा था। जहां ये सब कुछ चल रहा था, उस बुजुर्गों की देखभाल के लिए सेवाएं देने वाली एजेंसी के तौर पर पेश किया गया था। दोनों आरोपियों की पहचान वरिष्ठ सिविल पुलिस अधिकारी (सीपीओ) शैजित और सीपीओ सानिथ के रूप में हुई है। दोनों कोझिकोड शहर के पुलिस नियंत्रण कक्ष में ड्राइवर थे। सेक्स रैकेट मामले में नाम सामने आने के बाद कोझिकोड शहर के पुलिस आयुक्त ने दोनों को निलंबित किया। पुलिस जांच दल ने दोनों को तब गिरफ्तार किया जब वे मामले की मुख्य आरोपी बिन्दु की कार में थे। इस महीने की शुरुआत में बिंदु और आठ अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इन्हें मलापराम्बु के अपार्टमेंट में सेक्स रैकेट चलाते हुए पाया गया था। पड़ोस के रहने वाले लोगों की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उन्होंने संचालकों, ग्राहकों और यौनकर्मियों सहित नौ लोगों को हिरासत में लिया। पकड़े गए लोगों में छह महिलाएं और कुछ पुरुष शामिल हैं, जिनके ग्राहक होने का अनुमान है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाना है, जो फिलहाल बहरीन में काम करता है। अपार्टमेंट के मालिक का दावा है कि बहरीन फुटबॉल क्लब से जुड़े एक फिजियोथेरेपिस्ट को यह पट्टे पर दिया गया था। उन्होंने बताया कि उन्हें किसी भी अवैध गतिविधि के बारे में जानकारी नहीं है, क्योंकि किराया नियमित रूप से मिल रहा था।

## आदिवासी मजदूर को नहीं मिली एंबुलेंस, थैली में बेटी का शव लेकर गांव गया

पालघर (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पालघर जिले से सरकारी स्वास्थ्य तंत्र की पोल खोलने वाली घटना सामने आई है। फिर महाराष्ट्र में सरकारी सिस्टम एकदम लाचार दिखा है। जोगलवाड़ी गांव निवासी एक आदिवासी मजदूर को अपनी मृत नवजात बेटी के शव को प्लास्टिक की थैली में लपेटकर राज्य परिवहन की बस से अपने गांव गया। आदिवासी मजदूर का आरोप है कि नासिक सिविल अस्पताल ने शव ले जाने के लिए एंबुलेंस देने से इंकार किया था। कटकारी आदिवासी समुदाय से आने वाले सखरम कावर ने कहा, मैंने अपनी बच्ची को स्वास्थ्य तंत्र की लापरवाही और बेरुखी के कारण खो दिया। सखरम और उनकी पत्नी अविता (26) दिहाड़ी पर मजदूरी करके गुजर करते हैं। हाल ही तक बदलापुर (ठाणे) में एक ईंट भट्ठे पर काम कर रहे थे। सखरम और उनकी पत्नी अविता सुरक्षित प्रसव के लिए अपने गांव लौटे थे। 11 जून को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर सरकारी एम्बुलेंस नहीं आई और अंतत: कई अस्पतालों के चक्कर काटने के बाद, 12 जून की रात नासिक में बच्ची मृत जन्मी। अगली सुबह अस्पताल ने शव सौंप दिया, लेकिन परिवहन की कोई व्यवस्था नहीं की। इसके बाद मैंने 20 रुपये में थैली खरीदी, बच्ची को कपड़े में लपेटा और बस से गांव लौटा। उन्होंने बताया कि 13 जून को जब पत्नी को घर लाने नासिक लौटे, तब भी एम्बुलेंस नहीं दी गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने आरोपों को खारिज कर कहा कि सखरम ने स्वयं एम्बुलेंस लेने से इंकार किया था और अस्पताल ने सभी जरूरी मदद दी।

## मणिपुर में बड़ी मात्रा में मिला हथियार

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर में 8 से 15 जून के बीच भारतीय सेना और असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस, सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी के साथ मिलकर कई जिलों में संयुक्त अभियान चलाया। थौबल, चुराचांदपुर, ककचिंग, तेंग्नौपाल, इम्फाल ईस्ट और इम्फाल वेस्ट जिलों में हुए इन ऑपरेशनों में 4 उग्रवादियों को पकड़ा गया और 23 हथियार, 10 आईईडी, ग्रेनेड, भारी मात्रा में गोलाबारूद और युद्ध सामग्री बरामद हुई। 8 जून को तेंग्नौपाल में दो इम्प्रूवाइज्ड मोर्टार, 12 जून को थौबल, चुरा चांदपुर और इम्फाल ईस्ट में कुल 12 हथियार, 13 जून को तेंग्नौपाल में 3 हथियार और 10 आईईडी, जबकि 14 जून को ककचिंग और इम्फाल ईस्ट से 6 हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। पकड़े गए उग्रवादियों और सामग्री को मणिपुर पुलिस को सौंपा गया। यह कार्रवाई राज्य में शांति बहाली की दिशा में अहम मानी जा रही है।

## गुरुधामों के लिए नहीं जाएगा सिख जत्था

अमृतसर (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सीमा तनाव को देखते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया है। महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों की यात्रा पर हर साल जत्था रवाना होता था। इस साल ये यात्रा 29 जून को लाहौर के लिए रवाना होनी थी। कमेटी ने कहा कि मौजूदा हालात में यह निर्णय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए लिया गया है।

# मॉनसून ने पकड़ी रफ्तार... दिल्ली-एनसीआर में बारिश, बिहार-झारखंड में भी मौसम बदला

**मप्र में 19 जिलों को कवर किया मानसून**



नई दिल्ली/भोपाल (एजेंसी)। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून मंगलवार को फिर आगे बढ़ा है। मॉनसून उत्तरी अरब सागर और गुजरात के अतिरिक्त भागों के साथ-साथ विदर्भ के बचे हुए हिस्सों में आगे बढ़ा है। इसके अलावा, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्से, छत्तीसगढ़ के अधिकांश हिस्से, ओडिशा के शेष क्षेत्र, झारखंड के कुछ हिस्से, समूचा गंगा का तटीय क्षेत्र, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल के बचे हुए क्षेत्र और बिहार के कुछ हिस्से भी दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के प्रभाव में आ गए हैं। इसके साथ ही देश की राजधानी दिल्ली के मौसम में भी तब्दीली आई है। दोपहर से दिल्ली-नोएडा समेत इसके आसपास के इलाकों में हल्की बारिश शुरू हुई है।

वहीं इंदौर समेत मध्यप्रदेश के 15 जिलों में मंगलवार को मानसून ने दस्तक दे दी। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम प्रदेश में अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, देवास, हरदा, खंडवा, बैतूल, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला और डिंडौरी जिलों में पहुंच गया। आज 38 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। इससे पहले सोमवार को बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर और खंडवा में मानसून पहुंचा था। इस तरह मानसून ने 2 दिन में प्रदेश के 19 जिलों को कवर कर लिया है। इधर, मंगलवार सुबह करीब 11 बजे छिंदवाड़ा में तेज बारिश हुई। ग्रामीण इलाकों- जुन्नारदेव, बिछुआ, नवेगांव में भी पानी गिरा। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 2 दिन में मानसून भोपाल में दस्तक दे सकता है। वहीं, सबसे आखिरी में ग्वालियर-चंबल में पहुंचेगा। मौसम विभाग की मानें तो एक सप्ताह में मानसून पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा। इससे पहले प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर रहेगा। कहीं-कहीं भारी या अति भारी बारिश भी हो सकती है।

### जबलपुर समेत 38 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश हिस्से में मौसम का मिजाज बदलने का अनुमान जताया है। उमरिया, शहडोल, मैहर और सीधी में तूफानी हवा चलने का अलर्ट है। हवा की रफ्तार 80 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रह सकती है। सिंगरौली, सतना, कटनी, पन्ना, अनूपपुर, डिंडौरी, रीवा, जबलपुर में भी तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है। मुरैना, छिंदवाड़ा, बैतूल, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, श्योपुर, ग्वालियर, शिवपुरी, छतरपुर, दमोह, टीकमगढ़, सतना, मऊगंज, सागर, अलीराजपुर, रतलाम, भिंड, मंदसौर, नीमच, आगर-मालवा, खंडवा, देवास और राजगढ़ में बिजली गिरने के साथ हल्की आंधी चल सकती है।

## एसबीआई लाइफ की फिल्म 'पापा हैंना' दिल को छू लेने वाली

**पटना (एजेंसी)।** पापा हमेशा परिवार की रीढ़ की हड्डी की तरह होते हैं, जो बिना शोर मचाए चुपचाप पूरी ताकत और भरोसे के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। वे अपने काम और परिवार के बीच संतुलन बनाए रखते हैं और बिना कुछ कहे अपने परिवार की खुशियों और भविष्य को सबसे ऊपर रखते हैं। इस फादर्स डे पर एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी डिजिटल सीरीज #पापाहैंनाके तहत एक भावुक फिल्म पापा भूलते नहीं पेश की है, जो पिता की खामोश ताकत और उनके निभाए गए वादों को बड़ी ही संजीदगी के साथ दशार्ती है। यह वीडियो छोटे-छोटे पलों से प्रेरित है- कभी प्यार, कभी सख्ती, और कभी मजबूत इरादों से भरे हुए। यह फिल्म उन पिताओं को समर्पित है, जो जीवन के हर मोड़ पर अपने परिवार के साथ खड़े रहते हैं और जो भी वादा करते हैं, उसे हर हाल में निभाते हैं। कहानी की शुरूआत तीन पिताओं से होती है। एक हॉकी कोच, एक फॉरेस्ट ऑफिसर और एक आर्किटेक्ट हैं, जो अपने-अपने काम में पूरी लगन से जुटे हैं। चाहे वो खिलाड़ी को सिखा रहे हों, रेंजरों को निर्देश दे रहे हों या रोड साइट पर निगरानी कर रहे हों, उनके हाथ ही सब कुछ बताते हैं। ये हाथ मेहनत, अनुशासन और दिशा का प्रतीक हैं। इसके बाद वही हाथ घर में दिखते हैं, एक बच्चा गोद में लिए हुए, खिलौने से खेलते हुए या बच्चों के बनाए टॉएज को निहारते हुए। यह बदलाव दिखाता है कि पापा कैसे अपने प्रोफेशनल रोल से घर के प्यार भरे रोल में बिना किसी परेशानी के बदल जाते हैं। फिल्म के अंत में कई पिताओं की झलक मिलती है।

## विशाल मिश्रा की सहाना मेरे लिए भावुक पल : मोहित सूरी

**मुंबई (एजेंसी)।** यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा' अब तक के सबसे खूबसूरत म्यूजिक एलबम्स में से एक साबित हो रही है। टाइटल ट्रैक 'सैयारा' और जुबिन नौटियाल द्वारा गाया गया रोमांटिक गाना 'बर्बाद' के बाद अब फिल्म का तीसरा गाना 'तुम हो तो' रिलीज कर दिया गया है, जिसे इस समय देश के सबसे चर्चित युवा गायक विशाल मिश्रा ने गाया है। मोहित सूरी ने खुलासा किया कि वे विशाल मिश्रा को 12 सालों से जानते हैं और जब उन्होंने सुना कि विशाल ने अपने कॉलेज के ब्रेकअप के समय मोहित के गानों को सुनकर संगीत को करियर बनाने का फैसला किया था, तो वो बेहद भावुक हो गए। मोहित कहते हैं, विशाल 12 साल पहले मुझसे मिलने आया था। तभी से हमने तय किया था कि एक दिन साथ में कुछ खास बनाएँगे। मुझे गर्व है कि यह मौका 'सैयारा' में मिला। जब विशाल ने कहा कि मेरे गानों ने उसे म्यूजिक को करियर चुनने की प्रेरणा दी, तो दिल भर आया। वे आगे कहते हैं, जब आपको पता चलता है कि आपका काम किसी की ज़िंदगी को दिशा दे रहा है, तो वह बेहद खास एहसास होता है। संगीत आत्मा से जुड़ने वाला माध्यम है और मैं सौभाग्यशाली हूँ कि 20 साल के अपने करियर में लोगों के दिलों में जगह बना पाया। विशाल जैसे कलाकार के साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मोहित सूरी को विशाल की सफलता पर गर्व है। वे कहते हैं, ₹वह जब भी मुझसे मिलता था, कुछ स्क्रैच ट्रैक्स लाता था, उनमें जादू था। अब 'तुम हो तो' में उसने वही जादू दिखाया है। मुझे यकीन है कि यह उसका अब तक का सबसे रोमांटिक गाना साबित हो सकता है। फिल्म 'सैयारा' में अहान पांडे और अनीत पड्डा जैसे नए चेहरों की शानदार केमिस्ट्री दिखाई गई है।

# जस्टिस वर्मा के समर्थन में सिब्बल बोले- शेखर यादव के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की?

नई दिल्ली (एजेंसी)। राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने जज यशवंत वर्मा के खिलाफ प्रस्तावित महाभियोग प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि वर्मा के खिलाफ आरोप इतने स्पष्ट नहीं हैं कि उनके आधार पर महाभियोग चलाया जाए। सिब्बल ने कहा, इस मामले में जांच के बिना किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सकता। महज कुछ वीडियो क्लिप और जले हुए नोटों की बातें, जो मीडिया में आई हैं, उन्हें बिना जांच के आधार नहीं बनाया जा सकता।

ये भी तो बताएं कि इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज शेखर यादव के खिलाफ कार्रवाई रुकी क्यों?

एक इंटरव्यू में कपिल सिब्बल ने आरोप लगाया कि सरकार पक्षपात कर रही है। सिब्बल ने सरकार और राज्यसभा के सभापति पर इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर यादव के खिलाफ 55 सांसदों द्वारा हस्ताक्षरित महाभियोग प्रस्ताव पर छह महीने से कोई कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, न्यायमूर्ति यादव का सांप्रदायिक भाषण स्पष्ट है और इसे उन्होंने अस्वीकार नहीं किया। फिर भी, सभापति ने हस्ताक्षरों की जांच के लिए इतना समय क्यों लिया? यह स्पष्ट है कि सरकार इस न्यायाधीश को बचाना चाहती है। सिब्बल ने यह भी सवाल उठाया कि सभापति ने मुख्य न्यायाधीश को न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ इन-हाउस जांच को रोकने के लिए पत्र क्यों लिखा, जबकि न्यायमूर्ति वर्मा के मामले में ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने मांग की कि विपक्ष को न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ महाभियोग प्रक्रिया पहले शुरू करने पर जोर देना चाहिए। सिब्बल ने कहा कि पहले जज यादव के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, उसके बाद ही वर्मा के मामले पर विचार होना चाहिए।

ऐसे महाभियोग नहीं चलाया जा सकता

सिब्बल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की इन-हाउस जांच कोई वैधानिक जांच नहीं है और इसके आधार पर महाभियोग नहीं चलाया जा सकता। उन्होंने कहा, महाभियोग तभी लाया जाना चाहिए जब सांसदों को



जज की कथित गतिविधियों पर पूरा विश्वास हो, जैसा कि हमने जस्टिस दीपक मिश्रा के मामले में किया था। सिब्बल ने यह भी सवाल उठाया कि क्या तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को इन-हाउस रिपोर्ट राष्ट्रपति को भेजनी चाहिए थी। यह संसद का विषय है, न्यायपालिका का नहीं।

## राहत : लगातार तीसरे दिन कोविड संक्रमण के मामलों में आई गिरावट

नई दिल्ली। कोविड के नए वैरिएंट की रफ्तार थमने से राहत मिली है। लगातार तीसरे दिन भारत में कोविड संक्रमण के मामलों में गिरावट आई है। ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि देशभर में एक्टिव केस घटकर 7 हजार से नीचे पहुंच गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने ये नए आंकड़े जारी किए हैं। कोविड संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को सुबह 8 बजे तक के आंकड़े जारी किए हैं। मंत्रालय के मुताबिक देशभर में एक ही दिन में संक्रमण के 428 मामले कम हुए हैं। इससे अब कोविड के एक्टिव मामलों की संख्या घटकर 6836 हो गई है। इसके पहले सोमवार को संक्रमण के मामलों में 119 की गिरावट आई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों में केरल में सबसे ज्यादा कमी आई वहां 261 मामले कम हुए। इसके अलावा गुजरात में 185, दिल्ली में 94, महाराष्ट्र में 28, आंध्र प्रदेश में 18, सिक्किम में 13, असम में 3, तेलंगाना-बिहार-छत्तीसगढ़ और गोवा में एक-एक घटे हैं।

# विदेश मामलों की संसदीय कमेटी की हुई बैठक, शशि थरूर ने दी बड़ी जानकारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की मंगलवार को शाम 4 बजे बैठक की। विदेश मामलों पर संसदीय समिति की बैठक के समापन पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि हमारे पास भारत की हिंद महासागर रणनीति नामक एक विषय पर चर्चा चल रही थी, जो एक विदेश नीति का विषय है, जिसके महत्वपूर्ण रक्षा आयाम हैं। हमें जानकारी देने के लिए रक्षा सचिव और नौसेना भी मौजूद थे। चर्चाएं शानदार रहीं। हमने विभिन्न पहलुओं पर गंभीर चर्चा में ढाई घंटे से अधिक समय बिताया, जिसे आप संसद में प्रस्तुत रिपोर्ट में देखेंगे।

शशि थरूर ने कहा कि हमें नौसेना के उप प्रमुख, रक्षा सचिव और विदेश मंत्रालय के सचिव ईस्ट का साथ पाकर बहुत खुशी हुई। यह एक बहुत ही विस्तृत चर्चा थी। उपस्थित समिति के प्रत्येक सदस्य ने सवाल पूछे... इस चर्चा में भागीदारी की भावना बहुत ही जबरदस्त है। इस बहुत ही व्यापक चर्चा से हमें एक अच्छी रिपोर्ट मिलेगी... इन सभी (ब्लू वॉटर नेवी) पर चर्चा की गई... ब्लू वॉटर नेवी का पूरा विचार, उससे परे हमारी सैन्य क्षमता, हर चीज पर गहन चर्चा की गई। ऑपरेशन



सिंदूर पर चर्चा नहीं हुई, लेकिन उस टकराव के दौरान जो कुछ तत्व स्पष्ट हुए, वे बातचीत में सामने आए। कांग्रेस सांसद शशि थरूर इस समिति के अध्यक्ष हैं। इससे पहले 10 जून को अमेरिका गए सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले थरूर ने कहा था कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ उनकी मुलाकात 'उल्लेखनीय' रही। पत्रकारों से बात करते हुए थरूर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच 'अच्छी बातचीत' हुई और भारतीय प्रतिनिधिमंडल को लगा कि 'इससे बेहतर बैठक नहीं हो सकती थी।' प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान वेंस से मुलाकात की थी।

## भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर भड़के सिद्धारमैया, त्रासदी का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। बेंगलुरु (ईएमएस)। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा भगदड़ को लेकर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया, तभी सिद्धारमैया ने तीखा पलटवार कर भाजपा पर पक्षपातपूर्ण लाभ के लिए त्रासदी का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। सिद्धारमैया ने भाजपा नेताओं को चुनौती दी कि वे पहले अतीत में इसी तरह की घटनाओं के दौरान अपने ही पार्टी सदस्यों द्वारा दिए गए इस्तीफों की सूची पेश करें।



सिद्धारमैया ने कहा कि दुखद भगदड़ की घटना के संबंध में, मैं राज्य के भाजपा नेताओं से अनुरोध करता हूं कि वे हमारे इस्तीफे की मांग करने से पहले अतीत में इसी तरह की घटनाओं के दौरान इस्तीफा देने वाले भाजपा नेताओं की सूची जारी करें। हमारी सरकार ने बेंगलुरु शहर के पुलिस आयुक्त सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है और राज्य खुफिया विभाग के प्रमुख का तबादला किया है। मेरे राजनीतिक सचिव को भी उनके कर्तव्यों से मुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, हमने मामले की गहन जांच करने के लिए सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति जॉन माइकल कुन्हा के नेतृत्व में एक सदस्यीय आयोग का गठन किया है।

सीएम ने कहा कि इसतरह के निर्णायक कदम उठाने के बावजूद, राज्य में भाजपा नेता विरोध प्रदर्शन जारी रखते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि उनके इरादे लोगों के प्रति वास्तविक चिंता से प्रेरित होने के बजाय राजनीतिक हैं। त्रासदियों का राजनीतिकरण करना भाजपा के लिए कोई नई बात नहीं है। मृत्यु, दुर्घटना या हिंसा की हर घटना पर गिद्ध की तरह झपटना उनके डीएनए में समाया हुआ है। यहां तक कि अगर उनके आंगन में एक हाथी भी मर जाता है, तब उन्हें अपने पड़ोसी की थाली में मक्खी पर ध्यान देने की आदत है। कर्नाटक के लोग व्यवहार के इस पैटर्न को समझ चुके हैं। हम हर त्रासदी से प्रभावित परिवारों के दुख और पीड़ा के साथ सहानुभूति रखते हैं।

सिद्धारमैया ने कहा कि हमारी सरकार कर्नाटक के 7 करोड़ लोगों के प्रति जवाबदेह है। इसलिए भगदड़ मामले में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ प्रारंभिक कार्रवाई की गई है। सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में व्यापक और निष्पक्ष जांच की जा रही है।

# क्या भाजपा कुख्यात माफिया दाऊद इब्राहिम को भी पार्टी में शामिल करेगी?: हर्षवर्धन सपकाल



मुंबई (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी मानती है, लेकिन जो पार्टी खुद को शक्तिशाली दिखाने की कोशिश करती है, वह अब किसी को भी पार्टी में शामिल कर रही है। अब तक जिन लोगों पर भाजपा ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, उन्हीं को सम्मानपूर्वक पार्टी में शामिल किया गया और मंत्रीपद भी सौंपा गया। अब तो भाजपा ने सारी सीमाएं पार कर दी हैं। जिस व्यक्ति पर माफिया दाऊद इब्राहिम से संबंध होने का आरोप था, उसी को सम्मानपूर्वक भाजपा में शामिल किया गया। अब क्या भाजपा दाऊद को भी पार्टी में शामिल करेगी? ऐसा तीखा सवाल महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने उठाया है।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि किसे पार्टी में शामिल करना है, यह उस पार्टी का मामला है, लेकिन जब आप हिंदुत्व की बातें करते हैं, तो आपको यह भी सोचना चाहिए कि आप खुद क्या कर रहे हैं। भाजपा विधायक नितेश राणे ने विधानसभा में आरोप लगाया था कि नासिक के सुधाकर बडगुजर ने दाऊद के गुर्गे सलीम कुत्ता के लिए पार्टी रखी थी। उन्होंने विधानसभा में पार्टी में नाचते हुए फोटो भी दिखाए थे और कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन अब वही भाजपा कह रही है कि उन्होंने हिंदुत्व स्वीकार कर लिया है, इसलिए उनका स्वागत है। इसका मतलब कल अगर दाऊद भी हिंदुत्व स्वीकार कर ले, तो क्या भाजपा उसे भी पार्टी में शामिल कर लेगी? भाजपा खुद को 'पार्टी विथ डिफरेंस' कहती है, लेकिन आज यह पार्टी गुंडों, मवालियों और भ्रष्टाचारियों से भर गई है। मुंबई में 1993 के बम धमाकों के आरोपी और दाऊद के साथी इकबाल मिर्ची से जुड़े संपत्ति लेनदेन मामले में जो नाम पूर्व मंत्री प्रफुल्ल पटेल पर लगे, उन्हीं की राष्ट्रवादी पार्टी के साथ भाजपा सत्ता में साझेदार बनी हुई है। भाजपा ने प्रफुल्ल पटेल को 'वॉशिंग मशीन' में डालकर साफ कर दिया है। भाजपा का हिंदुत्व दिखावा है, यह हम लगातार कहते आ रहे हैं, और आज भी वही बात साबित हुई है। हर्षवर्धन सपकाल ने यह भी कहा कि सुधाकर बडगुजर के पार्टी प्रवेश की जानकारी भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और कार्याध्यक्ष को दोपहर तक भी नहीं थी। फिर यह सवाल उठता है कि भाजपा पार्टी को असल में चला कौन रहा है?

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 **A** कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**